राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 सुंदर पिचाई ने ट्रंप को बधाई के लिए किया कॉल, बीच में आ गए.........

भारत के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध ...... 12

वर्ष : 15 | अंक : 216 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# 'मोदी-अदाणी एक हैं तो सेफ हैं', राहुल गांधी ने गिरफ्तारी की उठाई मांग, लगाए आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी को हर जगह भ्रष्टाचार में शामिल बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी एक ही हैं इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। श्री गांधी ने यहां पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अडानी के भ्रष्टाचार को लेकर अमेरिकी अभियोजन एजेंसी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ अमेरिका में कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन भारत में उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड-सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच का भी उल्लेख किया और कहा कि वह भी अडानी से जुड़ी हैं और उनके शेयरों के भाव बढ़ाने में मदद करती हैं इसलिए तमाम आरोपों के बावजूद उनको हटाया नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि अडानी की कार्रवाई नहीं होने से छोटे निवेशकों को बहुत खतरा है। कार्ग्रेस नेता ने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी ने दो हजार करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया है और इसकी जांच अमेरिका में हुई लेकिन हिंदुस्तान में उनके खिलाफ कुछ नहीं होता है इसलिए उनको तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इस मामले में जो भी शामिल है उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि इस मामले की



पूरी पड़ताल होनी चाहिए और इसमें जो भी दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री मोदी भ्रष्टाचार में लिप्त इस उद्योगपति के संरक्षक बने हुए हैं और उनके भ्रष्टाचार को बढावा दे रहे हैं इसलिए अडानी के खिलाफ भारत में कोई कार्रवाई नहीं हो सकती है और उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता क्योंकि श्री मोदी और उनकी सरकार अडानी का बचाव कर रहे हैं। श्री मोदी इसमें शामिल हैं और वह जानते हैं कि यदि अडानी को गिरफ्तार किया गया तो वह भी लपेटे में आएंगे इसलिए इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग दोहराई और कहा कि जेपीसी मामले की जांच करेगी तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा और अडानी को गिरफ्तार किया जा सकेगा।

## 'जिन राज्यों का दस्तावेजों में जिक्र, वहां थी विपक्ष की सरकार', राहुल के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली। अदाणी मामले में कांग्रेस और राहुल गांधी की तरफ से केंद्र की भाजपा सरकार पर लगाए गए आरोपों का पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जवाब दिया। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मामले में कांग्रेस और विपक्ष को घेरते हुए कहा कि अमेरिकी कोर्ट में जो दस्तावेज दिए गए हैं, उनमें इन गड़बड़ियों को 2021 से 2022 के बीच के होने का आरोप लगाया गया है। इस दौरान हुई गड़बड़ियों को चार राज्यों का जिक्र किया गया है। इन राज्यों में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा शामिल हैं। पात्रा ने कहा कि बताए गए दौर में इन चारों राज्यों में न तो भाजपा की सरकार थी और न ही इन राज्यों में भाजपा समर्थित सरकार थी। चारों राज्यों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की सरकारें थीं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ॠराहुल गांधी के पास वही चंद नाम हैं, वही चंद तरीका है। उन्होंने उसी तरह से फिर भाजपा पर आरोप लगाया है। मुझे याद है कि राफेल को लेकर राहुल गांधी इसी तरह खड़े हुए थे। कोरोना के समय में भी वह इसी तरह प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

**संक्षिप्त खबरें**

### के संजय मूर्ति ने कैग पद की शपथ ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री के संजय मूर्ति को गुरुवार को भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडपम में आयोजित किया गया। श्री मूर्ति ने राष्ट्रपति के समक्ष कैग पद की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी प्रस्तुत थे। श्री मूर्ति 1989 बैच के भारतीय प्रशासन सेवा के हिमातल काडर के अधिकारी हैं। वह श्री गिरीश चंद्र मुर्मु का स्थान ले रहे हैं, जो 20 नवंबर को कैग के पद से सेवानिवृत्त हुये।

# प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष कैरेबियाई नेताओं से मुलाकात की, द्विपक्षीय सहयोग पर की चर्चा

जॉर्जटाउन /नई दिल्ली, एजेंसी

जॉर्जटाउन (गुयाना)/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के अवसर पर कैरेबियाई देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री आज सुबह गुयाना पहुंचे। यह 50 वर्षों से अधिक समय में किसी भारतीय राष्ट्र प्रमुख की पहली गुयाना यात्रा है। उन्होंने बुधवार को दूसरे भारत-कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) शिखर सम्मेलन से इतर कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं से मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। राष्ट्रपति का स्वयं भारत के साथ प्रगाढ़ संबंध है। दोनों नेताओं ने कौशल विकास, क्षमता निर्माण, कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय विकास सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने कहा, भारत हमेशा बुनियादी ढांचे, शिपिंग, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में गुयाना के लिए एक विश्वसनीय साझेदार रहेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसी पहलों के लिए कैरेबियाई राष्ट्र के समर्थन को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया




मोटली से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बैठक में बारबाडोस की प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश की सहायता में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत-बारबाडोस संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता को सराहा तथा प्रधानमंत्री को मानद ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार से सम्मानित करने के अपनी सरकार के फैसले की घोषणा की। यह पुरस्कार 30 नवंबर को बारबाडोस में प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, इस उच्च स्तरीय बैठक ने दोनों नेताओं को भारत-बारबाडोस संबंधों में नई जान डालने और उन्हें मजबूत करने का अवसर प्रदान किया, साथ ही स्वास्थ्य एवं फार्मा तथा संयुक्त राष्ट्र में सहयोग सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने बहामास के अपने समकक्ष फिलिप डेविस से भी मुलाकात की और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन कार्रवाई एवं हरित साझेदारी पर केंद्रित सार्थक चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन से इतर मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो के प्रधानमंत्री कीथ रोले से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत के प्रमुख यूपीआई प्लेटफॉर्म को अपनाने के लिए डॉ. रोले को बधाई दी। विदेश मंत्रालय ने एक अलग पोस्ट में कहा, नेताओं ने डिजिटल परिवर्तन, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, परिवहन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं की उपस्थिति में त्रिनिदाद और टोबैगो में एकीकृत स्वचालित फल एवं सब्जी प्राथमिक प्रसंस्करण गतिविधियां स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन का भी आदान-प्रदान हुआ। मोदी ने सूरीनाम के राष्ट्रपति चान संतोखी से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की तथा आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा, उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं वाणिज्य, कृषि, यूपीआई, आईसीटी, स्वास्थ्य सेवा, पारंपरिक चिकित्सा और फार्मास्यूटिकल्स, क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव के साथ डिजिटल पहलों सहित द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने डोमिनिका के अपने समकक्ष रूजवेल्ट स्केरिट से भी मुलाकात की, जिन्हें उन्होंने देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। डोमिनिका ने कोविड-19 महामारी के दौरान कैरेबियाई राष्ट्र में उनके योगदान और द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने के प्रति समर्पण को लेकर मोदी को अपना शीर्ष पुरस्कार प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, नेताओं ने जलवायु अनुकूल, स्वास्थ्य सेवा, क्षमता निर्माण और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तलाशे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में सहयोग पर भी चर्चा की। मोदी ने एंटीगुआ और बारबुडा के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन के साथ भी बैठक की। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री ने चौथे एसआईडीएस (लघु द्वीप विकासशील देश) सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री ब्राउन को बधाई दी। प्रधानमंत्री ब्राउन ने शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत सात स्तंभों वाली कैरिकॉम योजना की सराहना की। नेताओं ने व्यापार और निवेश, एसआईडीएस के लिए क्षमता निर्माण और जलवायु परिवर्तन कार्रवाई के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ब्राउन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन से इतर सेंट लूसिया के प्रधानमंत्री फिलिप जे पियरे से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने क्षमता निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, क्रिकेट और योग के क्षेत्र में सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा भारत-सेंट लूसिया द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री ने भारत और कैरेबियाई समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए सात प्रमुख स्तंभों का प्रस्ताव रखा और कहा कि भारत इन संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य में उत्कल केशरी महताब के योगदान की सराहना की



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हरेकृष्ण महताब की सराहना की और कहा कि वह एक प्रेरणादायक नेता थे जिनकी विरासत भविष्य में लोगों को प्रेरित करती रहेगी। महताब की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में उनकी साहित्यिक कृतियों का भी जिक्र किया, जिसे उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम संघर्ष के समय जेल में रहने के दौरान लिखा था। राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य में उत्कल केशरी के नाम से लोकप्रिय महताब को महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरू किए गए नमक सत्याग्रह में भाग लेने के कारण जेल भेजा गया था। मुर्मू ने कहा कि 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें फिर से अन्य राष्ट्रवादी नेताओं के साथ जेल में डाल दिया गया। उन्होंने बताया कि अहमदनगर किला जेल में उन्होंने लंबा समय बिताया। इस दौरान महताब और अन्य नेताओं ने जेल को एक शिक्षण केंद्र में बदल दिया। उन्होंने कहा कि जेल में रहने के दौरान उन्होंने कई कविताएं, कहानियां और उपन्यास तथा उड़ीसा इतिहास नामक पुस्तक भी लिखी। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी विरासत और साहित्यिक तथा पत्रकारिता संबंधी कार्य लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधान ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि ओडिशा सरकार ने महताब की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वर्ष भर समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। 21 नवंबर 1899 को तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी के अगरपारा में जन्मे महताब एक बहुमुखी नेता थे, जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, इतिहासकार, लेखक, समाज सुधारक और पत्रकार के रूप में कई जिम्मेदारियां निभाईं। कटक से सांसद और हरेकृष्ण महताब के पुत्र भर्तृहरि महताब भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# महाराष्ट्र में 26 नवंबर को महा विकास अघाड़ी की सरकार शपथ लेगी : महेश तपासे

मुंबई, एजेंसी

मुंबई। झारखंड और महाराष्ट्र में आए एग्जिट पोलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रवक्ता महेश तपासे ने महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सरकार बनने का दावा करते हुए नतीजे आने से पहले ही सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख भी तय कर दी। महेश तापसे ने कहा, लोकसभा के चुनाव के बाद भी एग्जिट पोल आए। सारे के सारे एग्जिट पोल भाजपा का बहुमत 400 पार बता रहे थे। लेकिन 400 पार का आंकड़ा भारतीय जनता पार्टी नहीं पार कर पाई। इस बार भी महाराष्ट्र में जो एग्जिट पोल बता रहे हैं उसके विपरीत परिणाम आने वाले हैं। महाराष्ट्र में 26 नवंबर को महा विकास अघाड़ी की सरकार शपथ लेगी। यह बात तय है। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने भी महा विकास अघाड़ी गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया था। उन्होंने कहा, एग्जिट पोल में कुछ ह्यमहा विकास अघाड़ी के पक्ष में कुछ महायुति के पक्ष में आ रहे हैं। एग्जिट पोल पर हम कोई प्रश्न चिह्न नहीं खड़ा करना चाहते। लेकिन हमने हरियाणा में एग्जिट पोल को गलत होते देखा है। उससे पहले मध्य प्रदेश और राजस्थान में हर जगह कांग्रेस को बहुमत दिखाया जा रहा था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई। ऐसे ही लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत का प्रचंड आंकड़ा दिखाया जा रहा था, वह भी नहीं मिला। एग्जिट पोल पर भरोसा करना है या नहीं यह हम जनता पर छोड़ते हैं, लेकिन महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सरकार बनेगी। वहीं, शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा, अब बहुत सारे एग्जिट पोल आने लगे हैं। किस पर विश्वास किया जाए इस पर शंका होती है। एग्जिट पोल और असली आंकड़ों में कई बार बहुत फर्क होता है। हमने हरियाणा में देखा क्या हुआ। उससे पहले मध्य प्रदेश और राजस्थान को देखा। इन जगहों पर नतीजा एग्जिट पोल के विपरीत था। इस पर कितना विश्वास किया जाए यह सोचने वाली बात है। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की 160-170 सीटें आएंगी।

# केन्द्रीय मंत्री ने गया में करोड़ों रुपए की योजनाओं की दी सौगात

गया, एजेंसी

गया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को बिहार के गया में करोड़ों रुपए की कई योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकापर्ण किया। श्री गडकरी ने गया-डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर मगध विश्वविद्यालय के समीप नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लिए केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार विशेष व्यवस्था कर रही हैं। बिहार में सड़कों का जाल बिछेगा। उन्होंने इस मौके पर गया, पटना एवं बिहार की अन्य जिलों में कई रेलवे ओवरब्रिज बनाने की घोषणा की। इसके अलावा कई किलोमीटर तक सड़क बनाने की भी घोषणा की। आने वाले समय में बिहार की तस्वीर बदल



जाएगी। बिहार के विभिन्न जिलों से पटना तक जाने में कम समय लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज देश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। **बेतिया में गंढक नदी पर फोरलेन :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा की मांग पर पश्चिम चंपारण के बेतिया में गंढक नदी पर फोरलेन बनाया जाएगा। इसके अलावा बिहार में ग्रीन एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बनारस-सारनाथ से वाया डोभी होते हुए बोधगया तक सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है। **राजौरी से बख्तियारपुर तक फेज तीन की सड़क का उद्घाटन :** श्री गडकरी ने कहा कि राजौरी से बख्तियारपुर तक फेज तीन की सड़क का उद्घाटन हुआ है। वहीं फेज एक के तहत बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी किया गया है। इससे पूर्व श्री गडकरी बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में मगध विश्वविद्यालय और भारतीय आर्थिक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 22वां बिहार आर्थिक परिषद सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री अशोक चौधरी, डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व सांसद सुशील सिंह, हरि मांझी, पूर्व विधायक श्याम देव पासवान, मगध यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसपी शाही सहित कई लोग मौजूद थे।

# 20.4 करोड़ घरेलू राशन कार्डों का हुआ डिजिटलीकरण : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने हाल ही में जानकारी दी कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 80.6 करोड़ लाभार्थियों को कवर करने वाले सभी 20.4 करोड़ परिवारों के राशन कार्ड डिजिटल कर दिए गए हैं। इसमें 99.8 प्रतिशत राशन कार्ड और 98.7 प्रतिशत व्यक्तिगत लाभार्थियों को आधार से जोड़ा गया है, ताकि डिलिवरी सिस्टम में मौजूद खामियों को दूर किया जा सके। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वन नेशन वन राशन कार्ड पहल के तहत राशन कार्ड की राष्ट्रीय पोर्टेबिलिटी ने देश के किसी भी हिस्से में मौजूद सभी लाभार्थियों को उसी मौजूदा राशन कार्ड के जरिए मुफ्त खाद्यान्न की नियमित उपलब्धता और पहुंच सुनिश्चित की है। देश में लगभग सभी उचित मूल्य की दुकानों को कवर करते हुए 5.33 लाख ई-पीओएस डिवाइस के जरिए खाद्यान्न वितरण हो रहा है। ये ई-पीओएस डिवाइस वितरण प्रक्रिया के दौरान लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण को सक्षम करते हैं। आज आधार प्रमाणीकरण का उपयोग कुल खाद्यान्न के लगभग 98 प्रतिशत को वितरित करने, अयोग्य लाभार्थियों को हटाने और चोरी के किसी भी जोखिम को कम करने के लिए किया जाता है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) संगठन के सभी स्तरों पर एंड-टू-एंड ऑपरेशन और सर्विस, सेंट्रल फूड प्रोक्योरमेंट पोर्टल के विकास, मिलों को डिपो के साथ टैग करने के लिए वेयरहाउस इन्वेंट्री नेटवर्क और गवर्निंग सिस्टम एप्लिकेशन का कार्यान्वयन, एफसीआई में स्टैक स्पेस का आवंटन, खाद्य खेप की ऑनलाइन रियल-टाइम ट्रैकिंग के लिए व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम का रेलवे के साथ इंटीग्रेशन और सभी एफसीआई गोदामों का वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी रजिस्ट्रेशन के लिए सप्लाई चेन मैनेजमेंट सिस्टम को भी अपनाया और इंटीग्रेट किया गया है। सरकार ने ईकेवाईसी की प्रक्रिया के माध्यम से सही लक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए भी व्यापक कदम उठाए हैं, जो लाभार्थियों की पहचान उनके आधार और राशन कार्ड विवरण के साथ सत्यापित होता है जिससे अपात्र लाभार्थी बाहर हो जाते हैं। सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली लाभार्थियों में से 64 प्रतिशत का ईकेवाईसी किया गया है जबकि शेष लाभार्थियों के ईकेवाईसी पूरा करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। लाभार्थियों की सुविधा के लिए विभाग ने देश भर में किसी भी उचित मूल्य की दुकान (राशन की दुकान) पर लाभार्थी के ईकेवाईसी की सुविधा प्रदान की है। डिजिटलीकरण और आधार सीडिंग के कारण राशन कार्डों की डुप्लीकेशन खत्म हो गई है और लगभग 5.8 करोड़ राशन कार्ड पीडीएस सिस्टम से हटा दिए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि केवल पात्र व्यक्ति ही पीएमजीकेएवाई/एनएफएसए में शामिल हों।

**सम्मेलन** वशेष रूप से आसियान क्षेत्र हमेशा से आर्थिक रूप से गतिशील रहा..................

# संघर्षों के समाधान के लिए शांतिपूर्ण बौद्ध सिद्धांतों को अपनाना आवश्यक है : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को लाओस में क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि दुनिया को अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के समक्ष जारी संघर्षों और चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए बौद्ध सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सम्मेलन में चीन के डोंग जून सहित कई देशों के उनके समकक्षों की उपस्थिति में कहा कि भारत ने जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान के लिए हमेशा से संवाद की वकालत की है तथा सीमा विवादों से लेकर व्यापार समझौतों तक, अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को लेकर अपना दृष्टिकोण जाहिर किया है। रक्षा मंत्री ने लाओस की राजधानी विएंतियान में 10 देशों के संगठन आसियान समूह और उसके कुछ वार्ता साझेदारों के सम्मेलन में ये टिप्पणी की। उन्होंने कहा, विश्व तेजी से गुटों और खेमों में बंटता जा रहा



है, जिससे स्थापित विश्व व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। इसलिए समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों को सभी लोग और अधिक गहराई से अपनाएं। उन्होंने कहा, इन सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत ने जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान के लिए सदैव बातचीत की वकालत की है और इसे अपनाया भी है। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि खुले संवाद और शांतिपूर्ण वार्ता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, सीमा विवादों सहित कई अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के प्रति उसके दृष्टिकोण से स्पष्ट होती है। उन्होंने आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ) रक्षा मंत्रियों की बैठक आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस (एडीएमएम-प्लस) समूह के सम्मेलन में कहा, खुली बातचीत विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देती है तथा स्थायी साझेदारी की नींव रखती है। बातचीत की ताकत हमेशा प्रभावी साबित हुई है, जिसके ठोस परिणाम सामने आए हैं जो वैश्विक मंच पर स्थिरता और सद्भाव में योगदान करते हैं। हिंद-प्रशांत को लेकर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि के लिए आधारशिला के रूप में 10 देशों के आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारता है। उन्होंने कहा, दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता पर जारी चचाओं के संबंध में भारत एक ऐसी संहिता देखना चाहेगा, जिससे उन देशों के वैध अधिकारों और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े, जो इन चचाओं में पक्षकार नहीं हैं। दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता पर उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत की पृष्ठभूमि में विभिन्न देश इस संबंध में आचार संहिता की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। चीन इस आचार संहिता का दृढ़ता से विरोध करता है। सिंह ने कहा, यह संहिता अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून 1982 के बिल्कुल अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, बेरोकटोक वैध वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का पक्षधर रहा है। दक्षिण चीन सागर हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्त्रोत है। समूचे दक्षिण चीन सागर पर चीन के व्यापक दावों को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ रही हैं। वियतनाम, फिलीपीन और ब्रुनेई सहित क्षेत्र के कई देश भी दक्षिण चीन सागर को लेकर अपने अपने दावे करते हैं। जटिल चुनौतियों के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक समस्याओं का वास्तविक और दीर्घकालिक समाधान तभी प्राप्त किया जा सकता है जब देश रचनात्मक रूप से जुड़ेंगे, एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करेंगे तथा सहयोग की भावना से साझा लक्ष्यों की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में लाओस में मिल रहे हैं जब विश्व के विभिन्न भागों में संघर्ष जारी हैं और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के समक्ष चुनौतियां हैं। लाओस ने लंबे समय से अहिंसा और शांति के बौद्ध सिद्धांतों को आत्मसात किया है। सिंह ने तर्क दिया कि बौद्ध धर्म न केवल लोगों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व बल्कि प्रकृति के साथ लोगों के सह-निवास का भी आदर्श विचार प्रदान करता है। उन्होंने कहा, अपने पूरे जीवन में बुद्ध प्रकृति के करीब रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना फिटनेस दौड़ रहीं दो स्कूली बसों सहित सात वाहन सीज

**देहरादून, एजेंसी।** शहर की सड़कों पर अधूरे कागजों के साथ दौड़ रहीं दो स्कूली बसों सहित सात वाहनों को परिवहन विभाग की टीम ने सीज कर दिया। इसके अलावा नियमों के उल्लंघन पर 75 वाहनों के चालान भी काटे।

बुधवार को परिवहन विभाग की टीम ने शिमला बाईपास, आईएसबीटी, कारगी चौक और प्रेमनगर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने कुल सात वाहन सीज किए। इनमें बिना फिटनेस दौड़ रहीं दो स्कूली बसें भी शामिल हैं। एआरटीओ राजेंद्र विराटिया ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही रही है। बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह के वाहनों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।पिछले कुछ दिनों में राजधानी में हुई सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग सतर्क हो गया है। ऐसे में विभाग की टीम स्कूली वाहनों के दस्तावेज का सत्यापन भी कर रही है। कागज पूरे न होने पर उन्हें संचालन से बाहर करने के सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं।

### नालापानी और नेहरूग्राम ने जीता हैंडबाल का फाइनल

**देहरादून, एजेंसी।** खेल महाकुंभ के तहत रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश विभिन्न जिलों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। हैंडबाल अंडर-20 बालिका वर्ग का फाइनल मैच माउंट लिट्रा जी स्कूल और नालापानी के बीच खेला गया। नालापानी ने माउंट लिट्रा को हराकर खिताबी जीत हासिल की। अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल में नेहरूग्राम ने बीरपुर को हराया।खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग और मुर्गा झपट समेत कई खेलों में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान टेबल टेनिस अंडर 20 बालिका वर्ग में माही, अंडर 14 बालक वर्ग में युगवर्धन, आदित्य, अनंत, अंडर 17 बालक वर्ग में अर्पित, ऋषभ, अजय, अंडर 20 बालक वर्ग में अकाल, आदित्य, मोहित और मयंक ने जीत हासिल की है। जबकि ताइक्वांडो में अंडर 14 बालिका वर्ग में वृद्धि जोशी, उन्नति, रिद्धिमा, अंशिका चौहान और तनवी भट्ट विजेता रहीं। बॉक्सिंग स्पर्धा में अंडर 14 बालिका वर्ग में अवंतिका, मनीषा, वंशिका, रेट कुमार, कोमल, बबनीत कौर और स्वामी रावत प्रथम स्थान पर रहीं। इसके अलावा पारंपरिक खेलों में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

### विद्युत कनेक्शन हस्तांतरित कराने का आरोप, दंपती पर मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** पीड़ित ने एक युवक व उसकी पत्नी पर अधिकृत भूखंड पर लगे विद्युत कनेक्शन को फर्जी हस्ताक्षर व शपथपत्र तैयार कर अपने नाम पर हस्तांतरित कराने का आरोप लगाया है। पटेलनगर पुलिस ने मामले में दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भंडारीबाग निवासी पीड़ित महीपाल धीमान ने बताया कि देहराखास में लक्ष्मण विद्यालय हायर सेकेंडरी की भूमि का अधिकृत प्रमाणपत्र विद्यालय की ओर से उन्हें दिया गया है। आरोपी सालिक अपनी पत्नी व अन्य लोगों के साथ दिसंबर 2023 में उनके साथ मारपीट करते हुए दस्तावेज व नकदी लूट ली थी। दिसंबर 2023 को वह अपनी संपत्ति पर लगे विद्युत कनेक्शन का बिल जमा करने गए थे।वहां जाकर उन्हें पता लगा कि आरोपियों ने एकराय होकर फर्जी हस्ताक्षर व शपथपत्र बनाकर विद्युत कनेक्शन को अपने नाम पर हस्तांतरित करा लिया है।

### अब पता चलेगा, वन गुज्जरों के पास कितने पशु

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कुमाऊंभर में 452 कर्मचारियों और 89 पर्यवेक्षकों ने 21वीं पशुगणना शुरू कर दी है। पहली बार खत्तों में बसे वन गुर्जरों के पशुओं की गणना भी की जा रही है।

मोबाइल एप के माध्यम से नवंबर से शुरू हुई पशुगणना फरवरी तक चलेगी। इसमें गाय-भैंस, भेड़-बकरी, कुत्ते, घोड़े, खरगोश, सुअर, हाथी आदि पशुओं की गिनती की जाएगी। पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डॉ. उदय शंकर का कहना है कि इस बार वन गुर्जरों के पशुओं की गणना भी हो रही है। इससे पशुओं की संख्या में पिछले वर्षों के मुकाबले इजाफा होने की उम्मीद है। वर्ष 2019 की गणना के अनुसार सभी जिलों में करीब 10,19,961 पशुपालक परिवार हैं।

# नैनीताल में क्रिसमस-नववर्ष पर सड़कों पर नहीं होगा जाम! प्रशासन ने तैयार किया नया यातायात प्लान



**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल में इस साल क्रिसमस और नववर्ष के सीजन के दौरान बंपर भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन समेत अन्य संबंधित विभागों ने इस सीजन के दौरान होने वाली भीड़-भाड़ को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसके लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया और आगामी सीजन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में तय किया गया कि इस बार दिसंबर के पहले सप्ताह से ही नैनीताल में विशेष यातायात प्लान लागू कर दिया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी 20 दिसंबर के बाद विशेष यातायात व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब इसे पहले सप्ताह से लागू करने का निर्णय लिया गया है ताकि भीड़ बढ़ने पर किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान पहले से किया जा सके।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस बार रूसी बाइपास पर वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था की जाएगी। यहां पार्क किए गए वाहनों के चालकों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के लिए खाने-पीने, रहने और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। हालांकि, हर साल की तरह भीड़ बढ़ने के दौरान व्यवस्था में कुछ खामियां आ जाती हैं, इसलिए प्रशासन ने यह निर्णय लिया कि पहले सप्ताह से ही सभी व्यवस्थाएं शुरू कर दी जाएं, ताकि अगले वीकेंड (शनिवार और रविवार) को उत्पन्न होने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके।

इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण कदम के तहत शटल सेवा का संचालन शनिवार और रविवार को अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह सेवा उन पर्यटकों के लिए होगी जिनकी गाड़ियां बाइपास पर पार्क की जाएंगी और वे शटल के माध्यम से मुख्य शहर तक पहुँच सकेंगे। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि बिना एडवांस बुकिंग के आने वाले पर्यटक वाहनों को बाइपास पर ही पार्क किया जाए, ताकि मुख्य शहर में ट्रैफिक की भीड़ न बढ़े।

इस बैठक में एसडीएम प्रमोद कुमार, कोतवाल उमेश मलिक, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी, और अन्य विभागों के जिम्मेदार लोग भी मौजूद थे। उन्होंने सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया और एक प्रभावी योजना बनाई ताकि इस सीजन में पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी कोई परेशानी न हो। प्रशासन की यह पहल निश्चित रूप से नैनीताल के पर्यटन सीजन के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

## बदरीनाथ में पर्याप्त सीवेज प्लांट के दावे की एनजीटी ने खोली पोल, कहा- दी केवल मौखिक जानकारी

**देहरादून, एजेंसी।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बदरीनाथ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की पर्याप्त व्यवस्था को केवल मौखिक दावा करार किया है। एनजीटी ने कहा कि शहरी विकास विभाग ने इस संबंध में कोई ठोस आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं।

इस दौरान बेंच ने कहा कि वर्चुअल रूप से उपस्थित सचिव शहरी विकास ने बदरीनाथ में पर्याप्त एसटीपी होने का कोई ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं कराया है। केवल इसके लिए मौखिक प्रयास किया गया है।

बेंच ने इसके साथ ही यहां बनाई गई नालियों और इनकी प्लांट से सीवेज ले जाने की धारण क्षमता की भी जानकारी मांगी है। साथ ही, नदी में गिर रहे अनुपचारित सीवेज, एसटीपी की धारण क्षमता और एसटीपी से उपचारिज जल के विषय में सेंपल एनालिसिस रिपोर्ट भी देने को कहा है।



एनजीटी ने सचिव शहरी विकास नितेश झा को बदरीनाथ धाम में पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या के दौरान उत्पन्न होने वाले सीवेज के आंकड़े प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही, एनजीटी ने सुनवाई में सचिव वन के वर्चुअल रूप से उपस्थित न होने पर भी असंतोष जताया है।

बदरीनाथ में पर्याप्त संख्या में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट न होने के कारण गंगा में प्रदूषित जल के जाने के मामले में एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, सदस्य जस्टिस अरुण कुमार त्यागी व सुधीर अग्रवाल की बेंच ने सुनवाई की।

एनजीटी ने कहा कि अधिकारी सीवेज की उत्पत्ति को मापने वाले तरीके के बारे में जानकारी साझा करें। सचिव वन के अनुपस्थित रहने पर असंतोष जताते हुए कहा कि सचिव सुनवाई में वर्चुअल रूप से उपस्थित नहीं हुए और न ही उन्होंने इसके लिए कोई आवेदन किया।

## विदेशी छात्रा से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार, सूडान का रहने वाला है आरोपी

**देहरादून, एजेंसी।** दून के एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ रही छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपित विदेशी छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते माह एक पार्टी के बाद आरोपित ने निजी हास्टल में छात्रा के कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित मूल रूप से सूडान का रहने वाला है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

क्लेमेनटाउन थानाध्यक्ष दीपक धारीवाल ने बताया कि पीड़ित छात्रा के बयान और साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को आरोपित मूसा उर्फ मोजेस लाडू जेम्स निवासी सूडान को क्लेमेनटाउन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम को विदेशी छात्र को बिना पुलिस को सूचना दिए अपने यहां रुकवाने की जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर फ्लैट स्वामी के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है।

पार्टी के बाद हॉस्टल पहुंची थी युवती थानाध्यक्ष ने बताया कि एक विश्वविद्यालय में बीकॉम द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही छात्रा ने शिकायत दी थी कि बीते 29 अक्टूबर की शाम को वह विश्वविद्यालय में आयोजित एक पार्टी के बाद हास्टल आकर अपने कमरे में सो गई। आरोप है कि इसी दौरान विवि में बीबीए के छात्र मूसा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने देहरादून में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई और 30 अक्टूबर को वह दिल्ली के कश्मीरी गेट पुलिस स्टेशन में तहरीर देने पहुंच गई।

पीड़िता की मेडिकल जांच अरुणा आसफ अली अस्पताल, दिल्ली में की गई। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआइआर दर्ज कर इसे देहरादून स्थानांतरित किया। पीड़ित छात्रा भी अभी देहरादून में है, लेकिन घटना के बाद से उसकी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं है। वह एक निजी अस्पताल से उपचार ले रही है। पुलिस के अनुसार, छात्रा दक्षिण अफ्रीका की रहने वाली है और उसने अगस्त 2022 में यहां दाखिला लिया था।

वहीं एक अन्य तीन वर्ष पुराने दुष्कर्म मामले में 13 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित मकान मालिक युवक को पोक्सो की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## गन्ने की फसल को हाथियों ने रौंदा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** बडकोट वन रेंज की सीमा से सटे माजरी ग्रांट ग्राम पंचायत में पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को निशाना बना रहा है। देर रात जीवनवाला की ओर से माजरी के डंबर चौक की ओर जाखन नदी के आसपास के इलाकों में खेतों में खड़ी गन्ने की फसल हाथियों ने रौंद डाली। हाथियों का झुंड आबादी क्षेत्रों में भी सक्रिय हो गया है। ग्राम प्रधान अनिल पाल ने बताया कि बीती रात हाथियों ने किसान रघुवीर सिंह खरोला, जगदीश खरोला, दिगंबर सिंह, अश्वनी और नाथू सिंह आदि किसानों की कई बीघा गन्ने की फसलों को रौंद डाला। हाथियों की आवाजाही अधिक बढ़ने से ग्रामीणों को जान माल के नुकसान का भय सता रहा है। विभागीय स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने से किसानों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने कहा कि जल्द हाथियों की समस्या से निजात नहीं मिली तो आंदोलन किया जाएगा।

## नवंबर में हेमकुंड साहिब बर्फविहीन, बदरीनाथ में भी बर्फ नहीं, मौसम में आए बदलाव का दिख रहा असर



**देहरादून, एजेंसी।** नवंबर माह में भी हेमकुंड साहिब बर्फविहीन है। बदरीनाथ में भी बर्फ नहीं दिखाई दे रही है। जबकि इस माह धामों में पहाड़ियां बर्फ से लकदक रहती थी।

मौसम में आए बदलाव का असर उच्च हिमालयी क्षेत्रों में साफ दिख रहा है। अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में होने के बावजूद नवंबर माह में हेमकुंड साहिब इन दिनों बर्फविहीन है। यहां की चोटियों पर भी बर्फ नजर नहीं आ रही है। हेमकुंड साहिब का निरीक्षण कर लौटे गुरुद्वारे के सेवादार ने यह जानकारी दी।

गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया, नवंबर माह समाप्त होने वाला है, लेकिन अभी तक हेमकुंड साहिब में बर्फ नहीं है। कपाट बंद होने के दिन यहां हल्की बर्फ गिरी थी, लेकिन उसके बाद से बर्फबारी नहीं हुई है।

उत्तरकाशी जनपद में गंगोत्री धाम से लगी चोटियां अभी तक बर्फ विहीन हैं। यमुनोत्री धाम के आसपास की चोटियों सप्त ऋषि कुंड व बंदरपूंछ में नाममात्र की बर्फ है। कालिंदी पर्वत गरुड़ टाप, छोटा कैलाश, भीथाच, बंगाणी क्षेत्र बर्फ विहीन हैं। वहीं बदरीनाथ धाम की नीलकंठ, नर नारायण, माता मूर्ति मंदिर की शीर्ष चोटी के साथ ही वसुधारा ट्रेक बर्फ विहीन है। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ, तुंगनाथ, मदमहेश्वर, कालीशिला, हरियाली डांडा, टँगनी बुग्याल, बेदनी बुग्याल, पौड़ी व ग्वालदम के ऊपरी क्षेत्र में बर्फ नहीं है। इसके अलावा केदारनाथ से आठ किमी ऊपर स्थित वासुकीताल में भी अभी बर्फ नहीं है।

## अल्मोड़ा के राजकीय अस्पताल में संयुक्त मजिस्ट्रेट ने किया औचक निरीक्षण, सीएमएस को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा रानीखेत राजकीय अस्पताल में संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनन्द ने औचक निरीक्षण किया। संयुक्त मजिस्ट्रेट के अचानक अस्पताल में पहुंचते ही संचालकों सहित अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट ने अग्निशमन अधिकारियों के साथ अग्निशमन यंत्रों को जांचा परखा। वहीं, संयुक्त मजिस्ट्रेट ने अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर नाराजगी भी जताई। इसी के साथ ही मजिस्ट्रेट ने अस्पताल के सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है।



संयुक्त मजिस्ट्रेट अस्पताल पहुंचते ही सीएमएस डॉ0 संदीप दीक्षित के रूम में गए। लेकिन सीएमएस मौके पर नहीं मिले। इसके चलते उन्होंने उपस्थिति पंजिका चेक की पंजिका में गड़बड़ी मिलने पर सीएमएस को बुलाया और जानकारी ली। वहीं, उन्होंने अग्निशमन यंत्रों की जांच की और अग्निशमन के अधिकारियों से उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिस पर अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि एक माह पहले डीसीपी स्टिंग यूजर को बदलने के लिए कहा गया था। लेकिन ये अभी तक नहीं बदले गए हैं। इसी के साथ ही संयुक्त मजिस्ट्रेट ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था और बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर नाराजगी जताई है। और सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ का ड्यूटी चार्ट रूम के बाहर लगाने को कहा। जिससे मरीजों को परेशानी न हो। इस दौरान मजिस्ट्रेट ने आयुष्मान केंद्र की भी जानकारी ली और दवा का स्टोर भी चेक किया।

संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि झांसी में जो अग्निकांड हुआ है। इसी क्रम में अस्पताल में अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था को लेकर अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ व्यवस्थाएं ठीक मिली ,लेकिन अस्पताल में सफाई व्यवस्था सहित कई खामियां भी मिली है। जिसे लेकर सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## बैरागी कैंप में गंगा किनारे बने चेंजिंग रूम में लगी आग, अंदर सो रहा एक व्यक्ति जिंदा जला

**हरिद्वार, एजेंसी।** बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि कनखल श्मशान घाट के सामने बैरागी कैंप में गंगा के किनारे बने चेंजिंग रूम में आग लग गई है। पुलिस ने देखा तो वहां व्यक्ति जिंदा जल चुका था।

कनखल थाना क्षेत्र में श्मशान घाट के सामने चेजिंग रूम के अंदर आग लगने से वहां सो रहा एक व्यक्ति जिंदा जल गया। बताया जा रहा है कि वह भीख मांगकर गुजारा करता था और चेंजिंग रूम में ही सोता था। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि कनखल श्मशान घाट के सामने बैरागी कैंप में गंगा के किनारे बने चेंजिंग रूम में आग लग गई है। सूचना पर एसओ मनोज नौटियाल, जगजीतपुर चौकी प्रभारी चरण सिंह चौहान और मायापुर से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो एक व्यक्ति का शव जला हुआ पड़ा था।

थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है।

## पुलिस ने असलाह बनाने वाली फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, अवैध हथियारों के साथ जिंदा कारतूस बरामद; आरोपी गिरफ्तार

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर में संचालित एक बड़ी अवैध असलाह बनाने वाली फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इसके चलते पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध असलाह और असलाह बनाने के उपकरण के साथ एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है।

उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र ने बताया कि लंबे समय से गदरपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित असलाह फैक्ट्री में अवैध असलाह बनाया जा रहा था। वहीं, असलाह तैयार करने के बाद उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में सप्लाई किया जा रहा था। साथ ही अवैध असलाह को ऊंचे दामों में बेचा जा रहा था। इस मामले के बारे में पुलिस के आला अधिकारियों को सूचना मिलते ही उन्होंने क्षेत्राधिकारी बाजपुर के नेतृत्व में



पुलिस टीम का गठन किया। जहां गदरपुर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने उक्त अवैध असलाह फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई कर फैक्ट्री संचालक थाना केलाखेड़ा निवासी शातिर बदमाश इंद्र सिंह पुत्र दर्शन सिंह को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ ही फैक्ट्री में बड़ी तादाद में अवैध असलाह जिसमें 04 देसी तमंचे 312 बोर के, 03 तमंचे 12 बोर के, बंदूक, पोनिया बंदूक समेत जिंदा कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं। वहीं, मामले का खुलासा करते हुए जिले के पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्र ने कहा कि पुलिस ने इस बड़ी अवैध असलाह फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर बदमाशों की कमर तोड़ दी है। बताया गया कि मामले में लिप्त फैक्ट्री संचालक को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने के साथ-साथ फैक्ट्री संचालक के सहयोगी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## अब विश्वविद्यालयों में भी होगा एक दिन बैग फ्री डे-डॉ. धन सिंह

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दीक्षांत समारोह में कहा कि अब उत्तराखंड के विश्वविद्यालयों में भी एक दिन बैग फ्री डे होगा। इस दिन छात्र-छात्राएं अपनी अन्य रुचियों वाली गतिविधियों में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही क्षेत्रीय भाषा के लिए भी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्राओं को कुछ कार्य दिया जाएगा, जिससे अपने विवि की ब्रांडिंग कर सके।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य नई ऊंचाइयां छू रहा है। सभी विश्वविद्यालयों को आदेश दे दिए गए हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए हम अपने विश्वविद्यालयों में क्या अच्छा कर सकते हैं। इसके लिए कार्ययोजना तैयार करनी है। डॉ. रावत ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय एक प्राइमरी स्कूल और पांच गांवों को गोद ले रहे हैं। हर कॉलेज को तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा। अभी तक साढ़े 7 हजार कॉलेज तंबाकू मुक्त हो गए हैं। डॉ. रावत ने कहा कि श्रीदेव सुमन विवि काफी बड़ा विवि हो गया है। इसमें 217 कॉलेज व तीन परिसर हो गए हैं। विवि में एक लाख 18 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पूरे प्रदेश में करीब 45 दिनों में सभी दीक्षांत समारोह संपन्न हो रहे हैं। सबसे बड़ी खुशी की बात है कि पूरे प्रदेश में दीक्षांत समारोह का एक गणवेश हो गया है। हालांकि इसके लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा। कहा कि विशेषकर गणवेश की टोपी को लेकर काफी बातें हुई। दीक्षांत समारोह की टोपी को डिजाइन करने में पूरे छह माह लगे। टोपी में गढ़वाल व कुमाऊं रेजिमेंट की पट्टी लगाई गई है। इसके अलावा इस पर राज्य पुष्प ब्रह्म कमल की प्रतिकृति भी लगाई गई है। इस टोपी को प्रधानमंत्री ने पूरे देश में प्रसिद्धि दिलाई। राज्यपाल राज्यपाल ले. जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड राज्य पूरे देश में विशिष्ट स्थान रखता है।

# दिल्ली : आम आदमी पार्टी ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

## आम आदमी पार्टी द्वारा जारी की गई सूची में अनिल झा और सोमेश शौकीन का नाम शामिल है

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में छह ऐसे नाम हैं, जो हाल ही में कांग्रेस या भाजपा छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। आप द्वारा जारी की गई उम्मीदवारों की सूची में छतरपुर से ब्रह्मा सिंह तंवर, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, बदरपुर से राम सिंह, सीलमपुर से जुबैर चौधरी, सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, घोंडा से गौरव शर्मा, करावल नगर से मनोज त्यागी और मटियाला से सोमेश शौकीन को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

वहीं आम आदमी पार्टी ने अपने 3 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं। इनमें मटियाला से गुलाब सिंह यादव की जगह सुमेश शौकीन को टिकट मिला है। किराड़ी से ऋतुराज झा की जगह अनिल झा को टिकट दिया गया है। वहीं सीलमपुर से अब्दुल रहमान की जगह जुबैर चौधरी को टिकट दिया गया। आम आदमी पार्टी द्वारा जारी की गई सूची में अनिल झा और सोमेश शौकीन का नाम शामिल है।

बता दें कि अनिल झा ने रविवार (17 नवंबर) को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में ह्यआपह्न का दामन थामा था। ह्यआपह्न में शामिल होने से पहले वो भारतीय जनता पार्टी में थे। अनिल झा दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा था कि वो लोकतंत्र के प्रहरी अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। आम आदमी पार्टी में रहते हुए मुझे देश की सेवा और जनता के हितों में काम करने में मदद मिलेगी।

पार्टी की तारीफ करते हुए कहा था, कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में रहते हुए दिल्ली की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे बिजली, पानी और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। इससे में खासा प्रभावित हुआ और इसके बाद अब आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया।

अनिल झा दिल्ली में पूर्वांचल के दिग्गज नेताओं की फेहरिस्त में शुमार है। आम आदमी पार्टी उनके जरिए दिल्ली के पूर्वांचल मतदाताओं को चुनावी मौसम में साधना चाहती है। पार्टी ने उन्हें किराड़ी से टिकट दिया है। किराड़ी में बड़ी संख्या में पूर्वांचल समुदाय के लोग रहते हैं। जिसे देखते हुए पार्टी ने इस सीट से अनिल झा को टिकट थमाया है।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची में सोमेश शौकीन को भी जगह दी है। सोमेश इससे पहले कांग्रेस में थे। वो हाल ही में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं।

आप का दामन थामने के बाद सोमेश शौकीन ने कहा था कि दिल्ली देहात का जितना भी विकास हुआ है, वो सब अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की शासन ने दिल्ली की जनता को खासा प्रभावित किया है। जिसे देखते हुए मैंने अब इस पार्टी का दामन थामने का फैसला किया है, ताकि मैं भी दिल्ली के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे सकूं।

## हार्ट रोगी धुँध भरे प्रदूषण से बचे : डॉ. कालरा

नई दिल्ली। दिल्ली-एन सी आर में वायु प्रदूषण से लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। ये जानकारी आज एक कार्यक्रम में कालरा अस्पताल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. आर एन कालरा ने दी। उन्होंने कहा कि इस समय दिल्ली में वायु प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है। वायू प्रदूषण से हार्ट और लंग पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए मुँह में मास्क पहनकर घर से बाहर निकले। डॉ. आर एन कालरा ने कहा कि सांस लेने में दिक्कत हो और सांस फूलता हो तो उसे अनदेखा न करें। ये हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. कालरा ने बताया कि ये चिंता का विषय है कि वायु प्रदूषण से बच्चे, युवा और बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर और हार्ट पर बुरा असर पड़ रहा है। इसलिये बचाव ही इसका इलाज है। मोटापा और मधुमेह रोगियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए और समय समय पर हार्ट की जांच कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच जरुरी। कार्यक्रम में लोगों को मास्क भी वितरित किये गये हैं।

# दिल्ली में प्रदूषण से हाल बेहाल, कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में (सीपीसीबी) के मुताबिक, गुरुवार सुबह 7:15 बजे तक राजधानी दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 389 पर बना हुआ था, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है और नागरिकों को विशेष सतर्कता बरतने की चेतावनी दी गई है। दिल्ली के अलावा, आसपास के शहरों में भी प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। फरीदाबाद में एक्यूआई 237, गुरुग्राम में 328, गाजियाबाद में 290, ग्रेटर नोएडा में 223 और नोएडा में 261 अंक दर्ज किया गया है। दिल्ली के 12 इलाकों में एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच चुका है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। अलीपुर में 408, आनंद विहार में 405, अशोक विहार में 414, बवाना में 418, द्वारका सेक्टर 8 में 401, जहांगीरपुरी में 435, मुंडका में 413, नेहरू नगर में 411, पंजाबी बाग में 407, रोहिणी में 407, शादीपुर में 412 और वजीरपुर में 436 है।

इसके अलावा, दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 300 और 400 के बीच बना हुआ है। इन इलाकों में प्रदूषण का स्तर भी चिंताजनक है। आया नगर में 369, चांदनी चौक में 339, मथुरा रोड में 343, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 368, डीटीयू में 360, आईजीआई एयरपोर्ट में 370, दिलशाद गार्डन में 341, आईटीओ में 365, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 354, लोधी रोड में 335, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 372, महेंद्र मार्ग में 365, नजफगढ़ में 366, नरेला में 395, नॉर्थ कैंपस डीयू में 356, एनएसआईटी द्वारका में 365, ओखला फेस-2 में 389, पटपड़गंज में 381, आर के पुरम में 389, सिरी फोर्ट में 373, सोनिया विहार में 394 और श्री अरविंदो मार्ग का एक्यआई 360 दर्ज किया गया। बता दें कि राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से सांस लेना दुश्वार हो गया है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए सोमवार से दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण (ग्रैप-4) को लागू कर दिया गया है। ग्रैप-4 लागू किए जाने के बाद वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा कई कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। दिल्ली में कारखानों, निर्माण कार्यों, और यातायात पर कड़ी पाबंदियां लगाई गई है। आपको बताते चलें, प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है और औसत एक्यूआई 450 को पार कर जाता है तो ग्रैप का चौथा चरण लागू किया जाता है। ग्रैप-4 लागू होने के बाद प्रतिबंध सबसे ज्यादा और सबसे कड़े होते हैं। राजधानी में ट्रक, लोडर समेत अन्य भारी वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने की इजाजत नहीं है।

## आप में सब कुछ ठीक नहीं, आगामी चुनाव में केजरीवाल के सामने होंगी कई चुनौतियां



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेता और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की स्थिति इस बार चुनौतीपूर्ण हो सकती है। चुनाव के मद्देनजर कुछ बड़े नेताओं ने पार्टी को अलविदा कह दिया है, जिनमें प्रमुख नाम कुमार विश्वास, कपिल मिश्रा और आशुतोष जैसे नेता शामिल हैं। इसके अलावा, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जैसे प्रमुख नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों से केजरीवाल की छवि को नुकसान हो सकता है। अभी कुछ दिन पहले ही आप पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत और राज कुमार चौहान ने भी पार्टी दी है, जबकि स्वाति मालीवाल के साथ केजरीवाल का विवाद तूल पकड़ सकता है। स्वाति ने केजरीवाल से कई बार सुलह करने के संकेत दिए, लेकिन केजरीवाल ने इसमें हस्तक्षेप किया। इस कारण से पार्टी के अंदर असंतोष बढ़ सकता है। पार्टी में आतिशी को अस्थायी सीएम बनाने का फैसला भी विपक्ष के लिए एक मुद्दा बन सकता है। हालांकि केजरीवाल ने इसे मास्टरस्ट्रोक माना था, लेकिन पार्टी के अंदर ही इसके असर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस चुनावी दौर में केजरीवाल ने सभी 70 सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए खुद को प्रमुख चेहरा बनाने का फैसला किया है। यह रणनीति बीजेपी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे को प्रमुख बनाकर किए गए प्रयोग जैसा हो सकता है, जो बीजेपी के लिए सफल रहा है, लेकिन आप पार्टी के लिए यह उतना कारगर साबित नहीं हो सकता। इन तमाम आंतरिक और बाहरी चुनौतियों के बीच केजरीवाल के लिए आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना आसान नहीं दिखता है।

# भव्य श्याम बाबा निशान यात्रा का आयोजन



**प्रात: किरण संवाददाता**

उत्तर पूर्वी दिल्ली : ब्रह्मपुरी स्थित मोनी बाबा मंदिर के प्रांगण से श्याम प्रभु खाटू वाले की भव्य निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय नागरिक, महिलाएं, कई हिंदू संगठन, आर.डब्लू.ए. ने बढ़ चढ़कर भाग लिया श्याम प्रभु की निशान यात्रा ब्रह्मपुरी से प्रारंभ होकर एक ब्लॉक,बुध बाजार, घोंडा चौक होते हुए मौजपुर श्री श्याम मंदिर मौजपुर धाम पर संपन्न हुई, पुजारी सुरेंद्र अग्निहोत्री भी बाबा के डोले पर प्रसाद वितरण किया यात्रा में भगवान श्री श्याम प्रभु के डोले को भक्तों द्वारा अपने हाथों से खींच कर ले जाया गया निशान यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ो महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग,बच्चे युवा भारी संख्या में मौजूद रहे व भाजपा नेता संदीप जैन, अनिल गौड़ निगम पार्षद, नवीन तिवारी, विनोद गुप्ता, मुकुल रोहिल्ला, नितिन गर्ग, राहुल नागर, कालू बजरंगी, विक्की गहलोत,अजय (अज्जू)गौरव गुप्ता आदि भी मुख्य रूप से मौजूद रहे

# 15 फरवरी से होंगी 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं चार अप्रैल तक चलेंगी। परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने कहा, दोनों ही कक्षाओं में हमने दो विषयों के पेपर के बीच उचित अंतर रखा है। 12वीं की परीक्षा की डेटशीट प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है। ये डेटशीट 40 हजार विषय संयोजन का ख्याल रखते हुए तैयार की गई है ताकि एक ही दिन में किसी छात्र के लिए दो विषयों की परीक्षा न पड़े। बोर्ड का कहना है कि छात्रों को तैयारी का पूरा समय मिले, यह ध्यान डेटशीट बनाते हुए रखा गया है। परीक्षा के शुरू होने से 86 दिन पहले डेटशीट जारी की गई है। पिछले साल के मुकाबले 23 दिन पहले पूरा शेड्यूल निकाला गया है। बोर्ड ने जल्दी रिलीज के फायदों को रेखांकित करते हुए कहा छात्र पहले से ही तैयारी शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें परीक्षा के तनाव को दूर करने और बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। परिवार और शिक्षक गैर-बोर्ड कक्षा की पढ़ाई को बाधित किए बिना गर्मी की छुट्टियों और मूल्यांकन कर्तव्यों सहित अपने कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। स्कूलों, विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों के रूप में काम करने वाले स्कूलों के पास अपनी शैक्षणिक गतिविधियों की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय होगा। शिक्षक अपनी कक्षाओं से ज्यादा दिन तक दूर नहीं रहेंगे और बाकि कक्षाओं की पढ़ाई पर असर नहीं पड़ेगा। 10वीं में 15 फरवरी को पहली परीक्षा अंग्रेजी की होगी। परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होगी। विज्ञान की परीक्षा 20 फरवरी को होगी। सामाजिक विज्ञान की 25 फरवरी को, हिंदी की 28 फरवरी और गणित की परीक्षा 10 मार्च को आयोजित की जाएगी। 12वीं में पहली परीक्षा शारीरिक शिक्षा की होगी। 20 फरवरी को कंप्यूटर एप्लिकेशन, 21 को फिजिक्स, 22 को बिजनेस स्टडी, 27 फवरी को कैमिस्ट्री, आठ मार्च को गणित, 11 मार्च को अंग्रेजी, 15 मार्च को हिंदी और 19 मार्च को इकोनमिक्स, 22 को राजनीतिक विज्ञान, और एक अप्रैल को इतिहास की परीक्षा होगी।

# किराए पर बैंक खाते देने वाले दो आरोपी दबोचे

नई दिल्ली। विदेश में बैठे साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो बदमाश को दक्षिण-पश्चिमी जिला के साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों देवराज कपूर और फतेह सिंह के पास से दो स्मार्टफोन, चेक बुक और कई बैंक खातों की जानकारी मिली है। आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल में अपराध साबित करने वाले सुबूत मौजूद हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि अप्रैल में ग्रीन पार्क में रहने वाले एक शख्स ने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर एक लिंक के जरिए उसे व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल किया। ग्रुप के एडमिन ने पीड़ित को ज्यादा लाभ कमाने के लिए स्टॉक और आईपीओ में निवेश करने के लिए कहा। आरोपियों ने पीड़ित का एक खाता भी खोल दिया। पीड़ित ने झांसे में आकर दस लाख रुपये आईपीओ में निवेश किया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित का खाता बंद कर दिया। उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो वह असफल रहा। आरोपियों ने पीड़ित को पैसे निकालने के लिए और अधिक निवेश करने को कहा। शक होने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। इंस्पेक्टर विकास कुमार की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मनी ट्रेल का विश्लेषण करने पर पुलिस ने पाया कि ठगी के चार लाख रुपये जोधपुर निवासी देवराज के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने इसके बाद देवराज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी देवराज ने पुलिस को बताया कि उसने आरबीएल बैंक में खाता खोला था और फतेह सिंह को वह खाता दे दिया। फतेह सिंह ने उसे अपना खाता उपलब्ध कराने के लिए 2, 50, 000 रुपये दिए थे। देवराज कपूर से पूछताछ के बाद फतेह सिंह को गिरफ्तार कर लिया। फतेह सिंह पिछले छह माह से अलग- अलग होटलों में रह रहा था। पुलिस मामले में कुलदीप बन्ना नाम के शख्स की तलाश कर रही है।

# केजरीवाल के आवास के बाहर भाजपा ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकताओं ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा पहले इस्तेमाल किए गए आधिकारिक बंगले के नवीनीकरण में अत्यधिक आलीशान वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया। छह, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले को शीशमहल बताते हुए भाजपा नेताओं ने दावा किया कि वहां पाई गई अत्यधिक महंगी वस्तुएं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई थीं। भाजपा के कई सांसदों, पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा और विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने फिरोज शाह रोड स्थित केजरीवाल के मौजूदा आवास के पास प्रदर्शन किया।

# दिल्लीवालों को रोहिणी सेक्टर-27 में मिला एक और वर्ल्ड क्लास नया स्कूल, सीएम आतिशी ने उद्घाटन कर बच्चों को समर्पित किया

## इस शानदार स्कूल की बदौलत अब आसपास के 2000 से ज्यादा बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा-सीएम आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली के बच्चों को वर्ल्ड क्लास शिक्षा देने के क्रम में सीएम आतिशी ने रोहिणी सेक्टर-27, पॉकेट सी-2 में शानदार नए स्कूल को आसपास के बच्चों को समर्पित किया। ये शानदार स्कूल 121 कमरें, 10 अत्याधुनिक लैब, सेंट्रल लाइब्रेरी, एमपी हॉल सहित तमाम सुविधाओं से लैस है। इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी ने सरकारी स्कूलों की शानदार बनाकर साबित कर दिया है कि, अच्छी शिक्षा पाकर अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि, देशभर से लोग दिल्ली में अपने बच्चों को अच्छी ज़िंदगी देने का सपना लेकर आते है; अपनी शिक्षा क्रांति से अरविंद केजरीवाल जी ने आम आदमी के इस सपने को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि, गरीब परिवारों के बच्चों को ऐसे स्कूल, ऐसी शिक्षा आगे भी मिलती रहे इसलिए दिल्लीवालों को फरवरी में दोबारा शिक्षा पर काम करने वाली सरकार चुननी होगी।

सीएम आतिशी ने कहा कि, ह्लरोहिणी सेक्टर-27 पॉकेट सी-2 का ये शानदार स्कूल, इतनी शानदार बिल्डिंग इस पूरे इलाके के आसपास के बड़े प्राइवेट स्कूलों की भी नहीं होगी। इस स्कूल में 121 कमरें है। 10 लैब्स है, योगा के लिए अलग कमरा है, एक्टिविटी रूम है, एमपी हॉल, लेक्चर हॉल, लिफ्ट है। उन्होंने कहा कि, ह्लमुझे ये बताते हुए खुशी है कि, सेक्टर 27 में रहने वाले बच्चों को यहाँ से 10-15 किमी दूर शाहाबाद दौलतपुर के स्कूल में पढ़ने के लिए जाना पड़ता था। लेकिन इस स्कूल की बदौलत अब यहाँ रहने वाले बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि, 2015-16 में अरविंद केजरीवाल जी यहाँ लोगों के बीच आए थे। तब यहाँ लोगों ने अपने बच्चों के लिए एक स्कूल की माँग की थी और अरविंद केजरीवाल जी ने यहाँ शानदार स्कूल बनाकर इस वादे को पूरा करने का काम किया है। सीएम आतिशी ने कहा कि, सरकारें दिल्ली में पहले भी रही लेकिन जब से दिल्ली के लोगों ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई। अरविंद केजरीवाल जी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया तब से ये दिल्ली की पहली ऐसी सरकार बनी जिसने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने कहा कि, दिल्ली में लोग देश के अलग-अलग हिस्से से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद में आते है और अपने बच्चों को अच्छा भविष्य देने के लिए सुबह से शाम तक मेहनत करते है। कोई भी परिवार सबसे ज्यादा खर्च अपने बच्चों पर, उनकी पढ़ाई पर करता है। एक परिवार जब सबसे ज्यादा मेहनत अपने बच्चों के लिए करता है, सबसे ज्यादा खर्च अपने बच्चों पर करता है तो फिर सरकारें ऐसा क्यों नहीं करती? सरकारों को भी सबसे ज्यादा मेहनत, सबसे ज्यादा खर्च बच्चों पर करना चाहिए। सीएम आतिशी ने कहा कि, आप सरकार ने ये काम किया। पूरे देश में कोई इकलौती ऐसी सरकार है जो अपने बजट का 25% खर्च आम लोगों के बच्चों की शिक्षा पर खर्च करती है तो वो दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार है। उन्होंने कहा कि, दिल्ली के स्कूल हमेशा ऐसे नहीं थे। 2015 से पहले दिल्ली के सरकारी स्कूल बदहाल होते थे। स्कूल में घुसते ही सबसे पहले टॉयलेट की बदबू आती थी। बरसात में छत से पानी टपकता था। सर्दियों के टूटी हुई खिड़कियों से ठंडी हवा आती थी।

# दिल्ली में मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया

नई दिल्ली। दिल्ली में एक सप्ताह तक प्रदूषण के गंभीर स्तर से बेहाल रहने के बाद, राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन यह अभी भी बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। बृहस्पतिवार की सुबह मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.1 डिग्री कम है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 376 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिन में हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। रविवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जिसके कारण अधिकारियों को ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) 4 के तहत उपाय लागू करने पड़े। सोमवार और मंगलवार को वायु गुणवत्ता और भी खराब हो गई और अत्यधिक गंभीर श्रेणी में पहुंच गई तथा एक्यूआई 450 से अधिक हो गया। बुधवार तक एक्यूआई में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह गंभीर श्रेणी में ही बना रहा। इन उपायों में निर्माण और तोड़ फोड़ की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध तथा स्कूलों में प्रत्यक्ष कक्षाओं का निलंबन शामिल है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अतिरिक्त प्रतिबंध भी लागू किए हैं, जिनमें दिल्ली और राजधानी से सटे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के जिलों में सिर्फ बीएस-चार वाहनों और आवश्यक या आपातकालीन सेवाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों को छोड़कर चार पहिया डीजल हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) के परिचालन पर प्रतिबंध शामिल है। डीजल से चलने वाले मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है, सिवाय आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों के। अपवाद स्वरूप आवश्यक सेवाओं के वाहन को छोड़कर केवल इलेक्ट्रिक और सीएनजी ट्रकों को ही अनुमति दी गई है। 2017 में पहली बार अधिसूचित किए गए ग्रैप वायु गुणवत्ता को गंभीरता के आधार पर चार चरणों में वगीर्कृत किया गया हैः चरण एक खराब (एक्यूआई 201-300), चरण दो बहुत खराब (एक्यूआई 301-400), चरण तीन गंभीर (एक्यूआई 401-450) और चरण चार अत्यंत गंभीर (एक्यूआई 450 से ऊपर)।

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले गिरोह का हुआ पदार्फाश

## गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली में रेड, 3 को दबोचा

## साउथ वेस्ट साइबर पुलिस ने किया मामले का खुलासा



**संवाददाता**

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस टीम ने डिजिटल अरेस्ट करके फर्जी वाड़ा करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। इस मामले में तीन चीटर को गिरफ्तार भी किया है। यह गैंग पेन इंडिया वारदात को अंजाम देता था। उनके पास से पुलिस ने कई फोन भी बरामद किया है। ह्लडीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार एक शख्स ने उसे डिजिटल अरेस्ट करके दो लाख रुपये चीटिंग के मामले की शिकायत साइबर पुलिस को की थी। कहा कि 4 घंटे तक उसे डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया था। उस मामले की छानवीन के लिए एसीपी ऑपरेशन देवेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में एसएचओ विकास कुमार बुलडक की टीम ने जांच शुरू की। जानकारी पर पुलिस टीम ने दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश के शामली, उत्तराखंड के देहरादून, राजकोट, गुजरात में छापा मारा और एक-एक करके इन तीनों को पकड़ा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान तहसील अहमद, अमन शर्मा और धर्मेश चंदूलाल सोनी के रूप में हुई है। यह तीनों उत्तर प्रदेश के शामली, दिल्ली के महावीर नगर और गुजरात के राजकोट के रहने वाले हैं। तीनों मात्र दसवीं और बारहवीं तक की पढ़ाई किया है। यह मिलकर लोगों को टारगेट करके डिजिटल अरेस्ट के गोरख धंधा में फंसाकर उनसे चीटिंग करते थे। गिरफ्तार आरोपी धर्मेश ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि पहले उसने ज्वेलरी ट्रेडिंग की बिजनेस की थी। लेकिन घाटा के बाद वह करेंट बैंक अकाउंट कमीशन बेसिस पर बेचने का काम शुरू किया। उस काम के दौरान इसकी मुलाकात और लोगों से हुई और फिर इन लोगों ने मिलकर डिजिटल अरेस्ट का गोरखधंधा शुरू कर दिया।

# दिल्ली की गाड़ियां लगाई जाती उत्तर पूर्वी राज्य में ठिकाना

## मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम में होता सप्लाई

## यूपी के संभल का मास्टर माइंड सहित दो आरोपी गिरफ्तार

## 500 से ज्यादा गाड़ियां अब तक कर चुका है यह गैंग चोरी



**संवाददाता**

राजधानी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से गाड़ियां चोरी करके उसे नॉर्थ ईस्ट के अलग-अलग स्टेट में जाकर बेचने वाले गैंग के मास्टर माइंड सहित दो आरोपियों को साउथ डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के संभल के रहने वाले इन दो आरोपियों के पास से चोरी की दो गाड़ी के अलावा हथियार भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुरहान उर्फ मौलाना उर्फ मुल्ला उर्फ सिकंदर और सिकंदर रहमान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बुरहान पर 15 मामले चल रहे हैं, जो दिल्ली के वेलकम, हरी नगर, उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, संभल, गाजियाबाद, बिजनौर, नोएडा में दर्ज हैं। जबकि सिकंदर आठ मामलों में शामिल रहा है। इस पर दिल्ली के मोती नगर, मॉडल टाउन, स्वरूप नगर, अमर कॉलोनी और राजौरी गार्डन थाना में आठ मामले दर्ज हैं। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए एसीपी ऑपरेशन अभिनेंद्र जैन की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश यादव, सब इंस्पेक्टर दीपक महेला, अनिल कुमार की टीम सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लग रही थी। इस छानबीन के दौरान इन दोनों ऑटो लिफ्टर के बारे में जानकारी मिली।

पुलिस टीम ने पूरी इनफार्मेशन कलेक्ट करने के बाद एक को संगम विहार के शूंटिंग रेंज रोड पर ट्रैप लगाकर दबोचा। गाड़ी में तलाशी ली गई तो हथियार और कारतूस भी मिला। पकड़े गए आरोपी की पहचान बुरहान के रूप में हुई, जांच में पता चला वह उत्तर प्रदेश पुलिस का घोषित बीसी है। जिस कार से वह भाग रहा था, वह मॉडल टाउन थाना इलाके से चुराई गई थी। जब इससे पूछताछ की गई तो फिर इसके साथ ही सिकंदर रहमान को भी पकड़ा गया और उसके पास से चोरी की कार और हथियार बरामद किया। पूछताछ में इन्होंने पुलिस को बताया कि वे लोग गैंग के साथ मिलकर 500 से ज्यादा गाड़ियों को दिल्ली और यूपी से चुराकर नॉर्थ ईस्टर्न स्टेट में सप्लाई कर चुके हैं। जिसमें खासतौर पर इनकी पसंद मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम जैसे राज्य टारगेट थे। पुलिस टीम इन पकड़े गए दो आरोपियों से जांच के बाद गैंग के और मेंबरों के बारे में भी पता लगाने में जुटी हुई है।

# पंजाब, यूपी और उत्तराखंड में तोड़ चुका दुकानों का शटर

## रात में घरों को टारगेट करके कर चुका सेंधमारी की वारदात



**संवाददाता**

मादीपुर चौकी की पुलिस टीम ने वाहन चोरी और सेंधमारी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह दिल्ली के अलावा, उत्तराखंड के देहरादून, उत्तर प्रदेश के बिजनौर और पंजाब में वारदात को अंजाम दे चुका है। इसके पास से दो स्कूटी और मोटर साइकिल बरामद की गई है। जो पश्चिम विहार ईस्ट और तिलक नगर थाना इलाके से चुराई गई थी। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार यह बदमाश स्कूटी और बाइक सिर्फ इसलिए चोरी करता था, जिससे कि वह घरों और दुकानों में चोरी/सेंधमारी की वारदात को आसानी से अंजाम दे सके। वारदात के बाद आसानी से फरार हो सके। पुलिस पता लगाने की कोशिश करे भी जानकारी नहीं मिल सके। एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ संजय दहिया, चौकी इंचार्ज संदीप बिश्नोई की टीम ने लाल क्वार्टर मादीपुर के पास ट्रैप लगाकर इसको पकड़ा। पुलिस से भागने के लिए इसने बाइक की स्पीड बढ़ाई तो स्लिप होकर गिर गया। पुलिस ने इसको पकड़ लिया और इसका साथी भागने में कामयाब हो गया। पुलिस टीम ने जब बाईक के डॉक्यूमेंट की जांच की तो वह तिलक नगर से चोरी की निकली। उसके बाद आरोपी की पहचान की गई और उसकी निशानदेही पर और दो स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ में इसने बताया की वह दिल्ली के अलावा उत्तराखंड, पंजाब और उत्तर प्रदेश में वारदात कर चुका है।

# वांटेड महिला को द्वारका एएटीएस ने पकड़ा




**संवाददाता**

द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एक मामले में वांटेड चल रहे महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे द्वारका कोर्ट ने भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोमल के रूप में हुई है। जो किराए के मकान में रहकर पुलिस से बच रही थी। एडिशनल डीसीपी निशांत गुप्ता ने बताया कि 6 साल पहले इसके ऊपर बिंदापुर थाना में पोक्सो सहित अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। उस मामले में द्वारका कोर्ट ने बाद में भगोड़ा घोषित कर दिया था। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में एसआई दिनेश, हेड कांस्टेबल राजेश, संदीप और कांस्टेबल पूजा की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में पता लगाया। जानकारी मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024

सम्पादकीय

## सुलगते-दहकते मणिपुर का जिम्मेदार कौन?

मणिपुर भारत का सबसे खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तर पूर्वी राज्य है, जिसमें लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा की यह आग मई, 2023 में शुरू हुई थी, जब वहां की हाईकोर्ट ने बहुसंख्यक मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने का फैसला सुनाया था, इससे वहां के पहाड़ों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोगों में डर पैदा हो गया कि उनकी जमीनें और अधिकार बड़े स्तर पर कम हो जाएंगे। उत्तर पूर्व के छोटे-छोटे राज्य अशांत रहते हैं। इन सभी राज्यों के अलगाववादी हथियारबंद होकर दशकों से यहां चुनौती पेश करते आ रहे हैं। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई हिन्दू समुदाय के साथ और कुकी बड़ी हद तक ईसाई समुदाय से संबंधित हैं। यहां भाजपा की सरकार है। एन. बिरेन सिंह यहां के मुख्यमंत्री हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, जिनमें से 7 विधायक कुकी समुदाय के साथ भी संबंध रखते हैं। डेढ़ वर्ष से यहां बनी गृह युद्ध की स्थिति में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बड़े स्तर पर घरों और जायदादों को आग लगाई जा चुकी है। यह दोनों समुदाय एक दूसरे के कट्टर विरोधी ही नहीं, बल्कि दुश्मन बने नजर आते हैं। इसलिए अपने-अपने गांवों में इन्होंने अपने पहरे लगा रखे हैं। हथियारबंद लोग एक- दूसरे समुदाय पर हमले करते हैं। मणिपुर एक बार फिर से हिंसा की आग में जल रहा है। यहां उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद जिरीबाम में 6 लोगों के अपहरण और उनकी लाश मिलने के बाद से भीड़ हिंसक हो गई है। कई मंत्रियों के घरों पर हमले हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सीएम के घर पर भी हमला करने की कोशिश की थी। कुकी उग्रवादियों की ओर से एक ही परिवार के 6 लोगों की नृशंस हत्या के बाद नाराज मैतेई समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं। वे लगातार हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुकी समुदाय 11 नवंबर की मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है। इन लोगों का कहना है कि वह उनके शवों का अंतिम संस्कार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही करेंगे। कुकी समुदाय का कहना है कि उन्हें शक है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़कर मारा है। ताजा जानकारी के अनुसार हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा जिरीबाम में एक महिला की हत्या की गई। इस संबंध में 8 नवंबर को जिरीबाम स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। सशस्त्र उग्रवादियों ने जिरीबाम के जाकुरधोर करोंग और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशनों पर मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया। इस सिलसिले में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। बोरोबेकरा में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या का मामला सामने आया। इस संबंध में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। 11 नवंबर को, मणिपुर पुलिस ने कहा कि बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और जिरीबाम के जकुरधोर में सीआरपीएफ कैंप पर छद्म वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, कुछ घंटों बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने उसी जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर हो गई है। गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में तीन भाजपा विधायकों और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी जबकि सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर धावा बोलने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया।

## अब सबके सपनों में सत्ता -सुंदरी

महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभाओं के चुनाव समाप्त हो गए। अब 23 नवमबर को नतीजे आएंगे, तब तक सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, नेता और कार्यकर्ता थकान मिटायेंगे और जब उन्हें नींद आएगी तो सभी को ख्वाब में सत्ता-सुंदरी नर्तन करती दिखाई देगी। ऐसा शुरू से होता आया है, लेकिन एक मै हूँ जिसके सपने में कोई सत्ता-सुंदरी नहीं आती। मेरे सपनों में आता है तो यूट्यूब का डायमंड प्ले बटन। भारत में 247 हम बिरादरी वालों के पास ये डायमंड प्ले बटन है। दुनिया में हर इंसान को सपने आते है। कहते हैं कि सपने तो जानवर भी देख्छते हैं, पशु-पक्षी भी देखते हैं। सबके सपने अपने-अपने ढंग के होते है। नेताओं को सपने में सत्ता सुंदरी दिखाई देती है तो 85 करोड़ जनता को सपने में रोटी दिखाई देती है। मजदूर को दिहाड़ी, नौजवान को नौकरी, उद्योगपति को मुनाफा और अपराधियों को बंदूकें। बच्चों को सपने में खिलौने तथा चॉकलेट्स दिखाई देती हैं, बुजुर्गों को नर्क या स्वर्ग। स्वप्नों के बारे में हमारे प्रिय कवि गोस्वामी तुलसीदास जी कह गए हैं कि-मोह निशा सब सोवनहारा। देखहिं स्वप्न अनेक प्रकारा। यानि स्वप्न देखना सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है। मौलिक एकदम मौलिक अधिकार। इसका जिक्र संविधान में भले न हो लेकिन हर कोई स्वप्न देख सकता है। स्वप्न देखे ही नहीं जाते बल्कि दिखाए भी जाते है। इन दोनों ही क्रियाओं पर न कोई टैक्स लगता है और न कोईपाबन्दी। कोई तुगलक, कोई हिटलर, कोई मुसोलनी स्वप्न देखने पर पाबन्दी लगा भी दे तो भी आप स्वप्न देख सकते हैं, ये बात और है कि तानाशाहों के राज में आप न अपने स्वप्न का जिक्र कर सकते हैं और न उसमें रंग भर सकते हैं। वाहन सपने देखने का अधिकार केवल तानाशाह को होता है, स्वप्न देखने के लिए नींद आना जरूरी नहीं है। आप चाहें तो खुली आँखों से भी स्वप्न देख सकते हैं। सपनों कोई कोई जात-बिरादरी या सम्प्रदाय नहीं होता। सपने देखने वाले की जरूरत के हिसाब से ही आएं -जाएँ ये जरूरी नही। कभी-कभी आप ऐसे सपने भी देख सकते हैं जिनसे आपका दूर-दूर का भी कोई नाता-रिश्ता न हो। सपने किस पदार्थ से बने होते हैं ये मै नहीं जानता। लेकिन ये सपने टूटते भी हैं, इसलिए लगता है कि सपने भी या तो कांच के होते हैं या मिटटी के। सपने किसी धातु से बने होते तो आसानी से टूटते नही। सपनों को लेकर तमाम धारणाएं हैं। अडानी-अम्बानी के सपने दूसरी तरह के होते होंगे। कल जो बीत गया आज वो सपना हो गया है आज जो बीत जायेगा कल सपना हो जायेगा। इसी तरह ये सारे जीवन की कार्यवाही सपना हो जाती है। हमारी तमाम चिंताएं, आकांक्षाएं एक सपना ही तो हैं। सपना आता है और पलक झपकते चला भी जाता है। सपनों के बारे में हमारे आराध्य भगवान शिव का वक्तव्य आधिकारिक माना जा सकता है। भगवान शिव जी कहते हैं कि - उमा कहहुँ मैं अनुभव अपना। सत हरि भजन जगत सब सपना।। सपने में कोई भी आ-जा सकता है। सांप, बिच्छू, शेर, चीत। बिल्ली के ख्वाब में तो छिछड़े आते हैं। हम सनातनी लोग सपनों को बेहद गंभीरता से लेते है। हमारे ज्योतिषियों ने तो सपनों को लेकर उपचार भी तलाश रखे हैं। मसलन यदि आपके सपने में सांप नजर आएं तो सांपों की उपस्थिति प्रलोभन, शक्ति और कामुकता सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं का प्रतीक हो सकती है। सपने के संदर्भ के आधार पर, साँप सकारात्मक और नकारात्मक दोनों शक्तियों का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। पंडित जी आपको फौरन कालसर्प योग पूजा करने के लिए कह सकते हैं। सपने में शेर दिखाई दे तो हम देवी कि नाम पर भंडारा कर देते हैं। दुर्भाग्य ये है कि सपने में सत्ता-सुंदरी आने पर ज्योतिषियों ने कोई उपाय नहीं बताया, जैसे मेरे सपने में यूट्यूब का डायमंड बटन आता है, अब इसे हासिल करने के लिए मुझे कौन सी पूजा करना चाहिए ज्योतिषी नहीं बताता। क्योंकि डायमंड बटन किसी पूजा से नहीं बल्कि सब्सक्राइबर्स की संख्या के आधार पर मिलता है। आपके चैनल के कम से कम एक करोड़ ग्राहक हों तब कहीं जाकर आप डायमंड प्ले बटन का सपना देख सकते हैं। अब होता ये है कि-न नौ मन तेल होता है और न राधा नाचती है। बहरहाल संतोष की बात ये है कि हमारा देश दुनिया कि तमाम इंडेक्सों में भले ही नीचे से भी नीचे रहता हो किन्तु यूट्यूब कि डायमंड प्ले बटन कि मामले में दुनिया में दुसरे पायदान पर है। डायमंड बटन वाले सबसे ज्यादा चैनल अमेरिका में है. यहां पर लोग यूट्यूब पर काफी ज्यादा कंटेट क्रिएट करते हैं।

# युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ

**स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं।**





प्रियंका सौरभ
लेखक

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 फीसदी से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 फीसदी कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 फीसदी तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 फीसदी महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 फीसदी थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 फीसदी से बढ़कर 2022 में 18 फीसदी हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 फीसदी की तुलना में अब 54 फीसदी महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे.उदाहरण स्थापित किए हैं। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबुती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए ह्यअमृत कालह्न इन्हें समर्पित हो। युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी

# रोजगार और निवेश से सम्पन्न, समृद्ध, स्वावलंबी बनता मध्यप्रदेश तीन लाख करोड़ का निवेश

**यहां सरकार प्रदेश में धार्मिक टूरिज्म की संभावनाओं के अलावा, माइनिंग, आईटी, एनर्जी, फार्मास्युटिकल, ऑटोमोबाइल जैसे तमाम सेक्टरों पर प्रेजेंटेशन देगी और उद्योगपतियों से निवेश को लेकर चर्चा की जाएगी। उनका कहना है कि विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाए और अपने इन्वेस्टर्स को लेकर आए। आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। इस कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर्स के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। जिससे आईटी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, भारी उद्योग, एमएसएमई, लघु कुटीर उद्योग से जुड़े लोग शामिल होंगे। सभी के प्रयासों और उद्योग धंधों के माध्यम से राज्य के लोगों के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की कोशिशें की जा रही हैं।**





निर्मला वर्मा
लेखक

मध्यप्रदेश को सम्पन्न, समृद्ध, स्वावलंबी और सक्षम राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जोर शोर से जुटे हुए हैं। इसके लिए उन्होंने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय भी ले लिया है। विगत आठ माह से वे मध्यप्रदेश में निरंतर औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए वे ग्लोबल समिट और रीजनल कान्क्लेव भी करा चुके हैं। तीसरा ग्लोबल समिट मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 7 एवं 8 फरवरी को होना है। इसके पूर्व निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री 24 नवम्बर को एक सप्ताह के लिए यूरोप जा रहे हैं। वे इंग्लैंड एवं जर्मनी में विदेशी निवेशकों के साथ-साथ भारतीय निवेशकों को भी मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश में पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी के साथ ही लघु एवं मध्यम कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके लिए मध्यप्रदेश में पिछले आठ महीनों में उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा से लेकर कोयंबटूर, बैंगलुरू, कोलकाता और मुंबई तक निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के बड़े जिलों से लेकर सागर और रीवा जैसे छोटे-छोटे जिलों में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें छोटे-बड़े अनेक उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जाता है। सिंगल विंडो सिस्टम, कस्टमाइज पैकेज, निवेश प्रोत्साहन जैसी सुविधाओं से उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं तो नए निवेशकों को भी प्रदेश में निवेश करने के लिए सरल और सुगम उद्योग मित्र नीतियां बनायी गयी है। सरकार प्रदेश के हर एक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित कर चुकी है। हर जिले के कलेक्टर को उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि प्रदेश में निरंतर नया निवेश आ रहा है, इसलिए मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ेगा। प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का क्रम जारी है। दिसम्बर में नर्मदापुरम और शहडोल में भी संभाग स्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। फरवरी माह में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित होगी। जिसमें इंग्लैंड और जर्मनी के निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। ग्लोबल समिट के पूर्व हर संभाग में रीजनल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इन कॉन्क्लेव के फलस्वरूप प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। कम्पनियां बड़े पैमाने पर रोजगार देने को तैयार हैं। आई टी पार्क, एमएसएमई, हेवी इन्डस्ट्री एवं एनर्जी सहित अन्य सेक्टर्स में लगभग तीन लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव का कहना है कि हमारा उद्देश्य रोजगार परक उद्योगों की स्थापना करना है जिससे लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। इस सिलसिले में इंग्लैंड और जर्मनी की उनकी यात्रा के महत्वपूर्ण रहने की संभावना है, जिसमें विदेशी उद्योगपतियों और मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने इस अभियान में विपक्ष को भी आमंत्रित किया है। उनका कहना है कि विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाए और अपने इन्वेस्टर्स को लेकर आए। आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। इस कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर्स के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। जिससे आईटी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, भारी उद्योग, एमएसएमई, लघु कुटीर उद्योग से जुड़े लोग शामिल होंगे। सभी के प्रयासों और उद्योग धंधों के माध्यम से राज्य के लोगों के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की कोशिशें की जा रही हैं। राज्य सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। रोजगार के बेहतर अवसर किसी भी प्रदेश की खुशहाली तभी संभव है जब वहां रहने वाली जनता सुखी, समृद्ध और प्रसन्न हो। यह तभी संभव है जब प्रदेश में बेहतर आर्थिक वातावरण बने, लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें, युवाओं को अपनी बौद्धिक क्षमता के अनुरूप स्थानीय स्तर पर काम मिलें, उन्हें रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। इस दिशा में सरकार के ये प्रयास निस्संदेह दिखाई तो दे ही रहे है। निवेशकों के लिये सरल नीतियां मध्यप्रदेश सरकार ने उद्योग क्षेत्र के लिये वर्ष 2024-25 में 4 हजार 190 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम, निवेश प्रोत्साहन और कस्टमाइज पैकेज जैसी सुविधाएं प्रदान करने की घोषणाएं भी की गई है। नये निवेशकों के लिए भी सरल और सुगम निवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने की बात की जा रही है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश पिछले 8 माह में प्रदेश में उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव एवं मुंबई, कोयंबटूर, बैंगलुरू और कोलकाता में रोड-शो भी किए गये। इनमें विभिन्न सेक्टर्स में 2 लाख 76 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कहा जा रहा है कि इससे 3 लाख 28 हजार 670 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस प्रक्रिया की निरंतरता में 7 और 8 फरवरी 2025 को भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का भी आयोजन सरकार कर रही है। निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है म.प्र. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश न सिर्फ औद्योगिक हब बन रहा है बल्कि हर क्षेत्र में उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। मध्य प्रदेश में विदेशी निवेशकों को लुभाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी और लंदन जाने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विदेशी उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा करेंगे तथा उन्हें फरवरी में होने वाली इंवेस्टर्स समिट में आमंत्रित करेंगे। यहां मुख्यमंत्री फ्रेंड्स ऑफ एमपी के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे।

# बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना होगा स्लम बस्तियों को

सीताराम गुर्जर

अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विविध संस्कृति और पर्यटक आकर्षणों के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर दुनिया भर में मशहूर है. लेकिन इसका एक और पक्ष भी है जिसे काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया जाता है. यह पहलू है शहर की स्लम बस्तियां, जहां हजारों लोग जीवन की बुनियादी सुविधाओं के बिना जीवन गुजारते हैं. यह इलाका किसी दूसरी दुनिया की तस्वीर प्रस्तुत करता है. संकरी गलियां, कूड़े के ढेर, टूटी सड़क, सड़क पर बहता घर और नाली का पानी और पीने के साफ पानी की कमी इन इलाकों की आम बात होती है. यहां के लोग न केवल गरीबी बल्कि जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं से भी वंचित होते हैं. इनकी मुख्य समस्या यह है कि इन बस्तियों में साफ-सफाई का पूरी तरह से अभाव होता है. उचित अपशिष्ट प्रबंधन की कमी के कारण यहां बीमारियां आम हैं, खासकर यहां के बच्चे, किशोरियां और बुजुर्गों इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जयपुर में ऐसी ही एक स्लम बस्ती रावण मंडी है. राज्य सचिवालय से करीब 12 किमी दूर स्थित इस बस्ती में 40 से 50 झुग्गियां आबाद है. जिसमें लगभग 300 लोग रहते हैं. इस स्लम बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों की बहुलता है. जिसमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदाय प्रमुख रूप से शामिल है. प्रति वर्ष विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के लिए यहां 3 फीट से लेकर 30 फीट तक के रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले तैयार किए जाते हैं. जिसे खरीदने के लिए जयपुर के बाहर से भी लोग आते हैं. इसी कारण इस बस्ती को रावण मंडी के रूप में पहचान मिली है. विजयदशमी में पुतले तैयार करने के अलावा साल के अन्य दिनों में यहां के निवासी आजीविका के लिए रद्दी बेचने, बांस से बनाये गए सामान अथवा दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं. शहर में आबाद होने के बावजूद इस बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है. इनमें स्वास्थ्य और शिक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है. यहां महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण की कमी बहुत अधिक देखने को मिलती है. आर्थिक कमी के कारण उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता है. जिसके कारण यहां की अधिकतर महिलाएं विशेषकर गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चे कुपोषण का शिकार नजर आते हैं तो वहीं अन्य लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार हैं। किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं होने के कारण बीमारी के दौरान इन्हें पूरी तरह से स्वास्थ्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाती है. इस संबंध में बस्ती की 38 वर्षीय शांति देवी बताती हैं कि उनका परिवार कालबेलिया समुदाय से हैं. जिसे घुमंतू और खानाबदोश जनजाति के रूप चिन्हित किया जाता है. घुमंतू होने के कारण उनका कोई स्थाई ठिकाना नहीं होता था. ऐसे में उन लोगों का कभी कोई प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. हालांकि अब वह लोग पिछले 8 वर्षों से रावण मंडी में रह रहे हैं. इसके बावजूद अब तक उनका या उनके परिवार में किसी का स्थाई निवास प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. इसके कारण सरकारी अस्पताल में उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पाती है. जब वह अस्पताल जाती हैं तो उन्हें यह कह कर लौटा दिया जाता है कि उनका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है. ऐसे में उन्हें निजी अस्पताल में जाने को कहा जाता है. जहां इलाज काफी महंगा होता है. ऐसे में अक्सर वह लोग बस्ती में आने वाले डॉक्टर से देसी इलाज कराते हैं. हालांकि उन्हें नहीं पता कि उसके पास डॉक्टर की मान्यता प्राप्त डिग्री है भी या नहीं? वहीं 42 वर्षीय राजा राम जोगी कहते हैं कि इस बस्ती में पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है. पास में एक सरकारी नल से पानी भरते हैं लेकिन अक्सर उन्हें वहां से पानी नहीं मिल पाता है. ऐसे में बस्ती के कुछ परिवार आपस में चंदा इकठ्ठा करके प्रति सप्ताह पानी का टैंकर मंगवाते हैं ताकि परिवार को पीने का साफ पानी मिल सके. लेकिन पानी खत्म होने पर वह लोग गंदा पानी पीने को मजबूर होते हैं. स्वच्छ पेयजल की कमी का सीधा नकारात्मक प्रभाव इन लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है. अधिकांश लोग गंदे और दूषित पानी पर निर्भर हैं, जिसके कारण इस बस्ती में पानी से होने वाली बीमारियां आम हैं। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के करीब आबाद इस स्लम बस्ती में स्कूलों की कमी और गरीबी के कारण बच्चे बाल मजदूरी पर विवश हैं. 26 वर्षीय नूतन कहती है कि हमारी बस्ती में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है जहां हमारे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ पौष्टिक भोजन भी मिल सके. सबसे नजदीक आंगनबाड़ी मुख्य सड़क से दूसरी ओर है जहां जाने के लिए बच्चों को तेज रफ़्तार आती जाती गाड़ियों से होकर गुजरना होगा जो किसी प्रकार संभव नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोरखपुर में एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का शुभारंभ

गोरखपुर, । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। बैठक का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में किया गया है। एबीवीपी के एक पदाधिकारी ने बताया कि 22 से 24 नवंबर को गोरखपुर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन के पूर्व यह एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक आयोजित हो रही है। बैठक का शुभारंभ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान की उपस्थिति में हुआ। बैठक में विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक संरचना के अनुसार 44 प्रांतों तथा नेपाल के प्राज्ञिक विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

### दस्तावेज तथा सूचनाएं भेजने की प्रक्रिया सुविधाजनक है:

सहायक निदेशक कारखाना ने बताया कि अब पोर्टल के माध्यम से ऑटोमेटेड मोड में लाइसेंस नवीनीकरण की व्यवस्था शुरू की गई है। साथ ही कारखाने की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न दस्तावेजों तथा सूचनाएं भेजने की प्रक्रिया को भी सुविधाजनक बनाया गया है। अब कारखाना अधिनियम-1948 के अंतर्गत प्रपत्र 11, वार्षिक रिटर्न के प्रपत्र-21 एवं अर्द्धवार्षिक रिटर्न के प्रपत्र-22 को ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही कारखाने के अस्थायी रूप से या स्थायी रूप से बन्द होने संबंधी सूचनाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में भी व्यवस्थाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। उद्यमी विभागीय पोर्टल पर लॉगिन कर सूचनाएं बिना कार्यालय गए हुए भेज सकेंगे।

### नव प्रदर्शित फिल्म द साबरमती का फीता काटकर शुभारंभ

अमरोहा। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों में नगर के आनन्द सिनेमा हॉल में नव प्रदर्शित फिल्म साबरमती का फीता काटकर शुभारंभ जिलाधिकारी निधि गुप्ता, शिक्षक विधायक हरी सिंह ढिल्लो, जिला उदय गिरी गोस्वामी द्वारा किया गया और हाल में वैठकर फिल्म को देखा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी डॉक्टर बृजेश, ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द सिंह ढिल्लो, पूर्व जिला अध्यक्ष रिशिपाल नागर,गिरीश त्यागी, ब्रजेश चौधरी, प्रेम सिंह सैनी, बीजेपी व नगर पालिका के सभासदों सहित अन्य अधिकारोयों कर्मचारियों व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समाज सेवियों द्वारा भी हाल में वैठकर फिल्म को देखा गया।

### पुण्यतिथि पर कार्यक्रम 28 नवंबर को

धनौरा।ऑल इंडिया सैनी सभा पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को शहर के मोहल्ला सैनी नगर में हुई। वक्ताओं ने जिले का नाम दोबारा से महात्मा ज्योतिबा फुले नगर किए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि समाज ने प्रदेश सरकार को अपना समर्थन दिया बावजूद इसके समाज की उपेक्षा की जा रही है। 28 नवंबर को महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि जिला मुख्यालय पर मनाए जाने की बात कही। इस दौरान कृपाल सिंह सैनी, सोमेंद्र सैनी, धर्मपाल सैनी, कुंवर सिंह सैनी, सुभाष सैनी और ऋषिपाल सैनी आदि रहे।

### युवक से छीना मोबाइल

ट्रांस हिंडन, । इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़े युवक से बाइक सवार बदमाश मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मंगलवार की घटना के दौरान पीड़ित फोन पर किसी से बात कर रहा था। तेज रफ्तार बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित नीति खंड एक में रहने वाले दिव्य कव्याल के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 8:00 बजे वह घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान किसी जानकार का फोन आने पर वह बात करने लगा। पीड़ित का कहना है कि फोन पर जब वह बात कर रहा था तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना को अंजाम देने वाले बदमाश तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक पर सवार थे, और चंद सेकंड में ही आंखों से ओझल हो गए। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। दिन निकलते ही मोबाइल छीनने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश कराई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में पीड़ित थाने पहुंचा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश: पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित, मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कांस्टेबल के पदों पर भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। बोर्ड ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को संपन्न हुई लिखित परीक्षा के परिणाम प्राप्तांकों की श्रेष्ठता और आरक्षण के नियमों के अनुसार जारी कर दिए गए है। बोर्ड ने बताया कि अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन तथा शारीरिक परीक्षण के लिए चयनित अभ्यार्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दी गई है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक की तरफ से की गई पोस्ट में कहा गया, अभ्यर्थी अपना परिणाम वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर जाकर देख सकते हैं। इसी साल 17 और 18 फरवरी को आयोजित पुलिस भर्ती की परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दी गयी थी जिसके बाद यह परीक्षा अगस्त में आयोजित की गयी। भाषा सलीम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए एक्स पर कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, आप (अभ्यर्थी) सभी परीक्षा के आगामी चरणों की तैयारी पूर्ण तत्परता के साथ करेंगे, इस विश्वास के साथ मेरी मंगलकामनाएं! योगी ने कहा, पूर्ण शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न उत्तर प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम आज घोषित हुए हैं। उन्होंने कहा,आरक्षण नीति का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर निर्धारित पदों के सापेक्ष लगभग ढाई गुना अधिक यानी कुल 1,74,316 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए

### प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर 90 लाख रुपये ठगे

ट्रांस हिंडन, । प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 90 लाख रुपये की ठगी की गई है। 11 साल पुराने मामले में शिकायत के आधार पर जांच के बाद थाना टीला मोड़ पुलिस ने पीड़ित के ममेरे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नोएडा सेक्टर 39 स्थित सलारपुर गांव में रहने वाले विजेंद्र ने बताया कि उसके ममेरे भाई ब्रह्म प्रकाश पुत्र बुधराम, निवासी रिस्तल थाना टीला मोड़ ने जनवरी 2013 में प्रॉपर्टी में निवेश की बात कही। आरोपी ने अपने साथ और भी कई लोगों के शामिल होने की बात बताई। ब्रह्म प्रकाश ने उनसे कहा कि प्रॉपर्टी में दोनों का 31 प्रतिशत का हिस्सा होगा, बाकी लाभ अन्य साथियों का है। 30 बीघा जमीन खरीदने के लिए ममेरे भाई ने जनवरी 2013 में उनसे 90 लाख रुपये लिए। इसके बाद वह आश्वासन देता रहा। बाद में पता चला कि जमीन को बेचने से हुए लाभ में उसका हिस्सा 2.32 करोड़ रुपये का निकला। मगर उसने पैसे नहीं दिए। पुलिस आयुक्त से शिकायत के आधार पर उनकी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा, कार्य दाई संस्थाओं को कार्य में तेजी के निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन की कार्य दायीं संस्थाओं से अधूरी व अनारम्भ परियोजनाओं की एक-एक करके प्रगति की जानकारी ली।

जिलाधिका ने लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक मजदूर लगाकर ओएचटी, एफएचटीसी पंप हाउसिंग विद्युत कनेक्शन पाइपलाइन बिछाने का कार्य सहित अन्य लंबित कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने कहा कि कोई भी बहाना नहीं चलेगा। सरकार द्वारा जल्द ही धनराशि भेजी जाएगी। सभी कार्यदाई संस्थाएं अधिक से अधिक मजदूर लगाकर जल जीवन मिशन के कार्य को पूरा करें। कहा। यह सरकार की बहुत ही महत्वा कांक्षी योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं जमीन के कारण पूर्ण नहीं हो पा रही हैं। विभाग के अधिकारी उप जिलाधिकारी से मिलकर जमीन संबंधी दिक्कतों को दूर कराएं। कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो रोड तोड़ी गई है। उसको सर्वप्रथम ठीक कराया जाए। यदि कहीं भी कोई भी रोड के कारण घटना घटित हुई तो कठिन कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम अवर अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी और जल जीवन मिशन में कार्य कर रही कार्य दायीं संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए छापेमारी, मुकदमा दर्ज




प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ जनपद की सीमा में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रवर्तन अभियान चल रहा है। इसमें लखनऊ के थाना माल के अंतर्गत गांवों रामनगर और नारू खेड़ा में लगभग तीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी है। शराब का निर्माण कर रहे लोग मौके से फरार हो गये, वहीं मौके से सामग्री के रूप में 250 किलोग्राम लहन भी बरामद हुआ। राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रवर्तन अभियान में सक्रिय रहे क्षेत्र चार के आबकारी निरीक्षक अभिषेक सिंह और सेक्टर छह के निरीक्षक शिखर कुमार मल्ल ने कुछ लोगों के बगीचे और तालाबों के निकट शराब बनाने की सूचना पर छापेमारी की। जब वहां आबकारी निरीक्षक और टीमें पहुंचीं तो वे मौके से भाग निकले। पकड़ी गयी लहन सामग्री के संबंध में एक मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूरी कार्यवाही के दौरान आबकारी के सिपाहियों प्रद्युम्न श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, गोविंद यादव, अमित चौधरी, संदीप यादव, रेशमा, सुजीत की मौजूदगी रही।

# रायपुर सम्मेलन में किया जाएगा जल जीवन मिशन परियोजनाओं में सौर ऊर्जा के उपयोग का प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर में बृहस्पतिवार से आयोजित किए जा रहे क्षेत्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन (जेजेएम) परियोजनाओं में सौर ऊर्जा के अभिनव उपयोग को प्रदर्शित करेगी। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में 80 प्रतिशत से अधिक जेजेएम परियोजनाएं सौर ऊर्जा से संचालित हो रही है जिसने परियोजना लागत और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद की है। इसमें कहा गया, राज्य के सौर उपयोग को अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाये जाने की उम्मीद की जा रही है। रायपुर में हो रहे सम्मेलन में अन्य राज्य भी वरिष्ठ नौकरशाहों को उत्तर प्रदेश के मॉडल का अध्ययन करने के लिए भेज रहे हैं। सरकार ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य राज्यों के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी इस बात की जानकारी हासिल करेंगे कि उत्तर प्रदेश ने अपने जल जीवन मिशन परियोजनाओं में सौर ऊर्जा का कैसे उपयोग किया। सम्मेलन में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव इस विषय पर ह्यनवाचार राज्यह्ल के तहत एक प्रस्तुति देंगे जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला जाएगा कि किस तरह उत्तर प्रदेश में जल योजनाओं में सौर ऊर्जा के सफल क्रियान्वयन ने परियोजनाओं को कम लागत पर लंबे समय तक संचालित करने में सक्षम बनाया है। केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने उत्तर प्रदेश की पहल को इस क्षेत्र में सुशासन के मॉडल के रूप में चुना है क्योंकि उत्तर प्रदेश में 80 फीसदी जल जीवन मिशन परियोजनाएं सौर ऊर्जा से संचालित हैं, जिससे उत्तर प्रदेश इतने बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा को अपनाने वाला पहला राज्य बन गया है। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यकारी निदेशक ब्रजराज सिंह ने कहा, जल जीवन मिशन योजनाओं में अपनी प्रमुख सौर ऊर्जा पहल को साझा करना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण पर काम करते हुए हमने कार्बन उत्सर्जन को कम करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

# बोलेरो ने ऑटो में मारी टक्कर, ऑटो चालक सहित दो की मौत



प्रातः किरण संवाददाता

फिरोजाबाद, । आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर गुरुवार को एक बोलेरो और ऑटो में जबरदस्त टक्कर हो गयी। हादसे में ऑटो चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा है। ऑटो आगरा से टूंडला की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने थाना टूंडला क्षेत्र के मोहम्मदाबाद करबला के पास ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगरा निवासी ऑटो चालक धर्मेंद्र सिंह और उसमें सवार आगरा के गरीब नगर निवासी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार धर्मेंद्र सिंह अपने परिवार का अकेला कमाने वाला था, जबकि कुलदीप अपने माता-पिता का सहारा था। पुलिस बोलेरो का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर अंजीश कुमार सिंह ने बताया बोलेरो और ऑटो के बीच टक्कर में दो लोगों की जान गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। बोलेरो चालक की तलाश जारी है।

# भारत में पर्यावरण असन्तुलन पर न्यायपालिका की सक्रियता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

- पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार या न्यायालय की नही, बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारीः सुधीर गिरि
- **क्लीन इन्डिया-ग्रीन इन्डिया के सपने को साकार करने में अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान दे : डा. राजीव त्यागी**

प्रात : किरण संवाददाता




अमरोहा/गजरौला। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से भारत में पर्यावरण असन्तुलन पर न्यायपालिका की सक्रियता विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शानदार आयोजन किया जिसमें दिल्ली, लखनऊ, बेंगलूरु, चंडीगढ़, उत्तराखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे एक दर्जन से अधिक कानूनविदों एवं पर्यावरणविदों ने गहरी चिन्ता जताते हुए देश के प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आने की अपील की। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के डा.सी.वी. रमन सभागार में भारत में पर्यावरण असंतुलन पर न्यायपालिका की सक्रियताह्ल विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ समूह अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि सेन्ट्रल लॉ यूनिवर्सिटी के हेड एवं कानूनविद प्रो. (डा.) एस. के. चड्ढा, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डा. विवेक सिंह, पर्यावरणविद एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में एनावयारमेंट लॉ के डीन प्रो. जी. के. माटा, उपभोक्ता मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता डा. श्री गोपाल नारसन, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, डा. मधु चतुर्वेदी ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता लखनऊ सेन्ट्रल लॉ यूनिवर्सिटी के डीन एवं विख्यात कानूनविद प्रो. (डा.) एस.के.चड्ढा ने कहा कि आज भारत के महानगरों विशेष रूप से दिल्ली एन. सी.आर. में एयर क्वालिटी इंडेक्सह्ल इतना खराब हो गया कि कामकाज, व्यापार, पढ़ाई-लिखाई तो दूर की बात, साँस लेना दूभर हो गया है। आज इतने बदतर हालात देखते हुए खुद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली एन.सी.आर. के सभी शिक्षण संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराते हुए ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था को फिर से शुरू कर दिया है। हालत आज लाकडाउन जैसे है, जिसके लिए हम सब जिम्मेदार है। यदि हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण/ संवर्धन के लिए आगे आकर काम नही करेंगे तो आने वाले समय में भयावह परिणाम होगा। एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को पर्यावरणविद प्रो. जी.के. माटा सर्वोच्च न्यायालय के अधिष्ठाता डा. विवेक सिंह कानूनविद डा. श्री गोपाल नारसन, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, एनवायरमेंटिस्ट डा. राजेश सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डीन अकादमिक डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी.सिंह, डा. दिनेश गौतम, डा. दिव्या गिरधर, डा. अनिल जायसवाल, डा. आशुतोष सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. राजवर्धन, डा. ओमप्रकाश, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. नीतू पंवार, डा. शिल्पा रैना एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सम्मिलित रहे।

# महाकुम्भ में बिछड़ों को अपनों से मिलाने में मदद करेंगे एआई कैमरे

प्रातः किरण संवाददाता



प्रयागराज, । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले महाकुम्भ मेले में बिछड़ों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) से लैस कैमरों और डिजिटल मीडिया मंचों की मदद ली जाएगी। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि एआई तकनीक से लैस इन कैमरों के साथ ही फेसबुक और ह्यएक्सह्ल जैसे सोशल मीडिया मंच भी बिछड़ने वाले लोगों को खोजने में तत्काल मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार महाकुम्भ में देश-विदेश से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को अपनो के खोने का डर नहीं सताएगा। अधिकारी ने बताया कि मेला प्रशासन द्वारा डिजिटल खोया-पाया केंद्र को एक दिसंबर से शुरू कर दिया जाएगा। चतुर्वेदी ने बताया कि इसके माध्यम से 328 एआई कैमरे पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखेंगे और इन सभी कैमरों का परीक्षण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर बड़े पैमाने पर कैमरे लगाने का काम अपने अंतिम चरण में है और मेला क्षेत्र में चार स्थानों पर इन विशेष एआई कैमरों का परीक्षण भी किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि डिजिटल खोया-पाया केंद्र तकनीक के सहारे कार्य करेंगे और इसमें हर खोये हुए व्यक्ति का डिजिटल पंजीकरण तुरंत किया जाएगा, जिसके बाद एआई कैमरे गुमशुदा की तलाश में जुट जाएंगे। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि यही नहीं, गुमशुदा की जानकारी को फेसबुक और ह्यएक्सह्ल पर भी साझा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खोये हुए व्यक्तियों की पहचान के लिए चेहरे की पहचावन करने वाली तकनीक का उपयोग किया जाएगा और एआई से लैस कैमरे तत्काल फोटो खींचकर व्यक्ति की पहचान कर लेंगे।

# आबिदी प्लेवे स्कूल में स्पोर्ट्स मिट का समापन




प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। आबिदी प्लेवे स्कूल में जारी स्पोर्ट्स मिट का समापन रंगा रंग कार्यक्रम के साथ हुआ। जिसके बाद बच्चों को सम्मान पत्र और प्रशंसा पत्र उनका आत्म विश्वास बढ़ाया गया।इस स्पोर्ट्स मिट में संस्थान की ओर से रैबिट रेस, कलेक्ट दी बाल, एल्फाबेट एडवेंचर, बैलेंस एंड फोकस रेस, बलून ब्रस्ट, शेप जम्पर गेम, फॉर वे बाल चेस, ऑक्टोपस रेस, सीजन सॉर्ट गेम, बाल सी, रॉलिंग रेस का आयोजन किया। संस्थान की अध्यापिकाओं के माध्यम से इस अंतराल में शिक्षा के साथ साथ इंसानी ज़िंदगी में खेलों की महत्वपूर्णता पर विचार रखे गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाज़िया इमदाद आबिदी ने कहा खेल निश्चित रूप से आत्मविश्वास बढ़ाने का एक बेहतरीन साधन है। नई पीढ़ी के आत्मविश्वास के बढ़ने से समाज विकसित होगा और इन्हीं बच्चों से देश का नाम और रोशन होगा। हम नियमित रूप से खेल खेलने के लाभों और महत्व को कभी अनदेखा नहीं कर सकते। खेल व्यक्ति को स्वस्थ रहने की भावना प्रदान करते हैं और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करते हैं । यह हमें हमेशा फिट और स्वस्थ रखता है। नई पीढ़ी को बचपन से ही इसका महत्व सीखने की आवश्यकता है।

# कैम्प में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एनसीसी कैडेट्स

प्रात : किरण संवाददाता





धामपुर। धामपुर क्षेत्र के देवता महाविद्यालय मोरना में चल रहे दस दिवसीय एनसीसी शिविर के चौथे दिन प्रातः शारीरिक व्यायाम के पश्चात सभी कैडेट्स को ड्रिल करायी गयी। जिसमे कैडेट्स को कदवार साइजिंग,खुली लाइन,निकट लाइन चलना एवं खड़े-खड़े सेल्यूट,लाइन तोड़ और विसर्जन सिखाया गया। डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट का कहना है कि ड्रिल सेना की पहली प्राथमिकता होती है इसको प्रत्येक कैडेट को सीखना अनिवार्य है कैंप एडजुटेंट मेजर रमाशंकर ने कैडेट्स को लीडरशिप ट्रेटस विषय पर व्याख्यान दिया। लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने पब्लिक स्पीकिंग विषय पर सभी कैडेट्स को समझाया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल गौरव गुप्ता,डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट,कैंप एडजुटेंट मेजर रमाशंकर, लेफ्टिनेंट शशांक कुमार शर्मा, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललितकुमार फर्स्ट अफसर मुकेश कुमार,सूबेदार मेजर बलवंत सिंह,थर्ड अफसर रिंकी देवी, सूबेदार किशन सिंह,अवतार सिंह,धन बहादुर राय,नायाब सूबेदार भूपेंद्र सिंह,हवलदार अर्जुन सिंह, ज्ञानेंद्र श्रेष्ठ,संजय सिंह ,त्रिलोक सिंह, विनोद नेगी,मनोज राय, मनबहादुर,आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने पशु गणना टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स जी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से 21वीं पशु गणना टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस गणना टीम में 158 गणना कर्ता और 18 सुपर वाइजर लगाए गए हैं जो कि घर घर जाकर पशु गणना करेंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आभा जी ने बताया कि ब्लॉक वार अलग-अलग टीम गठित की गई है जो कि घर-घर जाकर पशु गणना करेंगे । यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। कहा इसका रिकॉर्ड मेनेटन किया जाएगा ग्राम पंचायत के सेक्रेटरी द्वारा भी इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा। बताया कि पशु गणना से एक तरफ जहां बुनियादी ढांचा मजबूत हो हो सकेगा जिससे हमें टीकाकरण संरक्षण टैगिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग के कार्य करने में सहूलियत होगी वही निराश्रित गौवंश की वास्तविक स्थिति निकल कर आएगी जिससे उन पर नियंत्रण करने और उनके संरक्षण पर ठीक ढंग से विभाग कार्य कर सकेगा। कहा कि पशु गणना के साथ-साथ डेयरी छोटे छोटे उद्योग पोल्ट्री फार्म की भी काउंटिंग की जाएगी। इसका डाटा ऑनलाइन विभागीय ऐप पर दर्ज किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और पशुपालन विभाग के डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कारखाने के मानचित्र का अनुमोदन, संशोधन और नवीनीकरण अब ऑनलाइन होंगे

मुरादाबाद,। कारखाने की परिधि में आने वाले प्रतिष्ठानों के मानचित्र, लाइसेंस जारी करने, संशोधन और नवीनीकरण का कार्य अब मैनुअल नहीं होगा। यह फेसलेस और आनलाइन किया जाएगा। सरकार की ह्यईज ऑफ डूइंग बिजिनेस नीति के तहत यह शुरूआत की गई है। सहायक निदेशक (कारखाना) अमित कुमार ने गुरुवार को बताया कि कारखानों के मानचित्र का अनुमोदन, संशोधन और नवीनीकरण अब आनलाइन प्रारंभ हो गए हैं। साथ ही आनलाइन माध्यम से ही कारखानों के लाइसेंस भी जारी होंगे। इसके लिए पोर्टल शुरू हो गया है। सहायक निदेशक ने आगे बताया कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की दिशा में पारदर्शी व्यवस्था तैयार की गई है। आनलाइन माध्यम से ऑटोमोड स्वतः लाइसेंस नवीनीकरण की व्यवस्था शुरू की है। रिटर्न भरने में, कारखाना स्थाई अथवा स्थाई बंद होने पर सूचनाएं प्रेषित करने को ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध है। कारखानों के लाइसेंस भी ऑनलाइन नवीनीकरण किए जाएंगे। उद्यमियों को लाइसेंस अवधि खत्म होने के दो माह पहले ही एसएमएस व मेल के माध्यम से जानकारी प्रदान की जा रही है। इस मैसेज के मिलने पर ही उद्यमी ऑनलाइन शुल्क जमाकर स्वयं नवीनीकरण कर सकते हैं।

### बरेली में घने कोहरे के कारण सात वाहन आपस में टकराए, 26 लोग जख्मी

बरेली, । उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बृहस्पतिवार सुबह घने कोहरे के कारण सात वाहन आपस में टकरा गए जिससे 26 लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी क्षेत्र) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना सुबह करीब आठ बजे भोजीपुरा थाना क्षेत्र के बरेली-नैनीताल मार्ग पर जादोपुर के पास की है जब सात वाहन आपस मंआ टकरा गये। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए वाहनों में एसआरएमएस इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज की बस भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 26 लोग घायल हुए हैं। उनमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जाती है जिन्हें एसआरएमएस मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

### फरीदाबाद उपायुक्त की अपील, घर से बाहर निकलें तो पहने मास्क

फरीदाबाद, । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा निर्देश दिया गया है कि वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के प्रयास में, ग्रैप के चरण फॉर्थ- गंभीर वायु गुणवत्ता (दिल्ली एआईक्यू 450) के तहत परिकल्पित सभी कार्यों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में संबंधित सभी एजेंसियों द्वारा सही ईमानदारी से लागू किया जाना चाहिए और नागरिकों से नागरिक चार्टर का पालन करने और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधारने के उद्देश्य से ग्रैप उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता करने का आग्रह किया जा सकता है। उपायुक्त विक्रम सिंह द्वारा गुरुवार को जारी की गई एडवाइजरी में सभी बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन, हृदय, मस्तिष्क संबंधी या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बाहरी गतिविधियों से बचें और जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और यदि बाहर जाने की आवश्यकता हो, तो उन्हें मास्क पहनने की सलाह दी जाती है।

### फरीदाबाद : कच्ची शराब बनाकर सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, । कच्ची शराब बनाकर सप्लाई करने वाले आरोपी को पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बीस लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम गश्त के लिए चौकी क्षेत्र में मौजूद थी जो टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गोविंदा कच्ची शराब बनाता है और. शराब को सप्लाई करने के लिए आएगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कच्चा चुंगी रोड़ फरीदाबाद पर नाकाबंदी की जहां पर आरोपी गोविंदा काबू 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोविन्दा इस्माईलपुर फरीदाबाद का रहने वाला है। जिसमें पूछताछ पर बतलाया कि वह पैसे कमाने के लालच में कच्ची शराब बनाता है। जांच में पता चला कि आरोपी पर पूर्व में भी शराब तस्करी का एक मामला दर्ज है, साथ ही एक लडाई- झगडे का मामला भी उसके विरुद्ध पंजीकृत है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# उत्तर प्रदेश: उपचुनाव के लिए मतदान के बाद भाजपा और सपा ने किये जीत के दावे

प्रात: किरण, संवाददाता





लखनऊ, । उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनाव के लिये बुधवार को मतदान सम्पन्न होने के बाद बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने एक-दूसरे पर कटाक्ष करते हुए अपनी-अपनी जीत के दावे किये। सपा के मुख्य महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने सरकार पर मतदान के दौरान धांधली का आरोप लगाते हुए उपचुनाव रद्द कर दोबारा मतदान कराने की मांग की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स एक पोस्ट में कहा, भाजपा की लाख कोशिशों के बावजूद विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की टीम और पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की रणनीति नैतिक रूप से सभी नौ सीट पर चुनाव जीत चुकी है। उन्होंने पीडीए समाज, गठबंधन, पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा, ह्लउत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव पीडीए की एकजुटता, मान-सम्मान और अधिकारों को नकारने वाली प्रभुत्ववादी भाजपा के खिलाफ प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी के चुनाव थे। नकारात्मक भाजपा और उसकी निरंकुश सरकार की तानी हुई बंदूक भी पीडीए के लोगों का हौसला न तोड़ सकी। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने बरेली संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा शासन-प्रशासन की मदद से बेईमानी किये जाने के बावजूद सपा की पांच-छह सीट पर जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा-इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर भाजपा की मदद कर रहे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। यादव ने कहा कि सपा ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार करा रही है। इस बीच, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपचुनाव में सभी नौ सीट पर जीत का दावा कर रहे अखिलेश यादव और विपक्षी गठबंधन इंडिया में उनकी सहयोगी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए एक्सार कहा, 2027 और 2029 के सत्ताधीश बनने का सपना देखने वाले दो अहंकारी नेताओं को जनता आईना दिखाएगी। उनका अहंकार और नकारात्मक राजनीति को देश कभी सफल नहीं होने देगा। उन्होंने कहा, देश को आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं, विकास चाहिए। जनता ने हमेशा सच्चाई, सेवा, और विकास को चुना है और इस बार भी वही करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट भरोसा है। भाजपा ही वर्तमान, भाजपा ही भविष्य। नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा, सरकार ने अपनी प्रशासनिक मशीनरी का ऐसा दुरुपयोग किया जो पहले कभी नहीं देखा गया। यह उपचुनाव मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) के लिए प्रतिष्ठा

# गौरव की बल्लेबाजी से यूथ इलेवन ने जीता क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब

प्रात: किरण, संवाददाता



गाजियाबाद, । ड्रीम पार्क क्रिकेट ग्राउंड पर गुरुवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में यूथ इलेवन ने गौरव चौधरी की शानदार बल्लेबाजी से संडे राइडर्स इलेवन को पांच विकेट से मात देकर क्रिकेट टूनामेंट का खिताब अपने नाम किया।84 रन की पारी खेलने के लिए गौरव चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अनुज त्यागी टी 20 मेमोरियल टूनामेंट का आयोजन मोरटी स्थित ड्रीम पार्क क्रिकेट ग्राउंड पर किया गया। गुरुवार को टूनामेंट का फाइनल मुकाबला यूथ इलेवन और संडे राइडर्स इलेवन के बीच खेला गया। संडे राइडर्स इलेवन ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन का स्कोर बनाया।उसकी तरफ से विनीत कुमार ने 36, आयुष चौहान ने 35, सनी ने 24 और कप्तान वासुदेव ने 19 रन बनाए। विपक्षी टीम की तरफ से हरीश नेगी ने तीन,कप्तान आकाश तेवतिया ने दो विकेट लिए। महामुकाबले में लक्ष्य को हासिल करने मैदान पर उतरी यूथ इलेवन ने गौरव चौधरी की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 18.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाकर क्रिकेट टूनामेंट का खिताब अपने नाम किया। गौरव चौधरी ने 84 रन की शानदार पारी में कई आकर्षक शॉट लगाए। इसके अलावा नितिन ने 22, अक्षय ने 17 और जीत ने 17 रन का योगदान दिया। अंतरिक्ष ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके। कासिम और तरुण को एक-एक विकेट हासिल हुआ।84 रन की शानदार पारी खेलने के लिए गौरव चौधरी को मैन ऑफ द मैच के साथ टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी घोषित किया गया।

# अनुबंध के जरिए भर्ती पीडीए के खिलाफ आर्थिक साजिश : अखिलेश यादव



प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अनुबंध (आउटसोर्स) के जरिए विभिन्न पदों पर भर्ती को लेकर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को घेरने की कोशिश करते हुए इसे पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के खिलाफ एक आर्थिक साजिश करार दिया। यादव ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक अखबार में प्रकाशित कथित विज्ञापन की कतरन संलग्न करते हुए कहा, बेहतर होगा कि भाजपा पूरी की पूरी सरकार ही आउटसोर्स कर दे तो उसका एक जगह से ही सारा कमीशन एक साथ सेट हो जाए। ऐसा करने से भाजपा को फुटकर में नौकरी और उसके बहाने आरक्षण को खत्म करने का महाकष्ट नहीं उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम तो हमेशा से कहते रहे हैं, आज फिर दोहरा रहे हैं-नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। सपा प्रमुख ने कहा, आउटसोर्सिंग पीडीए के खिलाफ एक आर्थिक साजिश है। भाजपा इस प्रस्ताव को तत्काल वापस ले और नौकरी-आरक्षण का संवैधानिक हक न छीने। घोर आपत्तिजनक, घोर निंदनीय। पीडीए कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! यादव ने इस टिप्पणी के साथ एक अखबार में प्रकाशित गोरखपुर नगर निगम के 18 नवंबर को जारी एक कथित विज्ञापन की कतरन संलग्न की है जिसमें अनुबंध के जरिए नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक के एक-एक और लेखपाल के पांच पदों पर भर्ती की बात कही गई है।


# योगी ने की मां पाटेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना

प्रात: किरण, संवाददाता



बलरामपुर, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार रात्रि देवीपाटन शक्तिपीठ में विश्राम करने के बाद गुरुवार सुबह नाथ संप्रदाय की परंपरा निभाते हुए आदि शक्ति मां पाटेश्वर की विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में स्थित गौशाला पहुंचे वहां उन्होंने गौ सेवा करते हुए गायों को गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। गायों के बच्चों को उन्होंने प्यार दुलार भी किया। इन सब कामों से निवृत्त होकर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित थारू छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे बनवासी थारू जनजाति के बच्चों से उनका हाल-चाल जाना। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम के दौरान स्थानीय पार्टी जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले के विकास में कानून व्यवस्था पर भी चर्चा की साथ ही साथ उन्होंने जिले में संगठन का भी हाल-चाल लिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,डॉ अजय सिंह पिंकू व प्रवीण कुमार सिंह विक्की सहित अन्य कई लोग शामिल थे। मुलाकात के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का भी जायजा लिया इसके पश्चात मुख्यमंत्री भावनियापुर हेलीपैड पहुंचे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मंडल तथा जिले के तमाम आल्हा अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश: खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई मोटरसाइकिल, तीन युवकों की मौत




प्रात: किरण, संवाददाता

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में सड़क पर खडी.ट्रैक्टर-ट्रॉली से मोटरसाइकिल टकरा गई।

जिससे मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह मार्छाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात हल्दौर-नहटौर मार्ग पर डींगरपुर गांव के पास हल्दौर की ओर से आ रही।

मोटरसाइकिल सड़क पर खराब खडी.ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई।

उन्होंने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल सवार रविन्द्र (24), दीपक (23) और ऋतिक (21) गंभीर रूप से घायल हो गये।

उन्होंने बताया कि तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मार्छाल ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश: टैक्स फ्री हुई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को राज्य में टैक्स फ्री (मनोरंजन कर से मुक्त) करने की घोषणा की। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने कई मंत्रिमण्डलीय सहयोगियों के साथ राजधानी के एक सिनेमाघर में विशेष कार्यक्रम के तहत फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। इस मौके पर फिल्म के मुख्य अभिनेता विक्रांत मैसी और कई अन्य लोग भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने फिल्म देखने के बाद इसे उत्तर प्रदेश में ह्यटैक्स फ्रीह्ल करने का ऐलान किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं द साबरमती रिपोर्ट की पूरी टीम को बधाई देता हूं, जिन्होंने इस सच को देश की जनता के सामने फिल्म के माध्यम से बाहर लाने का प्रयास किया।

हर भारतवासी को यह फिल्म देखनी चाहिए और गोधरा का सच के नजदीक जाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, देश के खिलाफ और सरकारों के विरुद्ध राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के उद्देश्य से समाज में वैमनस्य पैदा करने के लिए देश में जो कृत्य हुए हैं उसे देश की जनता को जानने का अधिकार है।

उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं उन चेहरों को पहचानने के साथ-साथ उनका पदार्फाश करने की भी आवश्यकता है।

योगी ने कहा कि फिल्म की टीम ने सत्य उजाकर करने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन किया और फिल्म के माध्यम से वास्तविक सच को एक बड़े रूप में देश के सामने लाने का प्रयास किया गया। द साबरमती रिपोर्ट , 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में कारसेवकों से भरी रेलगाड़ी में आग लगाये जाने की घटना पर है। इस घटना में 90 यात्री मारे गए थे, जिसके बाद गुजरात में साम्प्रदायिक दंगे भड़क गये थे।


एकता कपूर द्वारा निर्मित द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर को रिलीज हुई थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह ने भी इस फिल्म की सराहना की थी।

### गाजियाबाद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा चिन्हित किए हॉट स्पॉट की कोई निगरानी नहीं

गाजियाबाद, । सर्दियों में दम घोंटू हवा से की मुख्य वजह जानने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सात हॉट स्पॉट चिन्हित किए लेकिन विभाग इन हॉट स्पॉट की न तो निगरानी कर रहा है और ना ही रोकथाम के लिए किसी की तैनाती की गई है। इन जगहों पर प्रदूषण के कारण को कम करने कि लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई। प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से कोई टीम निरीक्षण भी नहीं कर रही है। यही वजह है कि ग्रैप लागू होने के बावजूद लगभग सभी हॉट स्पॉट पर नियमों का उल्लंघन बदस्तूर जारी है। हॉट स्पॉट साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को भी इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही, जिससे धूल उड़ती रही। वहीं, साइट चार औद्योगिक क्षेत्र के फैक्टरियों से धुआं भी निकलता रहा। लोनी में जहां कई जगहों पर खुले में निर्माण सामग्री रखे हुए हैं। वहीं, वैशाली और वसुंधरा में शुक्रवार को निर्माण कार्य चलता रहा। ग्रैप के चौथे चरण की पाबंदियां लागू हैं बावजूद इसके हॉट स्पॉट पर ही नियमों का उल्लंघन हो रहा है। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्रीय अधिकारी विकास कुमार का कहना है।

# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सीसीएसआईटी ने लगाई ऊंची छलांग

प्रात: किरण, संवाददाता




मुरादाबाद, । तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के कॉलेज आफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इंफार्मेशन टेक्नोलाजी (सीसीएसआईटी) ने ऊंची छलांग लगाई है। सीसीएसआईटी का एशिया पैसेफिक रीजन-इंडिया में अमेजॅन वेब सर्विसेज-एडब्ल्यूएस की एकेडमी में लिस्टेड हो गया है। आईआईटी इंदौर के दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू के तहत क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर यूजिंग पर स्टुडेंट्स के फर्स्ट बैच के प्रशिक्षण के बाद टीएमयू ने यह बड़ी उपलब्धि पाई है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कुलाधिपति सुरेश जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने गुरुवार को संयुक्त रूप से बताया कि सीसीएसआईटी का एशिया पैसेफिक रीजन इंडिया में अमेजॅन वेब सर्विसेज एडब्ल्यूएस की एकेडमी में लिस्टेड होना वैश्विक स्तर पर उभरते टीएमयू की तस्वीर है। फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने साझा करते हुए बताया, यूनिवर्सिटी के लिए यह एक बड़ा दिन है। उन्होंने इसका श्रेय आला प्रबंधन के संग-संग सीसीएसआईटी की फैकल्टीज और स्टुडेंट्स को भी दिया। टीएमयू वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं कि एडब्ल्यूएस की एकेडमी में लिस्टेड होने के बाद टीएमयू के छात्रों को अनुसंधान, नवाचार और प्रशिक्षण में और मजबूती मिलेगी। साथ ही सीसीएसआईटी स्टुडेंट्स के कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर मंजुला जैन ने कहा कि एशिया प्रशांत भारत क्षेत्र के तहत अधिकृत एडब्ल्यूएस अकादमी के रूप में यह मान्यता टीएमयू समुदाय के सामूहिक समर्पण और दृष्टि का प्रतिफल है।

मुझे उम्मीद है कि सीसीएसआईटी के विद्यार्थी इस क्लाउड केंद्रित शिक्षा के जरिए अत्याधुनिक कौशल से लैस होंगे।

# पुलिस पर हमला करने के आरोप में सपा, एआईएमआईएम के 100 से ज्यादा कार्यकताओं पर मामला दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

मुजफ्फरनगर, । उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित ककरौली क्षेत्र में पुलिस पर पथराव करने और हमला करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) और आल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के 100 से ज्यादा कार्यकताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने दावा किया।

कि ककरौली गांव में बुधवार शाम सपा और एआईएमआईएम के कार्यकर्ता आपस में झगड़ रहे थे। जब पुलिस बीच-बचाव करने पहुंची तो मौके पर मौजूद दोनों दलों के कार्यकताओं ने पुलिस दल पर पथराव कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने बुधवार देर रात सपा के 15 तथा एआईएमआईएम के 10 नामजद और 90 से ज्यादा अज्ञात कार्यकताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास), 115 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 121 (सरकारी काम में बाधा डालना), 125 (किसी व्यक्ति की जान या सुरक्षा को जानबूझकर खतरे में डालना), 131 (किसी व्यक्ति पर गंभीर और अचानक उकसावे के अलावा हमला करने या आपराधिक बल का इस्तेमाल) के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बंसल ने बताया कि इसके अलावा उपरोक्त सभी पर 132 (किसी सरकारी कर्मचारी को उसके काम करने से रोकने के लिए।

बल प्रयोग करना) 190 (गैर कानूनी तरीके से भीड़ जुटाना), 191 (दंगा), 223 (सरकारी आदेशों का पालन न करना), 351 (किसी व्यक्ति के सम्मान को नुकसान पहुंचाना) और 352 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना) के आरोप भी दर्ज किए गए हैं।

इस बीच, एआईएमआईएम की जिला इकाई के अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी ने बताया।

कि पुलिस मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में मान्य दस्तावेज होने के बावजूद मतदाताओं को वोट डालने से रोक रही थी।

जिसका विरोध करने पर पुलिस ने कार्यकताओं पर झूठा मुकदमा दर्ज किया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस पर पथराव का आरोप गलत है।

मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये बुधवार को मतदान हुआ था।

# महाकुंभ 2025 : मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट नियुक्त

प्रात: किरण, संवाददाता




प्रयागराज, । महाकुंभ-2025 को लेकर प्रयागराज में तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के ह्यदिव्य भव्य महाकुंभह्ल की योजना के मुताबिक महाकुंभ नगरी ने संगम तट पर आकार लेना शुरू कर दिया है। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और साधु-संन्यासियों के रहने और स्नान के लिए घाटों, अस्थायी सड़कों और टेंट सिटी का निर्माण शुरू हो गया है। प्रयागराज मेला प्रधिकरण ने योजना के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। सेक्टर और कार्य के मुताबिक सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जिम्मेदार रहेंगे। महाकुंभ के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट आम जनता और प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करेंगे।

महाकुंभ 2025 में लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और लगभग 1 लाख से अधिक लोगों के कल्पवास करने की संभावना है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में साधु-संन्यासियों और मेला प्रशासन के लोग महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में रहेंगे।

इन सबके रहने के लिए टेंट सिटी और स्नान के लिए घाटों और मार्गों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पूर्व योजना के मुताबिक प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पूरे महाकुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है।

4,000 हेक्टेयर और 25 सेक्टरों में बंटा महाकुंभ मेला क्षेत्र इससे पहले के किसी भी महाकुंभ मेले से सबसे बड़ा क्षेत्र है।

मेला प्राधिकरण ने प्रत्येक सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था और विभागीय समन्वय के लिए उप-जिलाधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्ति किया है।

ये सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरे महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर, कार्य विभाग और विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने सेक्टर वाइज सेक्टर मजिस्ट्रेट की लिस्ट जारी कर दी है।

इस सबंध में एसडीएम मेला अभिनव पाठक ने बताया कि अधिकांश सेक्टर मजिस्ट्रेट ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

शेष अपनी विभागीय जिम्मेदारियों से मुक्त होकर जल्द ही मेला क्षेत्र में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे, जो महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर की प्रशासनिक व्यवस्था व विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में भूमि आवंटन की प्रगति और लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में सेक्टर मजिस्ट्रेट मददगार होंगे।




# अब चीन में धमाल मचाएगी महाराजा, 40 हजार स्क्रीन पर रिलीज होगी विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म

**महाराजा इस साल की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसने अपनी आकर्षक कहानी और विजय सेतुपति के दमदार अभिनय के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है। फिल्म की बेहतरीन ढंग से तैयार की गई पटकथा ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा, जिससे यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल करने में सफल रही। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।**

## चीन में धमाल मचाएगी फिल्म

अब निथिलन समिनाथन द्वारा निर्देशित महाराजा चीन में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। महाराजा को लेकर ताजा जानकारी यह है कि फिल्म 29 नवंबर, 2024 को देश भर में 40,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होगी। इस महत्वाकांक्षी रोलआउट का प्रबंधन अलीबाबा पिक्चर्स के साथ साझेदारी में यी शि फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है, जिससे यह चीन में किसी भारतीय फिल्म की सबसे बड़ी रिलीज में से एक बन गई है। यह देखना बाकी है कि चीनी दर्शक इस सिनेमाई चमत्कार को किस तरह से पसंद करते हैं।

## विजय की 50वीं फिल्म

सुधन सुंदरम और जगदीश पलानीसामी द्वारा निर्मित और अजनीश लोकनाथ द्वारा संगीतबद्ध महाराजा विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म होने के कारण भी विशेष महत्व रखती है। अपनी सम्मोहक कथा और बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय रिलीज के साथ महाराजा वैश्विक सिनेमा परिदृश्य में एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

## फिल्म की कहानी और कलाकार

फिल्म में अनुराग कश्यप, ममता मोहनदास, नट्टी (नटराज), भारतीराजा, अभिराम, सिंगमपुली, अरुलडोस, मुनीशकांत, विनोथ सागर, बॉयज मणिकंदन, कल्कि और सच्चा निमिदास सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म में विजय सेतुपति ने महाराजा नाम के एक नाई की भूमिका निभाई थी। जब महाराजा (विजय सेतुपति) की पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तो वह अपनी बेटी ज्योति के साथ रहते हैं। एक दिन महाराजा अचानक पुलिस स्टेशन जाते हैं। उनकी शिकायत है कि उनमें से तीन ने उन पर हमला किया और उनकी बेटी को बचाने वाली लक्ष्मी का अपहरण कर लिया।



# पूजा हेगड़े ने फैंस के साथ शेयर की 'थलपति 69' की शूटिंग की झलक



अभिनेत्री पूजा हेगड़े जल्द ही अपकमिंग फिल्म थलपति 69 में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है।अभिनेत्री इसमें थलपति विजय के साथ अभिनय करती नजर आएंगी। हाल ही में हेगड़े ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर चेन्नई का एक शांत दृश्य शेयर किया। उन्होंने अपने इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा, चेन्नई मॉर्निंग्स डे 16...। उन्होंने बताया कि उनके दिन की शुरुआत सुबह 6.30 बजे हुई। तमिल, तेलुगु और हिंदी सहित कई भाषाओं में अक्टूबर 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म थलपति 69 विजय की विरासत को समर्पित होगी। फिल्म का निर्देशन एच. विनोद करेंगे और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत वेंकट के. नारायण इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की शूटिंग 4 अक्टूबर को पारंपरिक पूजा समारोह के साथ शुरू हुई। निर्माताओं ने कलाकारों और क्रू की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इस कार्यक्रम में कास्ट और क्रू की टीम शामिल हुई, जिसमें थलपति विजय, बॉबी देओल और पूजा हेगड़े शामिल थे। थलपति 69 में फिल्म निर्माता-अभिनेता गौतम वासुदेव मेनन, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि, अनुभवी अभिनेता प्रकाश राज और प्रेमलु की प्रसिद्ध अभिनेत्री ममिता बैजू भी हैं। इस बीच पूजा हेगड़े इसके अलावा अपकमिंग फिल्म देवा और सूर्या 44 में भी नजर आएंगी। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित देवा में अभिनेत्री शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस साल जुलाई में फिल्म का पहला लुक जारी किया गया था, जिसमें निर्माताओं ने घोषणा की थी, देवा के रोमांचक रोमांच का अनुभव करें। यह पावर-पैक एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

# ...जब कीर्ति सुरेश ने छोड़ी एक बड़ी फिल्म

तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषाओं की फिल्मों में अभिनेत्री कीर्ति सुरेश लंबे समय से अभिनय कर रही हैं। वह कई बड़े-बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं के साथ फिल्मों में रोमांस कर चुकी हैं। कुछ सालों पहले एक बड़ी फिल्म उन्हें ऐसी भी ऑफर हुई जिसे उन्होंने ठुकरा दिया।

## साउथ अभिनेता नितिन की फिल्म ठुकरा दी

कीर्ति सुरेश फिल्मों में जब से काम कर रही हैं तब से बतौर अभिनेत्री अपने लिए कुछ नियम तय किए हुए हैं। वह बहुत अधिक ग्लैमरस रोल फिल्मों में नहीं करती हैं। वह ऐसे किरदार चुनती हैं जिसमें उन्हें अपनी अभिनय क्षमता दिखाने का मौका मिले। यही कारण है कि उन्होंने अपने करियर में कई अच्छी फिल्में की और उम्दा किरदार निभाए हैं। यहां तक कि उन्होंने कुछ साल पहले अभिनेता नितिन की फिल्म माइस्ट्रो (2021) को इसलिए ठुकरा दिया था कि क्योंकि इसमें उन्हें एक लिप लॉक यानी किसिंग सीन देना था। इस फिल्म को बाद में तमन्ना भाटिया ने किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चली भी थी।

## वरुण धवन के साथ करेंगी रोमांस

फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी कीर्ति खबरों में बनी हुई हैं। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। इसमें कीर्ति और वरुण साथ नजर आएंगे। कीर्ति वरुण धवन के साथ फिल्म में रोमांस करती हुई दिखेंगी वह इसमें उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक ए. कालीस्वरन हैं। फिल्म में वरुण एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं।

## शादी को लेकर भी चर्चा में

कुछ समय पहले कीर्ति की शादी की अफवाह उड़ी थी। अब खबर आई है कि वह गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगी। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि कीर्ति सुरेश इस साल के अंत तक शादी करने वाली हैं। कीर्ति और उनके होने वाले पति पहले से एक-दूसरे को जानते हैं।



# आईएफएफआई में अपना पहला लाइव प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं मानुषी छिल्लर

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के 55वें संस्करण में अपना पहला लाइव प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो गोवा में 20 से 28 नवंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है। मनुषी ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी रिहर्सल की कुछ बैकस्टेज तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी पहली बार लाइव परफॉर्मेंस की तैयारी कर रही हैं। यह उनके लिए पहली बार है जब वह किसी स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। रिहर्सल की तस्वीरों का एक सीरीज साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, कमींग सून। मानुषी के फैंस को मनुषी से शानदार परफॉर्मेंस की उम्मीद है। वह कुछ हिट ट्रैकों पर परफॉर्म करने वाली हैं और अपनी विशिष्ट डांस मूव्स और आकर्षक उपस्थिति से सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी। इस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद, उनके फैंस बेहद उत्साहित हैं और जानने के लिए बेकरार हैं कि वह कौन से गाने पर परफॉर्म करने वाली हैं।



# सलमान -रश्मिका ने पूरी की दो धमाकेदार गानों की शूटिंग

**सलमान खान ईद 2025 के दौरान साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर के साथ बड़े पर्दे पर शानदार वापसी के लिए कमर कस रहे हैं। यह फिल्म वर्तमान में हैदराबाद में मैराथन शूटिंग शेड्यूल के बीच में है, जिसमें सलमान के साथ रश्मिका मंदाना, सत्यराज और शरमन जोशी हैं। लगभग 50 प्रतिशत फिल्मांकन पूरा होने के साथ टीम का लक्ष्य जनवरी 2025 तक पोस्ट प्रोडक्शन भी पूरा करना है।**

## दो डांस नंबर हुए शूट

वहीं, अब इस फिल्म के बारे में नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, साजिद नाडियाडवाला, एआर मुरुगादॉस और संगीतकार प्रीतम ने पहले ही सिकंदर के लिए दो संभावित चार्टबस्टर ट्रैक तय कर लिए हैं। बताया गया है कि सिकंदर एक उत्सव है और सलमान, साजिद और मुरुगादॉस साफ तौर पर ईद 2025 रिलीज के लिए एक उत्साहित एल्बम के साथ आना चाहते हैं। महीने की शुरुआत में सलमान खान और रश्मिका मंदाना ने सिकंदर के लिए ईद और होली के बैकग्राउंड पर सेट दो डांस नंबर शूट किए हैं।

## चार्टबस्टर बनेंगे दोनों गाने?

आगे बताया गया कि ये दोनों ट्रैक अलग-अलग रोमांच का वादा करते हैं। इनमें से एक ईद-थीम वाली कव्वाली और दूसरा गाना होली से प्रेरित है, जिसमें प्रेम की भावनाएं दिखाई जाएंगी। दोनों गानों के तुरंत चार्टबस्टर होने की उम्मीद है, क्योंकि सेट पर हर कोई शूटिंग के दौरान थिरक रहा था। सलमान को भी लगता है कि दोनों रचनाएं प्रीतम की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं में से हैं। सिकंदर की पूरी टीम एक ऐसा एल्बम बनाने को लेकर आश्वस्त है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।


## दो और गानों की जल्द होगी शूटिंग

फिल्म सिर्फ इसके संगीत के बारे में नहीं है। दो बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस पहले ही फिल्माए जा चुके हैं, आने वाले हफ्तों में दो और सीक्वेंस की योजना बनाई गई है। सिकंदर के एक्शन में एक नया मोड़ है और दर्शकों को एक रोमांचक उम्मीद है। जब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म को विजुअल्स के साथ पेश करने का फैसला किया है। इन दो डांस नंबरों के अलावा, दो और गानों पर काम काम चल रहा है, जिसमें एक रोमांटिक नंबर भी शामिल है। सिकंदर के बाकी गाने जनवरी में शूट किए जाएंगे।

## अगले साल ईद पर रिलीज होगी फिल्म

सिकंदर सलमान खान और निर्देशक एआर मुरुगादॉस की पहली फिल्म है। दोनों मिलकर एक एक्शन ड्रामा फिल्म बना रहे हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना, सत्यराज और काजल अग्रवाल भी हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2024 में मुंबई में शुरू हो चुकी है। फिल्म में अभिनेता शरमन जोशी भी हैं। यह एक्शन से भरपूर फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है, जिसकी शूटिंग दिसंबर 2024 तक पूरी करने की योजना है। सिकंदर को खत्म करने के बाद सलमान खान जनवरी या फरवरी 2025 के आसपास एटली के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए तैयार हैं।

# शाहरुख खान ने की सीरीज की अनाउंसमेंट, 2025 में होगी रिलीज



शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की अपकमिंग वेब सीरीज का ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो चुका है। शाहरुख ने खुद बेटे आर्यन की नेटफ्लिक्स सीरीज का ऐलान किया। इस सीरीज को गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है और इसका डायरेक्शन आर्यन खान ने किया है। नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट साल 2025 में ये सीरीज ला रहे हैं। शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। दरअसल, आर्यन खान इस सीरीज से डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। यह सीरीज इंडस्ट्री के बैकग्राउंड पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने अपने लॉस एंजेलिस के इवेंट में इस सीरीज और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ पार्टनरशिप की अनाउंसमेंट की। इस इवेंट में नेटफ्लिक्स के चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजारिया ने सीरीज की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ये सीरीज फिल्म इंडस्ट्री पर सेट है और इस सीरीज में एक आउटसाइडर का स्ट्रगल भी देखने को मिलेगा, जो बॉलीवुड की ग्लैमरस और मुश्किल दुनिया में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करता है।



# करियर में मैंने कुछ अलग तरह के फैसले किए होते, तो मेरे करियर का रुख अलग होता

मनोरंजन जगत में तकरीबन 40 साल बिता चुके जावेद जाफरी डांसर, होस्ट, वीजे और एक्टर के रूप में हरफनमौला कलाकार के रूप में जाने जाते हैं। कई टीवी शोज, फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुके जावेद मैजिक ऑफ शीरी में जादूगर बने हैं।

**इंडस्ट्री में तकरीबन दशक का समय बिताने के बाद आप पलट कर देखते हैं, तो लगता है कि आपके जैसा हरफनमौला ज्यादा डिजर्व करता था?**

मैं तो अब शुक्र के मुकाम पर पहुंच चुका हूं। वो शेर है न, जरूरतों के मुताबिक जिंदगी जिएं, ख्वाहिशों के मुताबिक नहीं, क्योंकि जरूरत तो फकीरों की भी पूरी हो जाती हैं और ख्वाहिशें तो बादशाह की भी अधूरी रह जाती हैं। आप और आप जैसे कई फैंस कहते हैं कि मुझमें डांस, होस्ट, एक्टिंग हर तरह का टैलेंट खूब रहा है, तो यह मेरे चाहने वालों की मोहब्बत है। मैं इसमें खुश हूं। मगर कई बार सोचता हूं कि अगर करियर में मैंने कुछ अलग तरह के फैसले किए होते, तो मेरे करियर का रुख अलग होता। उस वक्त मेरी बड़ी खूबी डांस थी और हमारी फिल्मों में डांस विलेन नहीं हीरो किया करता है। उस जमाने में सुभाष घई साहब ने अगर मेरी जंग में मुझे विलेन बना कर मुझसे डांस करवाया, तो ये उस वक्त के लिए नई सोच थी। आज कभी -कभी लगता है कि काश, मैंने खुद को नायक के रूप में स्थापित करने की ठानी होती और खुद को उस तरह से मार्केट किया होता। मगर फिर लगता है कि या तो आप में कुछ कमी थी या फिर वो आपके लिए नहीं था।

**आप खुद को किस तरह का पिता मानते हैं? आप स्वयं एक्टर बेटे मीजान (मीजान जाफरी) और बेटी अलाविया के पिता हैं?**

हमें हमारे पिता कहा करते थे कि जब तुम बाप बनोगे तब पता चलेगा। हम भी अपने बच्चों को यही कहते हैं (हंस देते हैं) .ये तो चलता रहेगा। एक पिता होने के नाते मैं खुद को परफैक्ट नहीं मानता। मुझमें भी खूबियां-खामियां हैं, मगर मैं पिता के रूप बेस्ट देने की कोशिश करता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ ही देना चाहते हैं। कुछ कामयाब होते हैं, कुछ नहीं। सब की अपनी जर्नी होती है, मेरी भी है। हर किसी को अपने माता-पिता, अपने और अपने बच्चों को जवाब देना होता है। मुझे भी देना होगा। मैं बेहतर करने की कोशिश करता हूं।

**अपनी नई सीरीज में आप मैजिशियन बने हैं, तो असल जिंदगी में अगर आप जादूगर होते, तो अपने जीवन और समाज में क्या बदलना चाहेंगे?**

मुझे लगता है हमारी गलतियां ही हमें वो बनाती हैं, जो हम आज हैं। कई बार हम पलट कर देखते हैं, तो लगता है कि हमें फलां चीज नहीं करनी चाहिए थी। कई बार आपकी जिंदगी में पर्सनल लेवल पर कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जिन्हें आप जाहिर नहीं करना चाहते, मगर बदलना चाहते हैं। मैं भी कई बार सोचता हूं कि काश मैंने ये नहीं किया होता या ये किया होता। जैसे कई बार हम रिश्तों को लेकर सोचते हैं। मगर आज मैं उस मुकाम पर हूं कि हर चीज के लिए शुक्र अदा करना चाहता हूं। जहां तक समाज की बात है, तो मुझे लगता है कि समाज से नफरत दूर होनी चाहिए। गोला-बारूद और असला तो महज जरिया है, असल में वो नफरत है, जो दुनिया को मार रही है। आज इंसान बहुत खुदगर्ज हो गया है। उसने आज अपने स्वार्थ के लिए इस प्लैनेट का भी बहुत दुरुपयोग किया है। वह प्लैनेट को खूब नोच -खसोट चुका है। मैं इस प्लैनेट को संवारना चाहूंगा।

**आपकी नई सीरीज एक तरह से परिकथा के कॉन्सेप्ट पर है कि कैसे असंभव को संभव बनाया जा सकता है। आप फेयरी टेल्स में यकीन करते हैं?**

बिलकुल, करने को दिल करता है, क्योंकि ये कहानियां हमें उम्मीद देती हैं। जैसे कि सिंड्रेला की कहानी कि कैसे एक शूज से उसके जिंदगी बदल दी थी। कैसे ब्यूटी एन्ड बीस्ट की कहानी बुरे को अच्छे में परिवर्तित करती है। ये कहानियां हमें बताती हैं कि आपकी जिंदगी में जादू हो सकता है। कठोरता के धरातल पर ये कहानियां हमें सुकून देती हैं और हम मायूसी में जादू पर यकीन करना चाहते हैं, मगर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, हमारे अंदर कड़वी सच्चाइयों के बाद पॉजिटिविटी कम होती जाती है, मगर हम इन कहानियों पर हमेशा यकीन करना चाहते हैं। हमारी ये सीरीज भी उसी बात को दर्शाती है कि एक लड़की जो घर-गृहस्ती में बस चुकी है, उसको जिंदगी एक ऐसे मोड़ पर ले आती है, जब उसे अपने बचपन के सपने को साकार करने के लिए आगे आना पड़ता है। कहानी के उस सेटअप में मेरा जादूगर सलीम का किरदार बहुत ही अहम भूमिका निभाता है। मेरा किरदार उस हाउस वाइफ के ख्वाबों को परवाज देने में मदद करता है।

व्यापार

सेंसेक्स
77155.79 पर बंद
निफ्टी
23349.90 पर बंद

सोना
75,860
चांदी
96,000

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवेग का वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड एबिटडा 138 प्रतिशत बढ़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत की प्रमुख रिस्पांसिबल लग्जरी रिजॉर्ट्स कंपनी, प्रवेग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही और वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है. परिणाम पर टिप्पणी करते हुए, प्रवेग लिमिटेड के चेयरमैन श्री विष्णु पटेल ने कहा, हम हमारे व्यूहात्मक विस्तार और इको रिस्पांसिबल लग्जरी हॉस्पिटैलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता द्वारा चालित मजबूत आय और ऑपरेटिंग लाभ वृद्धि से हर्षित है. हमारे चल रहे विस्तार प्रयासों से ज्यादा अवपात एवं वित्तीय लागत आई है, जिससे अल्पकाल में हमारी लाभप्रदता प्रभावित हुई है. यद्यपि हमारे ऑपरेशंस के स्थिर होने से हम आगामी तिमाहियों में हमारी मार्जिन में सुधार होने की उम्मीद कर रहे हम 65 + स्थलों के हमारे विजन 2028 गोल को हासिल करने के लिए ट्रैक पर बने हुए हैं जिससे प्रवेग इको कॉन्शियस हॉस्पिटैलिटी में विशिष्ट लीडर के रूप में स्थापित हो रही है.

### कैल्सीफाइड कोरोनरी ब्लॉकेज के लिए रोटाट्रिप्सी : डॉ. शोएब नादिम



**सिवनी।** पिछले दशक में, हमने हृदय रोगों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जिसमें अधिक संख्या में कम उम्र में हार्ट अटैक के मामले सामने आ रहे हैं। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं में हुई प्रगति के कारण दीर्घायु में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप बुजुर्ग मरीजों में भी हृदय रोगों का निदान अधिक हो रहा है। ऐसा डॉ.शोएब नादिम, कार्डियोलॉजिस्ट,मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा ।उन्होंने आगे बताया की,ऐतिहासिक रूप से, ऐसे मरीजों का इलाज करने में उम्र, सहवर्ती बीमारियां, और जटिल शारीरिक संरचना, विशेष रूप से कोरोनरी धमनियों में कैल्सीफाइड ब्लॉकेज जैसे कारकों के कारण कई चुनौतियाँ सामने आती हैं। हालांकि, नई तकनीकों ने हमारे दृष्टिकोण को बदल दिया है, जिससे हम उच्च जोखिम वाले मरीजों पर भी प्रभावी उपचार करना संभव हो गया हैं। नागपुर के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हाल ही में एक केस इस प्रगति का उदाहरण है।

### सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** डिफेंस, होम लैंड सिक्योरिटी और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए कॉम्प्लेक्स सिस्टम्स के डेवलपमेंट में सुविज्ञता रखने वाली और कॉम्प्लेक्स वेपंस और सेंसर के इंटीग्रेशन सहित रक्षा बलों के सभी आर्म को सशर्त अत्याधुनिक सॉल्यूशंस की डिलीवरी भी करने वाली सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने 22 नवंबर 2024 को अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया है.कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 99.07 करोड़ एकत्र करना है.

# 50 पार महिला का जुनून, खड़ा किया करोड़ो का साम्राज्य

## मंजूषा जेवियर ने नौकरी छूटने के बाद तोहफा नाम से अपना व्यवसाय शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई की रहने वाली मंजूषा जेवियर ने 52 साल की उम्र में नौकरी छूटने के बाद तोहफा नाम से अपना व्यवसाय शुरू किया। सिलाई का शौक उन्हें बचपन से रहा था। उन्होंने अपनी बेटी नाजुका के साथ मिलकर कपड़े से बने होम डेकोरेशन के सामान बनाने शुरू किए। उनके बनाए प्रोडक्टों को लोगों ने हाथोंहाथ लिया। मंजूषा का ब्रांड तोहफा आज लाखों की कमाई कर रहा है। आइए, यहां मंजूषा जेवियर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

मंजूषा को बचपन से ही सिलाई का शौक था। उन्होंने अपनी इसी कला को अपने व्यवसाय का आधार बनाया। उन्होंने 2,000 रुपये के निवेश से शुरुआत की। आज उनका



ब्रांड तोहफा लाखों का रेवेन्यू कमा रहा है। मंजूषा की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो उम्र के किसी भी पड़ाव पर अपने जुनून को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

### 2016 में चली गई थी नौकरी

मंजूषा जेवियर की 2016 में नौकरी चली गई थी। उस समय वह 52 साल की थीं। उन्हें अपनी बेटी की शिक्षा का खर्च उठाना था और घर चलाना था। दूसरी नौकरी की तलाश करना एक मुश्किल काम लग रहा था। फिर उन्होंने बेटी नाजुका जेवियर (31) के साथ बात की। नाजुका मार्केटिंग पेशेवर हैं। इस बातचीत में ही वो आइडिया आया, जो आज तोहफा में तब्दील हो गया है। उनका ब्रांड अपनी अनूठी घर की सजावट और कपड़े के डिजाइनों के साथ एक अलग कहानी बुन रहा है। इसकी शुरुआत 2,000 रुपये के निवेश से हुई थी। आज, यह लाखों की कमाई कर रहा है।

### बेटी ने दी हिम्मित

ये सफर भी बड़ा दिलचस्प था। बुटीक में अपनी नौकरी छूटने के तुरंत बाद मंजूषा को एक छोटी सी लॉ फर्म में नौकरी मिल गई। उन्हें आने-जाने में डेढ़ घंटे लगते थे। लेकिन, उन्होंने सोचा, कम से कम वह कमा तो रही हैं। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मंजूषा को यह साफ होता गया कि वह लॉ फर्म के लिए नहीं बनी हैं। नाजुका ने उस समय ही ग्रेजुएशन किया था। मंजूषा चाहती थीं कि बेटी के पास वह सब कुछ हो जो युवा लड़कियों को चाहिए होता है। जिसकी वे उम्मीद करती हैं। इसलिए उन्होंने नौकरी जारी रखी। लेकिन, अपनी मां की चिंता को हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता देख नाजुका ने उनसे इस बारे में बात की। नाजुका ने अपनी मां को सलाह दी कि वह कुछ ऐसा करें जो उन्हें पसंद हो। मंजूषा ने सिलाई को अपनी पहली पसंद बताया। यही वह पल था जब तोहफा का जन्म हुआ।

### सिलाई ने सपनों से जोड़ दिया

लंबे अंतराल के बाद मंजूषा की सिलाई मशीन में फिर से जान आ गई। उन्होंने पर्स, मेकअप पाउच, लैपटॉप स्लीव्स, कुशन कवर और कपड़े की ट्रे जैसे सुंदर होम डेकोर बनाने शुरू कर दिए। हरेक डिजाइन के साथ मंजूषा ने अपने विजन को अपने सौंदर्यबोध के साथ जोड़ा। वह हमेशा से अपना कुछ करना चाहती थीं। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी थीं। सिलाई ने उन्हें उन भूले हुए सपनों से जोड़ा।

# एक लाख डॉलर की ओर बढ़ रहा बिटकॉइन, पहली बार क्रिप्टोकरेंसी का भाव 97,000 डॉलर के पार पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिटकॉइन की कीमत गुरुवार को 100,000 डॉलर के करीब पहुंच गई। पहली बार इसकी कीमत 97,000 डॉलर के स्तर को पार कर गया। गुरुवार को यह 3.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 97,394 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। निवेशकों को अनुमान है कि दोबारा राष्ट्रपति चुने गए चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यकाल क्रिप्टोकरेंसी के लिए अमेरिकी विनियामक दृष्टिकोण से सकारात्मक साबित होगा। बिटकॉइन की कीमतें एशिया व्यापार में पहली बार 97,000 डॉलर से ऊपर पहुंच गईं।



# अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपों को अदाणी समूह ने बताया निराधार

## कहा- हरसंभव कानूनी सहारा लेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह ने अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की ओर से अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। कंपनी के बयान के मुताबिक, सभी आरोप निराधार हैं। अदाणी समूह ने कहा, स्वयं अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि अभियोग में आरोप हैं और प्रतिवादियों को तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक कि वे दोषी साबित न हो जाएं। मामले में हरसंभव कानूनी सहारा लिया जाएगा।

बयान के मुताबिक, अदाणी समूह ने हमेशा अपने संचालन के सभी न्यायक्षेत्रों में शासन, पारदर्शिता और नियामकीय अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने हितधारकों, भागीदारों और कर्मचारियों को आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं, जो सभी कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करता है।

इससे पहले, शेयर बाजार (बीएसई व एनएसई) को भेजी गई फाइलिंग में अदाणी समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन यानी अदाणी रिन्यूएवल्स ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग और प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने हमारे बोर्ड के सदस्यों गौतम अदाणी और सागर अदाणी के खिलाफ न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के न्यायालय में एक आपराधिक अभियोग दायर किया है और एक दीवानी शिकायत दर्ज की है। अदाणी समूह ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग ने हमारे बोर्ड के सदस्य विनीत जैन को भी ऐसे आपराधिक अभियोग में शामिल किया है। इन घटनाक्रमों को देखते हुए, हमारी सहायक कंपनियों ने फिलहाल अमेरिकी डॉलर में प्रस्तावित बॉन्ड पेशकशों को फिलहाल नहीं लेने का फैसला किया है।

अदाणी समूह के प्रवक्ता ने बयान में कहा, ''अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और हम इन्हें खारिज करते हैं।''

प्रवक्ता ने अमेरिकी न्याय विभाग के बयान का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि '' अभियोग केवल ''आरोप'' हैं और जब तक दोष साबित न हो जाए तब तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाएगा।'' अदाणी समूह पर अमेरिकी अभियोजकों की ओर से अधिकारियों पर 250 मिलियन अमरीकी डॉलर की रिश्वत दिए जाने के आरोप लगाने के बाद समूह ने अपनी 60 करोड़ डॉलर की बांड पेशकश रद्द कर दी है।

# ग्रामीण एमएफ निवेशकों में वृद्धि; बी-30 में 42 मिलियन खातों के साथ एसआईपी की संख्या सबसे आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल के दिनों में भारत के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड निवेशकों में तेजी से वृद्धि हुई है। इन क्षेत्रों के निवेशकों ने म्यूचुअल फंड योजनाओं में व्यवस्थित निवेश योजना के तहत नए खाते खोलने के मामले में बड़े शहरों के लोगों को पीछे छोड़ दिया है।

### बी30 शहरों से ज्यादा निवेश

म्यूचुअल फंड उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, बी30 (शीर्ष 30 शहरों से बाहर के इलाके) के निवेशकों ने पिछले साल सक्रिय इक्विटी योजनाओं में 60 प्रतिशत नए एसआईपी खातों का योगदान दिया। इससे यह साफ होता है कि छोटे शहर और गांवों के लोग भी अब निवेश के फायदों को समझने लगे हैं और वे म्यूचुअल फंड को एक बेहतर विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

- **साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना:** वित्तीय शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग निवेश के फायदों को समझने लगे हैं।




- सरलता और सुविधाः अब एसआईपी के जरिए छोटे-छोटे निवेश करना आसान हो गया है।
- **तकनीकी पहुंचः** स्मार्टफोन और इंटरनेट के जरिए लोग म्यूचुअल फंड में आसानी से निवेश कर पा रहे हैं।
- **आकर्षक रिटर्नः** म्यूचुअल फंड में लंबे समय में अच्छा रिटर्न मिलता है, जो इन क्षेत्रों के लोगों को आकर्षित कर रहा है।

बी30 शहरों से एसआईपी निवेश की बढ़ोतरी म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इससे यह साबित होता है कि अब निवेश केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे हिस्सों में भी इसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं।

अंत में बता दें कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के निवेशकों का यह बढ़ता रुझान देश की वित्तीय समावेशन नीति को सफल बनाने में मददगार साबित हो रहा है। यह न केवल उनकी बचत की आदत को मजबूत कर रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रहा है।

# आईपीओ में निवेशकों की भागीदारी घटी, विश्लेषकों का अनुमान- एनएफओ में निवेश से मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ की बहार के बीच कुछ निर्गमों में निवेशकों की भागीदारी घट गई है। कुछ आईपीओ को दो गुना भी सब्सक्रिप्शन नहीं मिला है। गैर संस्थागत निवेशक (एनआईआई) व खुदरा निवेशकों ने भी कम दिलचस्पी दिखाई है। निवा बूपा को महज 1.90 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है, जिसमें एनआईआई का हिस्सा 0.70 फीसदी भरा है। अक्मे सोलर में एनआईआई का 1.02 प्रतिशत व कुल 1.85 गुना भरा है। स्विगी में एनआईआई हिस्सा 0.41 फीसदी व कुल 1.65 गुना भरा है। अफकॉन्स को केवल 1.77 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। गोदावरी में एनआईआई ने 0.93 फीसदी के लिए पैसा लगाया और यह 1.87 गुना भरा। उधर, म्यूचुअल फंड ने नए फंड ऑफर यानी एनएफओ को लॉन्च करना शुरू किया है।




अक्तूबर में 29 स्कीमों से 6,078 करोड़ जुटाए गए हैं। आईपीओ में सुस्ती के बाद तीन एनएफओ खुले हैं। इसमें श्रीराम समूह, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और निप्पॉन जैसी कंपनियां हैं। विश्लेषकों का मानना है लंबे समय में म्यूचुअल फंड एनएफओ फायदा दे सकते हैं। निप्पॉन इंडिया फंड ने पैसिव क्षेत्र के दो फंड्स लॉन्च किए हैं। ये ऑटो व रियल्टी थीम के हैं। ऑटो इंडेक्स फंड ऐसा फंड है जो निफ्टी ऑटो इंडेक्स प्रदर्शन को ट्रैक करेगा। रियल्टी इंडेक्स फंड निफ्टी रियल्टी इंडेक्स का अनुसरण करेगा। इन फंड्स में कम लागत व एक ही यूनिट के जरिये विविधीकरण और पारदर्शिता जैसे फायदे हैं। निफ्टी ऑटो इंडेक्स टीआरआई ने एक वर्ष में 48.7 प्रतिशत व निफ्टी रियल्टी इंडेक्स टीआरआई ने 66 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है।

इस फंड ने कई क्षेत्र के रोटेशन फंड को लॉन्च किया है। यह इक्विटी व संबंधित उपकरणों में निवेश करने वाली ओपन-एंडेड योजना है। यह अपनी तरह का पहला फंड है। इसकी रणनीति खराब प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में जोखिम को कम कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में अवसरों का लाभ उठाना है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल

इस फंड ने इक्विटी मिनिमम वैरिएंस एनएफओ लॉन्च किया है। यह न्यूनतम अस्थिरता थीम का पालन करने वाली ओपन एंडेड इक्विटी योजना है। इसका उद्देश्य स्कीम के बेंचमार्क निफ्टी 50 टीआरआई की तुलना में पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम कर इक्विटी व इससे संबंधित साधनों में निवेश कर लंबे समय में पूंजी में वृद्धि हासिल करना है। फंड की निवेश रणनीति बड़ी पूंजी वाली कंपनियों पर केंद्रित है। कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स को ज्यादा भार दिया जाता है। इसके विविधीकृत पोर्टफोलियो से अस्थिरता को कम करने में मदद मिलती है।

# नए शोध के अनुसार नियमित रूप से बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद रिकवरी बेहतर हो सकती है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक नए अध्ययन में पता चला है कि नियमित रूप से बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद दर्द और मांसपेशियों की क्षति को कम करते हुए रिकवरी में मदद मिल सकती है। वहीं मांसपेशी भी अच्छी तरह काम करती हैं। ऐसा खाना जो एक्सरसाइज की वजह से होने वाली मांसपेशियों की थकान और दर्द को कम करते हुए ठीक होने में मदद करते हैं, उससे लोगों को एक्सरसाइज की अपनी दिनचर्या पर कायम रहने में मदद मिल सकती है। ये नए परिणाम वैज्ञानिक प्रमाणों की लगातार बढ़ रही संख?या में शामिल है जिनमें बताया गया है कि एक्सरसाइज के बाद बादाम रिकवरी में कैसे असर दिखाता है। पहले के अध्ययनों में थकान और एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म पर बादाम के प्रभावों के बारे में पड़ताल की गई। साथ ही बादाम खाने से मांसपेशियों के दर्द और क्षमता पर बादाम खाने के प्रभाव के बारे में पता लगाया गया।



# मेडिकामेन ऑर्गेनिक्स ने एच1 एफवाय25 में कुल राजस्व में 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** मेडिकेमेन ऑर्गेनिक्स लिमिटेड जो फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है और फार्मास्युटिकल डोजेज के विकास, निर्माण और वितरण में विशेषज्ञता रखती है, ने अपने एच1 एफवाय25 के अनऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, प्रबंध निदेशक श्री बल किशन गुप्ता ने कहा, हमें एफवाय25 की पहली छमाही में कुल आय, इबीआइटीडीए, और शुद्ध लाभ में महत्वपूर्ण वृद्धि की रिपोर्ट करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह हमारे जैविक स्वास्थ्य समाधानों की बढ़ती मांग और हमारी संचालन रणनीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाता है। हमारा शुद्ध लाभ सकारात्मक वृद्धि जारी रखता है, जो हमारे व्यवसाय की मजबूती को मजबूत करता है। आगे देखते हुए, हमें अपने भविष्य की संभावनाओं पर पूरा भरोसा है।

# टीवीएस मोटर कंपनी ने राइडर्स को टीवीएस रोनिन ड्रिफ्ट आर स्कूल के साथ अनस्क्रिप्टेड लाइव के लिए आमंत्रित किया

**पुणे एजेंसी।** दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में काम करने वाली अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने टीवीएस रोनिन ड्रिफ्ट आर स्कूल की शुरुआत की है जो मोटरसाइकिल उत्साही लोगों के लिए फ्लैट ट्रैक रेसिंग के रोमांच का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर है। यह पहल ब्रांड के अनस्क्रिप्टेड लोकाचार को प्रदर्शित करते हुए अद्वितीय सवारी अनुभव प्रदान करने के टीवीएस रोनिन के दर्शन के अनुरूप है।

टीवीएस एथलीट ऐश्वर्या पिस्से और नीलेश धूमल जैसे अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा निर्देशित, प्रतिभागी कस्टम रोनिन फ्लैट ट्रैकर्स पर स्लाइडिंग और कॉर्नरिंग जैसी प्रमुख फ्लैट ट्रैक तकनीक सीखेंगे।




कार्यक्रम एक व्यावहारिक, आकर्षक अनुभव प्रदान करता है जो एक सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण में ट्रैक पर सवारों का आत्मविश्वास बढ़ाता है।

# कोहली पाकिस्तान में खेलना चाहते हैं...
## चैम्पियंस ट्रॉफी पर शोएब अख्तर का बड़ा बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है. मगर इसका आयोजन पाकिस्तान में हो पाएगा या नहीं, इस पर सस्पेंस बरकरार है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को साफ-साफ बता दिया है कि उसकी टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं नहीं करेगी. ऐसे में यह टूर्नामेंट या तो किसी दूसरे देश में शिफ्ट हो सकता है, या हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित हो सकता है.

हालांकि पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) चीफ मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार कर दिया. पीसीबी ने आईसीसी से इस बारे में स्पष्टता मांगी है कि भारत पाकिस्तान क्यों नहीं जाना चाहता है. भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है. आईसीसी चैमपियंस ट्रॉफी का आयोजन फरवरी-मार्च में होना है.

अब चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का बयान सामने आया है. अख्तर





को उम्मीद है कि भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जरूर आएगा. अख्तर ने एक समचार चैनल से कहा, पर्दे के पीछे बातचीत होगी. युद्ध के दिनों में भी पर्दे के पीछे बातचीत होती है. हमें उम्मीद नहीं खोनी चाहिए. हमें समाधान की ओर देखना होगा. हम जानते हैं कि आईसीसी के लिए 95-96 प्रतिशत स्पॉन्सरशिप भारत से आता है.

**कोहली पाकिस्तान में खेलना चाहते हैं: अख्तर** – शोएब अख्तर ने आगे कहा, यह वास्तव में सरकारों पर निर्भर करता है. इसका बीसीसीआई से कोई लेना-देना नहीं है. विराट कोहली पहली बार पाकिस्तान में खेलने की कोशिश कर रहे हैं. पाकिस्तान विराट को पाकिस्तान में खेलते देखना चाहता है. कल्पना कीजिए कि वह पाकिस्तान में शतक बनाते हैं. यह उनके लिए एक फुल राउंड होगा. शोएब अख्तर कहते हैं, पाकिस्तान पर यह टैग लगा है कि वह वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकता. अगर चैम्पियंस ट्रॉफी होती है तो यह बड़े आयोजनों के लिए एक कदम होगा. उम्मीद है कि ऐसा होगा. आखिरी क्षण तक प्रतीक्षा करें. फिलहाल, मुझे लगता है कि भारत पाकिस्तान आ रहा है.

चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 के बाद पहली बार ढ्ढष्टष्ट कैलेंडर में वापसी कर रही है. इसे हाइब्रिड मॉडल में बदला जा सकता है, जिसमें भारत अपने सभी मैच किसी दूसरे स्थान पर खेल सकता है, संभवतः श्व में... जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाएगा. पाकिस्तान ने 2017 में इंग्लैंड में आयोजित चैम्पियंस ट्रॉफी के पिछले संस्करण को जीता था. वह इस बार 19 फरवरी से 9 मार्च तक होने वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा.




# भारतीय महिला हॉकी टीम ने 'मिशन लॉस एंजिलिस 2028 का किया आगाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की पुरुष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिए यह नई शुरुआत है. अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है ...लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए क्वालिफाई करना. कोच हरेंद्र सिंह का मानना था कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतकर विश्व कप 2026 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों की सही शुरुआत की जा सकती है.

बिहार के राजगीर में खेले गए इस टूर्नामेंट (एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी) के फाइनल चीन पर 1-0 से मिली जीत के बाद कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि इस जीत से अधिक से अधिक लड़कियों को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी. मुझे खुशी है कि हम अपने देश को और प्रशंसकों को इस जीत का तोहफा दे सके.' इस टूर्नामेंट से कई सितारों का जन्म हुआ जिनमें 20 साल की युवा स्ट्राइकर दीपिका शामिल हैं. दीपिका ने 11 गोल किए, जिसमें 4 फील्ड गोल थे. संगीता कुमारी ने 4, प्रीति दुबे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने 3-3 गोल दागे. 17 साल की सुनेलिता टोप्पो ने शानदार ड्रिबलिंग और फ्लैंक से दौड़ते हुए विरोधी डिफेंस को तहस-नहस कर डाला. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सभी 7 मैच जीते ।

# संजय मांजरेकर पर बुरी तरह भड़के मोहम्मद शमी
### बोले- थोड़ा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी इंजरी के चलते टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने भारत के लिए आखिरी मुकाबला 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के रूप में खेला था. इंजरी के कारण शमी 2024 का आईपीएल भी नहीं खेल पाए थे. शमी गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे. अब वह 2025 मेगा ऑक्शन के लिए मैदान पर होंगे. लेकिन उससे पहले शमी टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर पर बुरी तरह भड़क गए. तो आइए जानते हैं कि आखिर पूरा माजरा क्या है. दरअसल संजय मांजरेकर ने एक बयान देते हुए कहा था कि शमी को ऑक्शन में मनाचाही कीमत नहीं मिलेगी. शमी की इंजरी को ध्यान में रखते हुए संजय मांजरेकर ने यह बात कही थी. इस पर शमी ने कहा कि फ्यूचर जानने के लिए लोग संजय सर से मिलें. शमी ने इंस्टाग्राम के जरिए एक स्टोरी शेयर की. स्टोरी में मांजरेकर की भविष्यवाणी लिखी हुई थी, जो उन्होंने भारतीय पेसर के बारे में की थी. फिर इसके नीचे शमी ने लिखा, बाबा की जय हो. थोड़ा सा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो काम आएगा संजय जी. किसी को फ्यूचर जानना हो तो सर से मिले.

**गुजरात टाइटंस ने किया रिलीज** – बता दें कि गुजरात ने शमी को 2022 के मेगा ऑक्शन में अपने साथ जोड़ा था. 2022 में शमी ने 16 मैचों में 20 विकेट लिए थे. फिर अगले सीजन यानी आईपीएल 2023 में शमी 17 मैचों में 28 विकेट लिए थे, जिसके बाद वह सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे. लेकिन फिर उसके अगले साल 2024 का सीजन शमी इंजरी के चलते नहीं खेल पाए, जिसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले रिली कर दिया.

**मोहम्मद शमी का आईपीएल करियर** – गौरतलब है कि मोहम्मद शमी ने अब तक अपने करियर में 110 आईपीएल मुकाबले खेल लिए हैं. इन मैचों की 110 पारियों में गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 26.86 की औसत से 127 विकेट चटका लिए हैं ।

### आईपीएल 2025:
# जोफ्रा आर्चर ले सकते हैं ऑक्शन में हिस्सा, जानिए कितना होगा बेस प्राइस?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के ऑक्शन के लिए जब खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तो उसमें जोफ्रा आर्चर का नाम नहीं देखकर फैंस को हैरानी हुई थी. लेकिन, अब उन्हीं क्रिकेट फैंस के लिए फिर से चौंकने का वक्त है. क्योंकि, ऐसी खबर है कि आर्चर आईपीएल 2025 के



ऑक्शन में हिस्सा ले सकते हैं. द क्रिकेटर ने एक रिपोर्ट छापी है, जिसमें उसने इस बात के संकेत दिए हैं. जॉर्ज डोबेल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जोफ्रा आर्चर के आईपीएल मेगा ऑक्शन से जुड़ने की उम्मीद है. यानी वो नीलामी के लिए खुद को उपलब्ध करा सकते हैं.

**2 दिन के ऑक्शन में 574 खिलाड़ियों की लगेगी बोली** – आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होना है. इसके लिए कुल 574 खिलाड़ियों के नाम शॉर्टलिस्ट हुए हैं. उन 574 नामों में 37 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं. आर्चर का नाम उन 37 खिलाड़ियों में तो शामिल नहीं था. लेकिन, अब जैसी खबर है उसके मुताबिक हो सकता है कि वो ऑक्शन में बोली लगाने वाली 10 फ्रेंचाइजियों के लिए उपलब्ध रहें.

**क्या होगी ऑर्चर की बेस प्राइस** – अब सवाल है कि आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में जोफ्रा आर्चर अगर उतरते हैं तो उनकी बेस प्राइस क्या होगी? इस बारे में जानकारी ठीक वैसे ही आधिकारिक नहीं है जैसे अभी आर्चर के ऑक्शन में उतरने पर पूरी तरह से कुछ क्लियर नहीं. लेकिन, आर्चर ऑक्शन में आए तो उम्मीद के मुताबिक उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हो सकती है. आईपीएल के पिछले ऑक्शन में भी आर्चर की बेस प्राइस यही रही है.

**आर्चर का आईपीएल वाला रिपोर्ट कार्ड** – इंग्लैंड के लिए 29 ञ्20 मैचों में 35 विकेट चटका चुके आर्चर ने आईपीएल में दो टीमों- मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने अब तक कुल 40 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें 48 विकेट हासिल किए हैं. आर्चर का आईपीएल डेब्यू 2018 में हुआ था. उन्होंने अपना आखिरी मैच आईपीएल 2023 में खेला है. आईपीएल 2024 में वो इंजरी के चलते खेल नहीं पाए थे.

आईपीएल 2025 के ऑक्शन में भी उनके नहीं उतरने की वजह फिटनेस ही बताई जा रही थी. कहा जा रहा था कि आईपीएल उन्हें अगले टेस्ट समर के लिए फिट रखना चाहता है.

### इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट
# बुमराह और कमिंस मिलकर रचेंगे अनोखा कीर्तिमान
### टेस्ट के 147 साल के इतिहास में सिर्फ 5 बार हुआ ऐसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के इतिहास में पहला टेस्ट मैच साल 1877 में मेजबान ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। इस मैच के बाद से 147 साल का वक्त बीत चुका है। इस दौरान एक से बढ़कर एक टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। अब पर्थ में भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर को एक दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के पहले मैच का आगाज भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरु होगा। इस मैच में जैसे ही टॉस होगा तो क्रिकेट में अनोखा रिकॉर्ड बन जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बिना ही उतरेगी। रोहित शर्मा अभी भारत में ही हैं और परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में पर्थ में टीम इंडिया की कप्तानी का जिम्मा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। पर्थ टेस्ट में जब जसप्रीत बुमराह कल सुबह टॉस के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के साथ मैदान में उतरेंगे तो मैदान पर एक अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस तरह बुमराह और कमिंस मिलकर टेस्ट में अनोखा कीर्तिमान रच देंगे।

**टेस्ट क्रिकेट में बनेगा अनोखा रिकॉर्ड** – टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा बहुत ही




कम देखने को मिला है जब एक टेस्ट मैच में दोनों ही टीमों की कप्तानी तेज गेंदबाजों ने संभाली हो। अब पर्थ में ये बड़ा करिश्मा होने जा रहा है जब दोनों ही टीमों के कप्तान तेज गेंदबाज होंगे। जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस दोनों ही तेज गेंदबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक सिर्फ 5 बार ऐसा हुआ है जब एक टेस्ट मैच में दोनों ही कप्तान तेज गेंदबाज रहे हैं। गौरतलब है कि जसप्रीत बुमराह ने सिर्फ एक टेस्ट मैच में टीम इंडिया की कप्तानी की है जबकि पैट कमिंस लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व कर रहे हैं। बुमराह ने साल 2022 में इंग्लैंड के घर में एक टेस्ट मैच में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। इस मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, पैट कमिंस ने 28 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया को 17 मैचों में जीत जबकि 6 मैच में हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं, 5 मैच ड्रॉ रहे हैं।

# जिस वजह से टीम से बाहर किया था, वही हरकत कर रहे हैं पृथ्वी शॉ, अर्जुन तेंदुलकर ने किया वीडियो लीक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वी शॉ अच्छे दोस्त हैं. लेकिन क्या अर्जुन तेंदुलकर उन्हें एक्सपोज कर सकते हैं? हो सकता है कि ऐसा ना हो लेकिन गलती से ही सही ऐसा होता जरूर दिखा है. कैसे वो हम आपको बता और दिखा देते हैं? दरअसल, अर्जुन तेंदुलकर ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक वीडियो पोस्ट किया है, जो कि पृथ्वी शॉ की है. शेयर वीडियो में पृथ्वी जो करते दिखाई दे रहे हैं वही हैरान करने वाली है. वीडियो देखकर हैरानी क्यों होगी इसके पीछे भी एक कहानी है.

**अर्जुन तेंदुलकर ने पृथ्वी शॉ का कौन सा वीडियो शेयर किया** – पिछले दिनों मुंबई की रणजी टीम से पृथ्वी शॉ को बाहर कर दिया गया था. शॉ के बाहर होने की वजह उनके बढ़े



हुए वजन को बताया गया था. इसके बाद हम सभी ने पृथ्वी शॉ को वजन कम करने के लिए अपनी फिटनेस पर मेहनत करते, उन्हें जिम में पसीना बहाते भी देखा. लेकिन, अब जो अर्जुन तेंदुलकर ने वीडियो पोस्ट की है वो पृथ्वी की उस सारी मेहनत पर पानी उड़ेलने जैसी है.

**वजन की समस्या के बीच बिरयानी खाते हुए शॉ का वीडियो**– अर्जुन तेंदुलकर की इंस्टा स्टोरी में डले वीडियो में पृथ्वी शॉ मजे से बिरयानी खाते दिख रहे हैं. उनके साथ उनके दोस्त-यार भी वहां है. संभवतः उनके दोस्तों में शामिल अर्जुन भी वहीं होंगे क्योंकि ऐसा लग रहा है कि वीडियो भी उन्होंने खुद से बनाया है. हालांकि, हम ये दावे से नहीं कह सकते कि अर्जुन तेंदुलकर ने बिरयानी खाई या नहीं. अब एक तरफ जहां पृथ्वी शॉ को अपना वजन घटाने की सलाह दी गई है. वहीं दूसरी ओर वो बिरयानी खा रहे हैं. ऐसे खाने से जिम में पसीना बहाने से जो वजन घट रहा है, वो दोगुनी तेजी से बढ़ सकता है ।

### डेविस कप फाइनल्स
# कनाडा को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**मैलागा (स्पेन), एजेंसी।** जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीते, जिससे जर्मनी ने कनाडा को 2-0 से हराकर बुधवार को डेविस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने 2019 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और कनाडा को आसानी से हराया।

अल्टमायर ने शुरुआत में घबराहट से उबरते हुए गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया, इससे पहले स्ट्रफ ने किसी तरह डेनिस शापोवालोव के खिलाफ रोमांचक मुकाबले को 4-6 7-5 7-6(5) से जीत लिया। स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी जीत के हकदार थे। लेकिन मैं अंत में जीत हासिल करके खुश हूं। डेनिस शानदार खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की। वापसी करना मुश्किल था। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। यह बहुत करीबी मुकाबला था। इस जीत ने जर्मनी और नीदरलैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की नींव रखी, जब डच ने स्पेन को हराकर मंगलवार रात राफेल नडाल के टेनिस करियर को खत्म कर दिया।

स्ट्रफ पुराने खेल प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ



खेलने को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा, यह अद्भुत होगा। हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है। हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं। जर्मन स्टार ने कहा, नीदरलैंड ने शानदार मुकाबला खेला। हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है। हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास अद्भुत प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

शापोवालोव को एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ चूके मौकों का अफसोस होगा, जिसने 2022 में इस प्रतियोगिता में तीसरे सेट के टाईब्रेक में भी उन्हें हराया था। कनाडाई खिलाड़ी कई बार अजेय रहे, उन्होंने 27 ऐस और 24 विनर्स लगाए। लेकिन उन्होंने डबल फॉल्ट के साथ 13 फ्री पॉइंट भी गंवाए, जिसमें मैच को अपने प्रतिद्वंद्वी को सौंपने का तोहफा भी शामिल है।

इससे पहले, शुरुआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे। अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5-0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7-5 से जीत हासिल की। दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15-40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया।

अल्टमायर ने यह भी बताया कि जर्मन टीम कल रात राफेल नडाल के आखिरी टेनिस मैच का अनुभव लेने स्टेडियम गई थी। उन्होंने कहा, हमने पूरा पहला सेट देखा। जब हमने तस्वीरें देखीं तो हम सभी की आंखों में आंसू आ गए। मैं उन्हें तब से देख रहा हूं जब हम बहुत छोटे लड़के थे, इसलिए यह वाकई बहुत मार्मिक और यादगार है।

# कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा : मार्क वॉ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा कि विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा, क्योंकि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियां पसंद हैं और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है। कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्होंने अपनी दस हालिया टेस्ट पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अपने कुछ ऐतिहासिक शतक लगाने और 2018/19 में भारत को यहां 2-1 से सीरीज जिताने के बाद, 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। वॉ ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्हें परिस्थितियां पसंद हैं। मुझे लगता है कि वह स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं।

# आईपीएल 2025 से पहले रजत पाटीदार बने कप्तान, आरसीबी ने दी बधाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 धीरे-धीरे करीब आता जा रहा है. टूर्नामेंट से पहले मेगा ऑक्शन होना है, जिसमें तमाम खिलाड़ियों की बोली लगनी है. लेकिन उससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले रजत पाटीदार के कप्तान बनने की खबर सामने आई है. खुद आरसीबी ने पाटीदार को कप्तान बनने की बधाई दी. दरअसल रजत पाटीदार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के लिए मध्य प्रदेश का कप्तान बनाया गया है. रजत मध्य प्रदेश के लिए ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलते हैं. शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम की कमान सौंपी गई. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत 23 नवंबर से होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 दिसंबर को खेला जाएगा.



आरसीबी ने किया रिटेन

आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार को आरसीबी ने आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किया. रजत ने आरसीबी के लिए 2024 के सीजन में 15 मैचों की 13 पारियों में 30.38 की औसत और 177.13 के शानदार स्ट्राइक रेट से 395 रन बनाए थे, जिसमें 5 अर्धशतक शामिल थे. बताते चलें कि आरसीबी ने सिर्फ तीन खिलाड़ियों को ही रिटेन किया, जिसमें विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल शामिल हैं. पिछले सीजन टीम की कमान संभालने वाले फाफ डु प्लेसिस को फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है. ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि अब 2025 के सीजन में टीम की कमान कौन संभालता है.

**रजत पाटीदार का अंतर्राष्ट्रीय और फर्स्ट क्लास करियर** – गौरतलब है कि रजत पाटीदार ने अब तक 3 टेस्ट और 1 वनडे खेल लिया है. टेस्ट में उन्होंने 63 और वनडे में 22 रन बनाए हैं. उन्होंने दिसंबर, 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे के जरिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था. वहीं उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 66 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेल लिए हैं. इन मैचों की 113 पारियों में पाटीदार ने 43.32 की औसत से 4636 रन स्कोर कर लिए हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा: दबंग ने आदिवासी महिला से की शर्मनाक हरकत, चेहरे पर मला मल

**बलांगीर, एजेंसी।** ओडिशा के बालांगीर से एक शर्मनाक घटना सामने आई है. जमीन विवाद को लेकर एक युवा आदिवासी महिला के साथ क्रूर एवं अमानवीय अत्याचार किया गया है. जानकारी के मुताबिक यहां 20 साल की एक महिला के साथ पहले मारपीट की गई और उसके बाद उसे मल खाने के लिए मजबूर किया गया. यह घटना उस समय हुई जब पीड़िता ने अपने खेत में ट्रैक्टर घुसने का विरोध किया. बता दें, यह घटना 16 नवंबर को घटित हुई. जब 30 साल के अभय बाग नाम के शख्स ने जबरदस्ती महिला के खेत में ट्रैक्टर घुसाकर फसलों को नष्ट करने की कोशिश की. महिला ने जब इसका विरोध किया तो दबंग ने उसके साथ हाथापाई की और जबरदस्ती मल खाने को मजबूर किया. उसने पीड़िता के चेहरे पर भी मल को मलने का दुस्साहस किया. पीड़िता ने बंगोमुंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि आरोपी मौके से फरार है और उसकी तलाश की जा रही है. कांटाबांजी एसडीपीओ गौरांग चरण साहू ने कहा कि एक आदिवासी युवती ने शिकायत दर्ज कराई है. जिसमें उसके साथ गाली-गलौज की गई और उसे जबरदस्ती मानव मल खिलाया गया. हम आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं. घटना से नाराज स्थानीय निवासियों ने इलाके में नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किए. आदिवासी संगठन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घटना को चार दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है.

### टाटा प्ले बिंज ने पुरुष प्रधान फिल्मों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

**मुंबई एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस विश्व में 19 नवंबर को मनाया जाता है, जहाँ टाटा प्ले बिंज ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष प्रधान फिल्में विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से प्रदर्शित की, जिन्हें एक ही टाटा प्ले बिंज ऐप पे देखा जा सकता है, एक ही सब्सक्रिप्शन के साथ ये सारे ओटीटी ऐप देखने के लिए टाटा प्ले बिंज की सदस्यता लें और एक ही सदस्यता में 30 से ज्यादा राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय ओटीटी ऐप्स एवं गेम्स का आनंद लें। 249/- रुपए मासिक में टाटा प्ले डीटीएच की सदस्यता लेकर 30+ ऐप्स में से अमेज़न प्राइम सहित कोई भी 6 ऐप्स देखे जा सकते हैं। टाटा प्ले डीटीएच के सदस्य डीटीएच चैनलों के साथ मिश्रित पैक में नेटफ्लिक्स की सदस्यता ले सकते हैं। दर्शक एलजी, सैमसंग और एंड्रॉयड स्मार्ट टीवी, टाटा प्ले बिंज + एंड्रॉयड सेट टॉप बॉक्स, अमेज़न फायरटीवी स्टिक के टाटा प्ले संस्करण द्वारा बड़ी स्क्रीन पर ये सभी ऐप्स देख सकते हैं। है ना अच्छी बात यह अद्भुत है। 30 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स देखने के लिए टाटा प्ले बिंज ऐप डाउनलोड करें, जिनमें डिज़्नी+ हॉटस्टार, एप्पल टीवी+, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिस्कवरी+, डिस्ट्रोटीवी, ज़ी5, सोनीलिव, फ़्यूज़+, फैनकोड, हॉलमार्क, एमएक्स प्लेयर, लॉयंसगेट प्ले, अहा, व्रॉट, पीटीसी प्ले, एनिमैक्स, सन नैक्स्ट, रीलड्रामा, स्टेज, चौपाल, नम्मा फ्लिक्स, प्लैनेट मराठी, मनोरमामैक्स, आईस्ट्रीम, तरंग प्लस, हंगामा प्ले, शेमारूमी, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, एपिक ऑन, ट्रैवलएक्सपी, डॉक्यूबे, शॉर्ट्सटीवी, प्लेफ्लिक्स, क्लिक और गेम्स शामिल हैं।

### ग्रेटर नोएडा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शातिर बदमाश घायल

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश को पुलिस की गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 20 नवंबर को थाना बिसरख पुलिस एटीएस चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी पर्थला की तरफ से एक एलएलपी मोटरसाइकिल एफजेड-5 पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर वह पुलिस टीम को देखकर यू टर्न लेकर तेजी से हिंडन पुस्ता की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया गया। भागने के क्रम में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा और एक जिन्दा कारतूस .315 बोर और पांच हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं।

# भारत के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना मोदी सरकार की प्राथमिकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले भारत देश में जहाँ संपूर्ण देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नित नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। वहीं विकास की डगर पर चलते भारत देश में अनेकों चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए भारत देश को वाह्य एवं आंतरिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए गृह मंत्री अमित शाह तीन नए क़ानून लेकर आए हैं। जिसके आने के बाद से जहाँ 150 वर्ष पहले अंग्रेजों के बनाए क़ानून खत्म हो गए। वहीं आजादी के इतने दशकों बाद भारत की आंतरिक सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली में बहुत क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। क्योंकि अंग्रेजों के बनाए उन कानूनों में भारत और यहाँ के नागरिकों को केंद्र में रखकर क़ानून तैयार नहीं किए गए थे। बल्कि अंग्रेजों ने उन्हें अपनी हुकूमत को चलाने के लिए और देश में राज करने के लिए कानून तैयार किए थे।

जबकि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लाए गए इन तीन नए कानूनों में जहाँ नवीनतम तकनीक को समाहित किया




है। वहीं आने वाले समय में तकनीक और बदलाव से क़ानून को बदलना नहीं पड़ेगा। क्योंकि इन कानूनों का निर्माण दुनिया में सबसे आधुनिक, वैज्ञानिक तौर पर किया गया है। इन नए कानूनों के ज़रिए जहाँ स्न.द्ब.क्र लिखने से लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला जाने और फैसले में सिर्फ 3 साल के भीतर न्याय मिलेगा। वहीं क्रिमिनल को भी 3 साल के भीतर सजा दी जाएगी। इतना ही नहीं इन नए आपराधिक कानूनों को आधुनिक बनाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग, फ़ॉरेंसिंक विज्ञान की मदद, आपदा प्रबंधन, ब्लॉक चेन तकनीक का उपयोग, साइबर धोखाधड़ी इन सभी चुनौतियों से निपटने के लिए विकल्प तैयार किए गये हैं।

इसी कड़ी में देश की सुरक्षा प्रणाली को मज़बूत करने के लिए जहाँ नए आपराधिक कानूनों पर अमल की दिशा में सबसे पहले कम्प्यूटराइजेशन को पूरा किया गया है। साथ ही देश के 100 प्रतिशत पुलिस स्टेशनों को कंप्यूटराइज्ड कर क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स के साथ जोड़ने का काम पूरा हो चुका है, 22000 अदालतों को ई- कोर्ट के साथ जोड़ा जा चुका है और ई-प्रिजन के तहत दो करोड़ से ज्यादा कैदियों का डाटा उपलब्ध है। ई- प्रॉसीक्यूशन से डेढ़ करोड़ से ज्यादा अभियोजन का डाटा उपलब्ध है और ई-फॉरेंसिक के माध्यम से 23 लाख से अधिक फॉरेंसिक रिज़ल्ट्स का डाटा भी उपलब्ध है। इंडीग्रेटेड मॉनीटरिंग ऑफ टेररिज़्म के अंतर्गत रजिस्टर्ड मामलों की मॉनीटरिंग के लिए 22000 आतंकवादी मामलों का डाटा भी उपलब्ध है। इसे और बेहतर एवं सुगम बनाने के लिए जहाँ इन आंकड़ों को और बेहतर किया जाएगा। साथ ही.द्ब की मदद से भी अलग-अलग डेटा को सम्मलित कर उपयोग योग्य बनाने की दिशा में प्रयास होगा।

## वोट प्रतिशत जब भी बढ़ता है तो भाजपा को ही इसका लाभ मिलता है: देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शुरुआती घंटों में लग रहा था कि मतदान धीमा है, लेकिन शाम को आंकड़ा आया तो सारे रिकॉर्ड ही टूट गए। महाराष्ट्र में बीते तीन दशकों में पहली बार 65 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। वहीं गढ़चिरौली और कोल्हापुर जैसे जिलों में मतदान का आंकड़ा 75 फीसदी तक पहुंच गया। अब बढ़े हुए वोटिंग प्रतिशत को लेकर राजनीतिक पंडितों के अपने कयास हैं, लेकिन डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस उत्साहित हैं। उनका कहना है कि भाजपा और महायुति को इस बार फिर से जनता का आशीर्वाद मिलेगा। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मतदान ग्रामीण जिलों में हुआ है, जबकि मुंबई क्षेत्र में तो 52 फीसदी वोटिंग ही हुई।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वोट प्रतिशत जब भी बढ़ता है तो भाजपा को ही इसका लाभ मिलता है। साफ है कि भाजपा और महायुति को इस बार भी फायदा मिलने वाला है। वहीं मतदान के बाद वह बुधवार की शाम को आरएसएस मुख्यालय गए और वहां संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात भी की। सूत्रों का कहना है कि इस मीटिंग के दौरान मोहन भागवत के अलावा सीनियर लीडर भैयाजी जोशी भी मौजूद थे। वह करीब 20 मिनट तक संघ मुख्यालय में रहे और फिर निकल गए। भाजपा नेता या अन्य किसी सूत्र ने इस मुलाकात को लेकर कुछ कहा नहीं है। लेकिन यह चर्चा तेज हो गई है कि शायद सीएम पद के लिए फडणवीस को आरएसएस का समर्थन मिल गया है। दरअसल चुनाव के बीच में ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि वह सीएम पद की रेस में नहीं हैं। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि यदि महायुति को बहुमत मिला तो इस बार मौका देवेंद्र फडणवीस को मिल सकता है। हालांकि अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इसका कारण यह है कि भाजपा का हाईकमान ही तय करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक जो 8 सर्वे आए हैं, उनमें से 5 में भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बताया गया है। वहीं 3 सर्वे ऐसे भी हैं, जो मानते हैं कि महाविकास अघाड़ी को सत्ता मिल सकती है। कुल मिलाकर देखें तो टाइट फाइट की तस्वीर ही एग्जिट पोल्स से उभरती दिख रही है।

## चंडीगढ़ पर हक चाहिए तो 107 गांव वापस दो

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा में राजधानी चंडीगढ़ पर नियंत्रण का सवाल उठा है। नया विधानसभा परिसर चंडीगढ़ में बनाने के फैसले का पंजाब सरकार ने विरोध किया है और इसे लेकर हरियाणा विधानसभा में भी चर्चा हुई है। मंगलवार को इस बारे में लंबा मंथन चला और सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी दलों को इस मामले में एकजुट होकर साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में नई विधानसभा बनने का विरोध करना गंभीर मामला है। इसमें आप सभी लोग दल से परे होकर साथ दें। वहीं इस पर बात करते हुए पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार को चंडीगढ़ पर दावा नहीं छोड़ना चाहिए।

भूपिंदर हुड्डा ने कहा, सरकार को चंडीगढ़ पर अपने अधिकार से पीछे नहीं हटना चाहिए। विधानसभा वहीं बननी चाहिए, जहां जमीन का आवंटन हुआ है। उसे दूर नहीं ले जाना चाहिए। इसके अलावा पंजाब के साथ पानी के बंटवारे और हिंदी भाषी गांवों पर अधिकार के मसले को भी जोरदारी से रखना चाहिए।

उनके अलावा कांग्रेस के सीनियर लीडर अशोक अरोड़ा ने भी कहा कि चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी बराबर अधिकार है। अरोड़ा ने कहा, चंडीगढ़ दोनों राज्यों की साझा राजधानी है। यह तब रहेगी,



जब तक पंजाब हमें अबोहर और फाजिल्का के 107 हिंदी भाषी गांव नहीं दे देता। उन्होंने हमारे पानी के हिस्से को भी नियंत्रण में रखा है। अरोड़ा ने कहा कि सतलुज-यमुना लिंक नहर के माध्यम से ऐसा हो रहा है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेता अकसर गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने नए विधानसभा परिसर के बदले में पंजाब को किसी तरह के धन या फिर जमीन नहीं देनी चाहिए। इस बहस पर विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण ने कहा कि इस पर सभी दलों को मंथन करना चाहिए। जब तक सर्वदलीय मीटिंग में इस पर चर्चा नहीं होती, तब तक असेंबली में भी इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकती।

सीएम सैनी ने कहा कि पंजाब के नेताओं ने तो सतलुज-यमुना लिंक नहर के मसले का भी राजनीतिकरण किया है। ऐसा तब हुआ है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के किसानों के हित में फैसला सुनाते हुए कहा है कि उनका भी जल पर अधिकार है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी किनारे लगाने का मामला देश में पहली बार दिखता है। अब तो वे लोग चंडीगढ़ में हमारी नई विधानसभा बनने का भी विरोध कर रहे हैं। हमारे यहां 2026 में परिसीमन होना है और उससे पहले हम नई विधानसभा बना रहे हैं ताकि ज्यादा संख्या में विधायकों के बैठने की व्यवस्था बन सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा में एकमत से जो फैसला होगा, उस पर हम आगे बढ़ेंगे।

## खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आत्मघाती हमलावर विस्फोटकों से लदे वाहन मलिकेल क्षेत्र में एक संयुक्त चौकी में घुस गया. इससे वहां धमाका हो गया. घटना में कम से कम 12 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे जाने की खबर है. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, आतंकवादियों ने मंगलवार देर रात बन्नू जिले के मालीखेल क्षेत्र में एक संयुक्त चौकी पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन सैनिकों ने चौकी में घुसने के उनके प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया.

**12 सैनिकों की मौत:** आईएसपीआर के बयान के हवाले से पीटीआई ने कहा, आत्मघाती विस्फोट के कारण दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा, जिसके चलते सुरक्षा बलों के 10 सैनिकों और



फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के दो सैनिकों सहित 12 सैनिकों की मौत हो गई.

**हाफिज गुल बहादुर समूह ने ली जिम्मेदारी:** पाकिस्तानी सेना ने कहा कि गोलीबारी में छह आतंकवादी भी मारे गए हैं. पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एपी की रिपोर्ट के अनुसार हाफिज गुल बहादुर समूह के नाम से मशहूर पाकिस्तानी तालिबान के एक अलग गुट ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

बयान में कहा गया है, इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और इस जघन्य कृत्य के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा. गौरतलब है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतो सहित पाकिस्तान में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में वृद्धि हुई है.

**क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर हुआ था धमाका:** इससे पहले महीने की शुरुआत में 9 नवंबर को क्वेटा में एक रेलवे स्टेशन पर हुए विस्फोट में 14 पाकिस्तानी सेना के जवानों सहित 25 लोग मारे गए थे. यह विस्फोट उस समय हुआ था, जब यात्री बलूचिस्तान की राजधानी में मुख्य रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म पर इंतजार कर रहे थे. सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज ने कहा है कि 2024 की तीसरी तिमाही में पाकिस्तान में हिंसा में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी. इस बीच पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादियों के खिलाफ एक नए सैन्य अभियान की घोषणा की, जो खैबर पख्तूनख्वा की सीमा पर है और प्रमुख चीनी बेल्ट एंड रोड परियोजनाएं चल रही है।

## माली के प्रधानमंत्री मैगा को सैन्य शासन की आलोचना पड़ी भारी, जुंटा ने कर दिया बर्खास्त

**बमाको , एजेंसी।** माली के प्रधानमंत्री चोगुएल मैगा को देश के सैन्य शासन की निंदा करने के बाद बुधवार को बर्खास्त कर दिया गया। माली के सैन्य नेता कर्नल असिमी गोइता ने इस संबंध में राष्ट्रपति का आदेश जारी किया। राष्ट्रपति के महासचिव ने सरकारी



टेलीविजन चैनल 'ओआरटीएम पर यह आदेश पढ़ा। वर्ष 2020 में सैन्य शासन 'जुंटा द्वारा सत्ता पर कब्जा किए जाने और उसके अगले वर्ष एक और तख्तापलट करने के बाद से माली पर सैन्य नेताओं का शासन है।

जून 2022 में 'जुंटा ने मार्च 2024 तक नागरिक शासन की बहाली का वादा किया था, लेकिन बाद में चुनाव स्थगित कर दिए। राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। मैगा को सेना ने दो साल के लिए नियुक्त किया था। उन्होंने शनिवार को अपने समर्थकों की एक रैली में उन्हें सूचित किए बिना चुनाव स्थगित करने का आरोप 'जुंटा पर लगाया था। मैगा के बयान के जवाब में 'जुंटा ने उनके खिलाफ प्रदर्शन आयोजित किए। अब तक नए प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

# सुंदर पिचाई ने ट्रंप को बधाई के लिए किया कॉल, बीच में आ गए एलन मस्क

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मशहूर बिजनेसमैन एलन मस्क की दोस्ती के किस्से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने ट्रंप को बधाई देने के लिए कॉल किया। हालांकि, इस कॉल में एक अनोखा मोड़ आया जब एलन मस्क भी इसमें शामिल हो गए। पिचाई ने इस कॉल के जरिए न केवल ट्रंप को बधाई दी बल्कि ट्रंप और मस्क की साझेदारी को भी समझने का मौका दिया। यह कॉल मस्क और ट्रंप के प्रशासनिक एजेंडे की ओर इशारा करता है, जहां सरकारी कामकाज को आधुनिक और कुशल बनाने पर जोर दिया जाएगा। सुंदर पिचाई द्वारा ट्रंप को किया गया यह कॉल एलन मस्क की मौजूदगी के कारण खास बन गया।

यह घटना न केवल ट्रंप और मस्क की दोस्ती बल्कि ट्रंप प्रशासन में मस्क की बढ़ती भूमिका को भी उजागर करती है। अब देखना यह है कि मस्क और रामास्वामी की टीम ट्रंप के सेव अमेरिका अभियान को कितना सफल बना पाती है।एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को उनके दूसरे राष्ट्रपति चुनाव में खुलकर समर्थन दिया। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने ट्रंप समर्थक एक समूह को कम से कम .119 मिलियन का दान दिया, जो उनके व्यवसायों को सरकारी नियमन और नीति समर्थन से बचाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा था। उनके व्यवसाय, जैसे टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारें, न्यूरालिंक के ब्रेन चिप्स और स्पेसएक्स के रॉकेट, सभी सरकारी नीतियों और सब्सिडी पर निर्भर करते हैं।



मस्क ने 13 जुलाई को ट्रंप का समर्थन किया, उसी दिन जब पेन्सिलवेनिया में एक असफल हत्या प्रयास में ट्रंप घायल हुए थे। मस्क ने ट्रंप के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में कई बार भाषण दिए और चुनाव की रात उनके मार-ए-लागो क्लब में उनके साथ समय भी बिताया। सुंदर पिचाई ने डोनाल्ड ट्रंप को हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत के लिए फोन किया। इस कॉल के दौरान एलन मस्क भी मौजूद थे। मस्क हाल के दिनों में ट्रंप के साथ लगातार सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में उनकी मौजूदगी इस कॉल को और भी खास बना गई। एलन मस्क को ट्रंप की नई सरकार में एक अहम जिम्मेदारी दी गई है, जिसके तहत वह अमेरिकी सरकारी संस्थानों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने में मदद करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को अपने प्रशासन में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (सरकारी दक्षता विभाग) का प्रमुख नियुक्त किया है। जिसमें उनका काम सरकारी खर्चों में कटौती, फेडरल एजेंसियों को पुनर्गठित करनाऔर अनावश्यक नियम-कायदों को खत्म करना आदि शामिल है। मस्क इस विभाग को भारतीय-अमेरिकी कारोबारी विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर संभालेंगे। एलन मस्क और विवेक रामास्वामी मिलकर सरकारी ढांचे को सरल और प्रभावी बनाएंगे। यह कदम सेव अमेरिका अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमेरिकी चुनाव के दौरान मस्क ने गूगल पर आरोप लगाया था कि डोनाल्ड ट्रंप को सर्च करने पर कमला हैरिस से जुड़ी खबरें दिखाई जा रही थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129